दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ▶
3 | राजधानी — बच्चों को मिले ऐसा वातावरण, जिनसे...
4 | अभिव्यक्ति — महाराष्ट्र में जनादेश का अनादर करते...
9 | मनोरंजन/व्यापार — 'भूल भुलैया 2' में कार्तिक और कियारा...
11 | खेल — टेस्ट क्रिकेट में वर्ल्ड क्लास बॉलरों की...

www.navpradesh.com
बिलासपुर, शुक्रवार 15 नवम्बर, 2019, मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-तृतीया, विक्रम संवत-2075 वर्ष-05 अंक-213 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कश्मीर में आतंकवादियों की घुसपैठ कराने का एक सूत्रीय कार्यक्रम चला रहा डरपोकिस्तान भारतीय सेना के पराक्रम को देखकर दहशत में आ गया है। कश्मीर के पूंछ सेक्टर में आतंकियों की घुसपैठ कराने के लिए आर्तकिस्तानी सेना ने गोलाबारी की। जवाब में भारतीय सेना ने ऐसा करारा जवाब दिया कि पाक के तीन लांचिंग पैड तबाह हो गए और तीन आतंकिस्तानी सैनिक जहन्नुम रसीद कर दिए गए। भारतीय सेना का रौद्र रूप देख कर आतंकवादी दुम दबाकर भाग खड़े हुए। याद रखे दहशतगर्दीस्तान की यह नया हिन्दुस्तान है। जो भी सरहद पर हद लांघने की जुर्रत करेगा वह बेमौत मरेगा।

राफेल पर सरकार को क्लीन चिट

सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की पुनर्विचार याचिका

जब सुप्रीम कोर्ट से हार गए तो कांग्रेस ने इसे चुनावी मुद्दा बनाया : रविशंकर प्रसाद

नई दिल्ली (वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने राफेल सौदा मामले में केंद्र सरकार को क्लीन चिट देने के उसके फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग कर रही याचिकाओं को खारिज कर दिया। पुनर्विचार याचिका को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमें नहीं लगता कि राफेल विमान सौदा मामले में प्राथमिकी दर्ज करने या बेवजह जांच का आदेश देने की जरूरत है।

इससे पहले शीर्ष अदालत ने कहा कि 14 दिसंबर को राफेल विमान की खरीद से जुड़ी सभी याचिकाओं को खारिज करने संबंधी करने के फैसले पर दायर सभी पुनर्विचार याचिकाओं पर गुण-दोष के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

पुनर्विचार याचिकाओं की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने अपने हलफनामे में कहा था कि सुप्रीम कोर्ट के 14 दिसंबर, 2018 के 36 राफेल जेट सौदे को कायम रखने का निर्णय सही था। हलफनामे में कहा गया था कि इंटरनल फाइलों की नोटिंग को जानबूझकर अपने आधार पर रिव्यू नहीं किया जा सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, याचिकाओं में दम नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को राफेल डील पर पुनर्विचार याचिकाएं खारिज करते हुए कहा कि इनमें कोई दम नहीं है। चीफजस्टिस रंजन गोगोई, जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस केएम जोसफकी पीठ ने इन याचिकाओं को खारिज करते हुए लड़ाकू विमानों के लिए फ्रांस की फर्म दसॉ के साथ हुए समझौते में मोदी सरकार को क्लीन चिट देने का निर्णय दोहराया।

राष्ट्रीय सुरक्षा पर राजनीति न हो



राजनाथ ने लिखा कि राफेल जेट की खरीद पूरी तरह से पारदर्शी तरीके से हुई और इस दौरान भारत की रक्षा जरूरतों को मजबूत करने और अपडेट करने की अति-आवश्यकता को भी ध्यान में रखा गया। उन्होंने कहा कि रक्षा तैयारियों और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों पर कभी भी राजनीति नहीं होनी चाहिए।



'चौकीदार चोर है' बयान पर राहुल को नसीहत

राफेल डील की जांच की मांग वाली रिव्यू पिटिशन खारिज करने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने 'चौकीदार चोर है' वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर उन्हें नसीहत दी है। कोर्ट ने राहुल गांधी की माफी को स्वीकार करते हुए अवमानना याचिका तो खारिज कर दी, पर यह भी कहा कि वह भविष्य में ऐसी बयानबाजी से बचें। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और जाने-माने वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने न्यायालय का आभार जताया। उन्होंने कहा कि कई बार हमारी जुबान से ऐसे शब्द फिसल जाते हैं, लेकिन उद्देश्य अवमानना का नहीं होता। बीजेपी सांसद मीनाक्षी लेखी ने राहुल गांधी के 'चौकीदार चोर है' बयान को सुप्रीम कोर्ट से जोड़ने पर अवमानना याचिका दाखिल की थी।

आगे संभलकर बोलें राहुल गांधी : सुप्रीम कोर्ट

चीफजस्टिस रंजन गोगोई, जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस केएम जोसेफकी पीठ ने राहुल गांधी के खिलाफअवमानना कार्यवाही के लिए लंबित इस मामले पर 10 मई को सुनवाई पूरी की थी। आज गुरुवार को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'मिस्टर राहुल गांधी को भविष्य में संभलकर बोलने की जरूरत है।' सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को नसीहत दी कि भविष्य में कोर्ट से जुड़े किसी भी मामले में किसी भी प्रकार का राजनीतिक भाषण देने में सतर्कता बरतें।

खास खबर

कर्नाटक, यूपी से रास की सीटों पर उपचुनाव 12 दिसम्बर को

नयी दिल्ली (वार्ता)। कर्नाटक और उत्तरप्रदेश से राज्य सभा की दो सीट के लिए उपचुनाव 12 दिसम्बर को होगा। चुनाव आयोग के अनुसार कर्नाटक के राज्यसभा सदस्य के सी राममूर्ति और उत्तरप्रदेश से राज्यसभा सदस्य डॉ तंजीम फातिमा के इस्तीफे से ये सीटें खाली हुई थी। श्री राममूर्ति ने 16 अक्टूबर को इस्तीफा दिया था। इनका कार्यकाल 30 जून 2022 तक था जबकि डॉ फातिमा ने तीन नवम्बर को इस्तीफा दिया था, उनका कार्यकाल 25 नवम्बर 2020 तक था।

अनुच्छेद 370 : अंतिम सुनवाई 10 दिसंबर से

नयी दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को निष्प्रभावी किए जाने को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं की अंतिम सुनवाई के लिए 10 दिसंबर की तारीख तय की है। न्यायमूर्ति एन वी रमन की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने दायर याचिकाओं की अंतिम सुनवाई के लिए 10 दिसंबर की तारीख मुकर्रर की।

जीएसटी वार्षिक रिटर्न भरने की अवधि बढ़ी

नयी दिल्ली (वार्ता)। सरकार ने जीएसटी के लिए वर्ष 2017-18 और वर्ष 2018-19 के वार्षिक रिटर्न तथा समाधान विवरण भरने की अंतिम तिथि में बढोतरी की गयी। केन्द्रीय अप्रत्यक्ष एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने कहा कि वर्ष 2017-18 के लिए जीएसटीआर 9 एवं जीएसटीआर 9 सी भरने की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2019 है जिसे बढ़ाकर अब 31 दिसंबर 2019 कर दिया गया है। वर्ष 2018-19 के लिए इन दोनों फार्म को भरने की अंतिम तिथि को 31 दिसंबर से बढ़ाकर 31 मार्च 2020 कर दिया गया है।

माफी मांगें सवाल उठाने वाले : अमित शाह

राफेल डील मामले पर पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को सुप्रीम कोर्ट से क्लीन चिट मिलने के बाद बीजेपी चीफअमित शाह ने कांग्रेस पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को माफी मांगनी चाहिए, जिन्होंने राष्ट्र हित से ऊपर अपनी निजी राजनीति को रखने का काम किया था। होम मिनिस्टर अमित शाह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला उन लोगों के लिए जोरदार जवाब है, जो आधारहीन और द्वेषपूर्ण प्रचार में जुटे थे। उन्होंने कहा कि इस फैसले ने एक बार फिर से नरेंद्र मोदी सरकार के पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त होने पर मुहर लगाई है।

राहुल गांधी देश से माफी मांगें

राफेल डील पर सुप्रीम कोर्ट से मोदी सरकार को दोबारा क्लीन चिट मिलने के बाद बीजेपी ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर दायर की गईं पुनर्विचार याचिकाएं खारिज होने को पार्टी ने सत्य की जीत बताया है। बीजेपी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि कांग्रेस के राफेल विरोध के पीछे सोची-समझी साजिश थी। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी को देश से माफी मांगनी चाहिए।

अब राहुल ने उठाई जेपीसी जांच की मांग

राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के ही एक पैराग्राफका जिक्र करते हुए यह बात कही है। राहुल गांधी ने ट्वीट कर राफेल डील की सुनवाई करने वाली बेंच में शामिल जस्टिस जोसेफ की टिप्पणी का हवाला देते हुए कहा कि शीर्ष अदालत ने जांच के दरवाजे खोले हैं। कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर जश्न मना रही है, लेकिन यह सेलिब्रेशन नहीं बल्कि इन्वेस्टिगेशन का समय है।

सबरीमाला : पिछला फैसला बरकरार रहेगा

नई दिल्ली (वार्ता)। सबरीमाला मंदिर में सभी आयु वर्ग की महिलाओं को प्रवेश देने का मामला लटक गया है। सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की बेंच ने अपने फैसले पर पुनर्विचार याचिकाओं को गुरुवार को बड़ी बेंच को भेज दिया। 3 जजों ने बहुमत से मामले को 7 जजों की संविधान पीठ को रेफर किया है जबकि 2 जजों- जस्टिस नरीमन और जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने इसके खिलाफअपना निर्णय दिया। सुप्रीम कोर्ट ने सबरीमाला मंदिर ही नहीं, मस्जिदों में महिलाओं के प्रवेश तथा दाऊदी बोहरा समाज में स्त्रियों के खतना सहित विभिन्न धार्मिक मुद्दे ■ शेष पृष्ठ 8 पर

3 :2 के बहुमत से लिया गया फैसला, जस्टिस नरीमन, चंद्रचूड़ खिलाफ

सबरीमाला में महिलाओं के प्रवेश का मामला सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी बेंच को भेजा

महिलाओं का प्रवेश मंदिर तक ही सीमित नहीं

चीफजस्टिस गोगोई ने कहा कि याचिकाकर्ता इस बहस को पुनर्जीवित करना चाहता है कि धर्म का अभिन्न अंग क्या है? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पूजा स्थलों में महिलाओं का प्रवेश सिर्फमंदिर तक सीमित नहीं है। मस्जिदों में भी महिलाओं का प्रवेश शामिल है। अब 7 जजों की संविधान पीठ मामले की सुनवाई करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी साफकिया है कि महिलाओं के प्रवेश का पिछला फैसला फिलहाल बरकरार रहेगा। केरल सरकार को कहा गया है कि वह इसे लागू करने पर फैसला ले। इस मामले को महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के तौर पर देखा जा रहा है। पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने फैसला देते हुए 10 से 50 वर्ष की महिलाओं के प्रवेश पर पाबंदी को लिंग आधारित भेदभाव माना था।

'नेहरू अपने सिद्धांतों पर अडिग थे'

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर कहा कि श्री नेहरू अपने सिद्धांतों पर अडिग थे। वे हमेशा असहमति को सम्मान देते थे। उन्होंने कहा कि श्री नेहरू विकास के लिए हर क्षेत्र में काम किए है।

कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आज पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री श्री बघेल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, वहीं अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने की। व्याख्यान कार्यक्रम में लेखक पीयूष बबेले मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि भारत में अनेक विचारधारा के लोग हैं। इन ■ शेष पृष्ठ 8 पर

- कांग्रेस का चाचा नेहरू पर व्याख्यान कार्यक्रम में बोले सीएम भूपेश
- चंद लोग उनके कद को कम करना चाहते हैं
- नेहरु जयंती पर व्याख्यान में बीजेपी पर साधा तीर

अब मूडीज ने घटाई भारत की जीडीपी

चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर 5.6% किया

नई दिल्ली (वार्ता)। आर्थिक मोर्चे पर पहले से ही मुश्किलों में घिरी मोदी सरकार को गुरुवार को एक और झटका लगा है। मूडीज इनवेस्टर्स सर्विस ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 5.8 प्रतिशत से घटाकर 5.6 प्रतिशत कर दिया है। उसने कहा कि जीडीपी में नरमी अपेक्षा के विपरीत लंबी अवधि तक खींच गई है, जिसके कारण उसे अपने अनुमान को कम करना पड़ा है। क्रेडिट रेटिंग और शोध सेवा सेवा देने वाली कंपनी ने कहा, 'हमने भारत के लिए आर्थिक वृद्धि के अनुमान को घटा दिया है। हमारा अनुमान है कि 2019-20 में यह 5.6 प्रतिशत रहेगी जो 2018-19 में 7.4 प्रतिशत थी।

कसम खाता हूं, '50-50' पर हुई थी बात : राउत

मुंबई ए.। बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह के देवेंद्र फडणवीस के महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री होने की बात पर अब शिवसेना ने पलटवार किया है। शिवसेना के प्रवक्ता संजय राउत ने कसम खाकर कहा कि बीजेपी ने बाला साहेब ठाकरे के कमरे में '50-50' का वादा किया था लेकिन अब झूठ बोल रही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी और शिवसेना के बीच बाला साहेब के कमरे में बातचीत हुई थी। इस दौरान शाह भी मौजूद थे। हम झूठ नहीं बोलेंगे, बाला साहेब की कसम खाते हैं। राउत ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हम झूठ का सहारा लेकर कोई बात नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, 'बीजेपी ने बाला साहेब ठाकरे का अपमान किया है। बाला साहेब के कमरे ने बीजेपी ने वादा किया था। इस दौरान उद्धव और अमित शाह मौजूद थे। बाला साहेब का कमरा हमारे लिए मंदिर की तरह से है। हम झूठ नहीं बोल रहे। 50-50 का वादा बीजेपी ने वादा किया था ।

कर्नाटक विधानसभा उपचुनाव

भाजपा ने 13 'बागियों' को दिया टिकट

बेंगलुरु ए.। भारतीय जनता पार्टी ने कर्नाटक उपचुनाव के लिए अपने 13 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में जिन प्रमुख नामों को जगह मिली है उसमें के. सुधाकर, बीसी पाटिल, शिवराम हेब्बर, आनंद सिंह, एसटी सोमशेखर सहित कई नेता शामिल हैं। ये सभी उम्मीदवार कांग्रेस और जेडीएस के बागी विधायक थे और आज ही ये विधायक बीजेपी में शामिल हुए। इससे पहले कर्नाटक के कांग्रेस और जेडीएस के 15 बागी विधायक गुरुवार को बीजेपी में शामिल हो गए थे। राज्य में 5 दिसंबर को विधानसभा उपचुनाव होने हैं।

बहरहाल, शिवाजीनगर से कांग्रेस के अयोग्य ठहराए विधायक आर रोशन बेग गुरुवार को बीजेपी में शामिल नहीं हुए। बीजेपी सूत्रों ने बेग को लेकर पार्टी नेतृत्व द्वारा 'आपत्तियां' जताए जाने का हवाला दिया। बेग के खिलाफ आईएमए पोंजी घोटाला मामले में जांच चल रही है। दिलचस्प यह है कि 7 बार विधायक रहे बेग ने बुधवार को दावा किया था कि वह अन्य विधायकों के साथ बीजेपी में शामिल होंगे।

गरमा-गरम

मुस्तैदी — सीएस मंडल की सख्त हिदायत, कलेक्टरों को ताकीद धान खरीद का बाहरी न ले सकें लाभ

सुबह 6 बजे बिस्तर छोड़ सड़कों-गलियों में दिखे कमिश्नर

मुख्य सचीव आरपी मंडल अब अपने सख्त प्रशासनिक लहजे में आ गए हैं। इसका अंदाजा उनके दो सख्त लहजे में मातहतों को दी नसीहतों से लगाया जा सकता है। पहली हिदायत चंद रोज पहले ही दी गई है। जिसमें उन्हों ने सफाई को लेकर सभी जिलों में निगम कमिश्नरों और कलेक्टरों को दिए।

- वक्त से 5 मिनट पहले ही पहुंच गए थे बैठक में मुख्य सचिव आरपी मंडल

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। सीएस मंडल ने सफाई के लिए निगम कमिश्नरों को सुबह 6 बजे बिस्तर छोड़कर शहरों की गलियों, सड़कों में जाकर कार्य निर्देश पर काम करने को कहा था। इतना ही नहीं उन्हों ने यह भी कमिश्नरों को साफ कर दिया था कि सिर्फ सुबह मॉर्निंग वॉक कर जमीनी तौर पर कार्य ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सीएम की प्राथमिकता वाली योजनाओं पर फोकस

बैठक में चीफ सेक्रेटरी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की प्राथमिकता वाली योजनाओं पर ज्यादा फोकस किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि बिना किसी कोताही के सरकार की जनहित और प्राथमिकता ■ शेष पृष्ठ 8 पर

निर्देश का ऐसा असर

रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और रायगढ़ कमिश्नर सुबह 5 बजें उठकर 6 बजे अपने शहर की सड़कों और गलियों में सफाई कर्मियों को निर्देशित करती तस्वीर खिंचवाकर निगम कमिश्नरों के वाट्सएप ग्रप में फोटो शेयर किये। बता दें इस ग्रुप में सीएस मंडल भी हैं। लोगों से ली फीडबैक और सड़क, नाली, बिजली खंबों और पानी समेत सफाई पर फीडबैक लेकर सभी कमिश्नर ग्रुप में शेयर कर रहे हैं।

■ शेष पृष्ठ 8 पर

सरकार के लिए संसद सत्र चलाना टेढ़ी खीर होगा

नयी दिल्ली (वार्ता)। अर्थव्यवस्था में मंदी, महाराष्ट्र के घटनाक्रम और जम्मू-कश्मीर के विशेष राज्य के दर्जे को खत्म करने तथा किसानों के मुद्दे पर विपक्षी दलों के कड़े तेवरों को देखते हुए आगामी शीतकालीन सत्र के हंगामेदार होने की संभावना है और इसे सुचारू ढंग से चलाना सरकार के लिए टेढी खीर होगा। शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू होगा और 13 दिसम्बर तक चलेगा। मोदी सरकार के दोबारा सत्ता में आने के बाद यह संसद का दूसरा सत्र होगा। जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा समाप्त किये जाने और इसका दो केन्द्र शासित प्रदेशों में विभाजन किये जाने के बाद भी संसद का सत्र पहली बार बुलाया गया है। सरकार ने इससे संबंधित विधेयक सत्र के अंतिम दिनों में पारित कराये थे और विपक्ष विरोध के बावजूद इस मुद्दे पर सरकार को घेरने में विफल रहा था। इस बार वह इस मुद्दे को सत्र के दौरान जोर-शोर से उठाने की पूरी कोशिश करेगा।

'चमत्कारी' महुआ पेड़ के चलते हुई हिंसा, 12 पुलिसकर्मी घायल, 5 की हालत नाजुक

- मध्य प्रदेश के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व स्थित महुआ पेड़ को देखने जुटने वाले लोगों ने पुलिस पर हमला बोल दिया
- ग्रामीणों के हमले में एक दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी घायल हो गए। इनमें से 5 की हालत नाजुक बताई जा रही है

भोपाल (ए.)। मध्य प्रदेश के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व स्थित महुआ पेड़ को देखने जुटे लोगों ने पुलिस पर हमला बोल दिया। ग्रामीणों के हमले में एक दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी घायल हो गए। इनमें से 5 की हालत नाजुक बताई जा रही है। दरअसल महुआ पेड़ को चमत्कारी बताकर पिछले दो महीने से लोग यहां आ रहे हैं। इस संवेदनशील इलाके में भीड़ के जुटने पर पुलिस रोक लगा रही थी जिसके चलते ग्रामीण उग्र हो गए और पुलिस पर ही हमला कर दिया।

पुलिस प्रशासन के लिए मुसीबत बने लोग

आए दिन जुटती भीड़ और जंगल में पहुंचता धूपबत्ती का धुआं स्थानीय प्रशासन, पुलिस और वन अधिकारियों के लिए चुनौती बन गया है। ऐसे में लोगों के यहां आने पर प्रतिबंध लगाया गया। इसके विरोध में बुधवार को हजारों लोग यहां इकट्ठा हो गए जिससे पुलिस और लोगों में टकराव हो गया। अधिकारियों का मानना है कि चमत्कारी पेड़ की कहानी पैसे कमाने के लिए गांव के कुछ लोगों ने तैयार की है।

अडिशनल एसपी घनश्याम मालवीय ने बताया, 'स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों पर हमला किया। हमारी टीम वहां भीड़ को नियंत्रित करने गई थी।' उन्होंने बताया कि वह मामले को सुलझाने के लिए ग्रामीणों से बात कर रहे हैं। बता दें कि होशंगाबाद के नयागांव निवासी किसान रूप सिंह ठाकुर से अफवाह शुरू हुई थी कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व जोन में लगे महुआ पेड़ में जादुई शक्ति है।

रोज आते हैं हजारों

यह अफवाह फैलते ही यहां रोज लोगों की भीड़ जुटने लगी। तकरीबन 30 हजार लोग हर रोज यहां पेड़ को देखने के लिए आने लगे। दो महीने में यहां करोड़ों लोग पेड़ के दर्शन कर चुके हैं। सिर्फमध्य प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश से तकरीबन 10 लाख लोग इस टाइगर हैबिटेट में आ चुके हैं।

विरोध प्रदर्शन के बीच JNU में स्वामी विवेकानंद की मूर्ति से तोड़फोड़

नई दिल्ली। जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी (JNU) में चल रहे छात्रों प्रदर्शन के बीच तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। इसमें स्वामी विवेकानंद की एक मूर्ति को तोड़ दिया गया है। इसे किसने तोड़ा है यह फिलहाल साफनहीं है, लेकिन मूर्ति के आसपास बीजेपी के लिए अपशब्द लिखे हुए हैं। बता दें कि इस मूर्ति का अभी अनावरण नहीं हुआ है। बता दें कि जेएनयू में फिलहाल बड़ी फीस के खिलाफप्रदर्शन चल रहा है। छात्र विभिन्न चार्ज और नियमों में बदलाव के खिलाफप्रदर्शन कर रहे हैं। बता दें कि बुधवार शाम को फीस में वृद्धि आंशिक रूप से वापस ले ली गई और जेएनयू प्रशासन ने कहा कि छात्रावास नियमावली से ड्रेस कोड और आने-जाने के समय से जुड़े उपबंध भी हटा दिए गए हैं। बावजूद इसके छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं।

वीसी ऑफिस की दीवारें रंग दीं: जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) के छात्र यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफअपना गुस्सा कुछ अलग अंदाज में जाहिर कर रहे हैं। इसमें छात्रों द्वारा बुधवार को प्रशासनिक ब्लॉक की दीवारों को रंग दिया गया। इसमें वीसी एम जगदीश कुमार के ऑफिस को भी नहीं छोड़ा गया। ब्लॉक के तीनों फ्लोर की लगभग सभी दीवारों पर तरह-तरह के नारे लिखे हुए दिखे।

जब नेताजी को 'जनता' ने दिया धोखा!

मुंबई। कौन बनेगा करोड़पति में गुरुवार को एक नेताजी आए थे। नेताजी ने बहुत अच्छा गेम खेला। लेकिन, अपने ही फील्ड से पूछे गए एक सवाल कका वह जवाब नहीं दे पाए

कौन बनेगा करोड़पति शो घर-घर छाया हुआ है। टीआरपी चार्ट पर भी अच्छा प्रदर्शन कर कहा है। मेगास्टार अमिताभ बच्चन के इस शो में अजब-गजब घटनाएं भी होती हैं। गुरुवार को कुछ ऐसा ही हुआ।

गुरुवार को हॉट सीट पर एक नेताजी आए थे। हुआ कुछ ऐसा कि नेताजी को जनता (ऑडियंस पोल) ने ही धोखा दे दिया। बेहतरीन गेम खेल रहे नेताजी को सिर्फ 10 हाजर रुपये पर संतुष्ट होना पड़ा। गुरुवार को अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर थे लखनऊ के नेताजी सरबजीत सिंह मक्कड़। वह अच्छा खेल रहे थे। उनसे उन्हीं के फील्ड से जुड़ा एक सवाल पूछा गया और सरबजीत सिंह गलत जवाब दे गए। सवाल था कि इनमें से कौन से मुख्यमंत्री दून स्कूल देहरादून के पूर्व छात्र नहीं हैं इसके ऑप्शन थे, कमलनाथ, नवीन पटनायक, वाईएस जगनमोहन रेड्डी और अमरिंदर सिंह। इस सवाल का सही उत्तर था अमरिंदर सिंह। सरबजीत को इस सवाल का जवाब पता नहीं था। सरबजीत ने लाइफलाइन 50-50 ली। दो ऑप्शन बच गए। जगनमोहन रेड्डी और अमरिंदर सिंह। फिर भी सरबजीत समझ नहीं पाए।

सत्ता के लिए शिवसेना ने बदला 'मातोश्री' एजेंडा

पहली बार सत्ता के लिए शिवसेना ने एजेंडा के साथ-साथ बदला अपना स्टाइल, ठाकरे परिवार से आदित्य ठाकरे के रूप में पहले उम्मीदवार ने कोई चुनाव लड़ा

- शिवसेना चीफ उद्धव ठाकरे खुद 'मातोश्री' से बाहर आकर नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं
- इससे पहले शिवसेना से किसी भी तरह की चर्चा के लिए नेताओं को मातोश्री आना होता था

मुंबई(वार्ता)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में शिवसेना के लिए बहुत कुछ बदल गया। पार्टी ने चुनाव के बाद ना सिर्फ अपना अजेंडा बदला बल्कि उसने अब अपना काम करने का तरीका भी बदल दिया है। पहली बार ठाकरे परिवार से कोई चुनाव में उतरा। अब शिवसेना कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के साथ मिलकर सरकार बनाने के प्रयास भी कर रही है।

अब वे दिन भी चले गए जब लालकृष्ण आडवाणी, शरद पवार, सुषमा स्वराज, अरुण जेटली, प्रमोद महाजन, विलासराव देशमुख और रजनीकांत जैसी शख्सियतें 'मातोश्री' जाकर बाला साहब ठाकरे से मुलाकात किया करती थीं। उस जमाने में 'मातोश्री' राजनीति का पावर सेंटर हुआ करता था। 2012 के राष्ट्रपति चुनाव में प्रणव मुखर्जी ने भी शरद पवार के साथ 'मातोश्री' जाकर खुद के लिए समर्थन मांगा था।

पिछले हफ्ते बीजेपी और एनडीए से रिश्ते तोड़ने के बाद परिस्थितियां बदलती नजर आ रही हैं। शिवसैनिक को मुख्यमंत्री बनाने के प्रयासों में लगी शिवसेना अपने धुर विरोधियों कांग्रेस और एनसीपी से बातचीत कर रही है। सीएम की कुर्सी की खातिर शिवसेना चीफ

उद्धव ठाकरे खुद मातोश्री से बाहर आए और उन्होंने होटेल में जाकर कांग्रेस नेताओं से मुलाकात की।

सोमवार को उद्धव ठाकरे ने ने बांद्रा के होटेल ताज लैंड्स में शरद पवार से मुलाकात करके इस नए गठबंधन की सरकार की संभावनाओं पर चर्चा की। शिवसेना की राजनीति के बारे में समझ रखने वाले कई लोगों का कहना है कि शिवसेना-बीजेपी गठबंधन में भी यह कभी नहीं हुआ करता था कि उद्धव 'मातोश्री' से बाहर जाकर किसी से मिलें।

यही नहीं शिवसेना के दूत अब दिल्ली जाकर भी अहमद पटेल या अमित शाह जैसे नेताओं से मुलाकात करने लगे हैं। शिवसेना के बारे में लिखने वाले एक पत्रकार ने बताया कि दादर (शिवसेना ऑफिस से) से दिल्ली तक ठाकरे अब बहुत आगे आ चुके हैं। बुधवार को भी उद्धव ठाकरे ने अहमद पटेल और अशोक चव्हाण सरीखे कांग्रेस के दिग्गज नेताओं से होटेल ट्राइडेंट में मुलाकात की। इसके अलावा नरीमन पॉइंट स्थित वाई बी चव्हाण सेंटर और शरद पवार का घर राजनीतिक हलचल का केंद्र बना हुआ है।

कांग्रेस के 44 विधायकों का समर्थन हासिल करने के लिए उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से भी फोन पर बातचीत की। बता दें कि लंबे समय तक खुद बाला साहब ठाकरे और शिवसेना के मुखपत्र 'सामना' ने सोनिया गांधी के इटली मूल के होने पर लगातार हमले किए हैं। इस सबके बारे में बीजेपी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, 'शिवसेना के जहाज ने कम से कम जमीन तो छू ही ली है। उसने यह तय किया है कि अगर सीएम के पद के लिए उसे एनसीपी-कांग्रेस के दरवाजे पर भी खड़ा होना पड़े तो वह जाएगी।' उन्होंने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान अमित शाह दो बार 'मातोश्री' गए थे। पवार साहब और अहमद पटेल को अगर शिवसेना का समर्थन भी चाहिए होगा तो वह कभी मातोश्री नहीं जाएंगे।

बीजेपी के वरिष्ठ नेता ने आगे कहा, 'पांच साल सरकार चलाने के दौरान संतुलन बनाए रखने के लिए देवेंद्र फड़णवीस ने उद्धव ठाकरे से लगातार मुलाकात की लेकिन ठाकरे परिवार को अब अपने नए सहयोगियों के साथ प्रोटोकॉल का ख्याल रखना होगा। अब उन्हें असली खेल समझ आएगा।'

अमेठी के डीएम प्रशांत शर्मा को हटाया गया

- ट्रेनी पीसीएस को कॉलर से घसीटने का विडियो हुआ था वायरल
- सोशल मीडिया पर जमकर हुई थी किरकिरी, स्मृति इरानी ने भी दी नसीहत

अमेठी(ए.)। अमेठी के डीएम प्रशांत शर्मा का गुरुवार को ट्रांसफर कर दिया गया। प्रशांत को प्रतीक्षारत करते हुए, उनकी जगह मेरठ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अरुण कुमार को तैनात किया गया है। बुधवार को आईएएस प्रशांत शर्मा का एक विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वह ट्रेनी पीसीएस सुनील सिंह का कॉलर पकड़कर खींचते हुए और विरोध करने वाले लोगों से अभद्रता करते नजर आ रहे थे।

बता दें कि अमेठी जिले में व्यवसायी सोनू सिंह की हत्या के बाद बुधवार को पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे मृतक के परिवार से जिलाधिकारी प्रशांत शर्मा ने अभद्रता की थी। पुलिस पर समय रहते कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए परिजन बुधवार को सड़क पर प्रदर्शन कर रहे थे। प्रशांत शर्मा धरना खत्म कराने पहुंचे थे और वहां मृतक के परिवारवालों पर ही भड़क गए। वह लोगों पर चिल्लाते हुए कहा कि हम कोई भगवान तो हैं नहीं, जो मर्डर को रोक लेते। उन्होंने मृतक के भाई और ट्रेनी पीसीएस सुनील सिंह का कॉलर पकड़कर भी खींचा।

प्रशांत वेटिंग लिस्ट में, अरुण कुमार अमेठी के नए डीएम

गुरुवार को भी सोशल मीडिया पर किरकिरी होते देख शासन ने प्रशांत शर्मा को हटाने का फैसला किया। उन्हें वेटिंग लिस्ट में डालते हुए उनकी जगह अब अरुण कुमार को अमेठी का डीएम बनाया गया है। अरुण कुमार मेरठ विकास प्राधिकरण (एमडीए) के उपाध्यक्ष थे। उनकी जगह मुरादाबाद के डीएम राकेश कुमार सिंह को एमडीए के उपाध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

सोशल मीडिया पर हुई किरकिरी, स्मृति ने दिया 'सबक'

डीएम प्रशांत शर्मा के अभद्र व्यवहार का विडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ और लोगों ने उन्हें जमकर निशाने पर लिया। अमेठी से सांसद और केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने भी डीएम अमेठी को टैग करते हुए लिखा, 'विनयशील एवं संवेदनशील बनें हम यही प्रयास होना चाहिए। जनता के हम सेवक हैं, शासक नहीं' इसके जवाब में सफाई के तौर पर डीएम प्रशांत शर्मा ने सुनील सिंह का ही एक विडियो जारी किया जिसमें सुनील खुद कह रहे थे कि डीएम ने उनसे कोई बदसलूकी नहीं की और जो विडियो वायरल हुआ वह 'एडिटेड' है।

दिल्लीः प्रदूषण पर हाईकोर्ट ने की सरकार की खिंचाई

- कहा- उपायों को लागू करने की इच्छाशक्ति में कमी

नई दिल्ली(ए.)। राजधानी में एयर इमर्जेंसी पर हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों और संबंधित प्राधिकरणों की जमकर खिंचाई की और कहा कि प्रदूषण से लड़ने के उपायों को लागू करने की इच्छाशक्ति में कमी है। बता दें कि दिल्ली में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर बना हुआ है और इस वजह से दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों को 15 नवंबर तक बंद कर दिया गया है। हाई कोर्ट ने

कहा कि आम जनता सहित सभी हित धारकों से इससे लड़ने में अग्र-सक्रिय भूमिका निभानी पड़ेगी।

कोर्ट ने कहा , 'समस्या लागू करने में है, इससे (प्रदूषण) से लड़ने के उपायों में कमी नहीं है। इसे लागू करने की इच्छाशक्ति की पूरी कमी है और अगर हम दिल्ली को प्रदूषण मुक्त देखना चाहते हैं तो आम नागरिकों सहित सभी हितधारकों को इसमें अग्र-सक्रिय भूमिका निभानी पड़ेगी।'

दिल्ली में वायु प्रदूषण अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में गंभीर स्तर पर पहुंच गया और उसके बाद से लगातार खतरनाक स्तर पर बना हुआ है। राजधानी की सरकार ने इससे लड़ने के लिए ऑड-ईवन योजना लागू की है और ऐसा दावा कर रही है कि इससे पलूशन से लड़ने में मदद मिली है।

पत्नी से झगड़ा, दो बच्चों को 300 फीट गहरी खाई में फेंका

तमिलनाडु। तमिलनाडु में एक शख्स ने पत्नी से नाराज होकर अपने दो बच्चों को 300 फीट गहरी खाई में फेंक दिया। दोनों बच्चों की फौरन मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को दोनों बच्चों की हत्या के आरोप में अरेस्ट कर लिया है, मामले की जांच की जा रही है यह घटना 8 नवंबर की है लेकिन इसकी जानकारी बुधवार को उस समय हुई जब आरोपी सिरंजीवी (28) की पत्नी बक्कियम (24) कोल्ली हिल्स के वजावंधी नाडु पुलिस स्टेशन गई। उसने बताया कि अपने उसके दो बच्चे गिरिदास (8) और कविदर्शिनी (5) गायब हैं। सिरंजीवी मजदूरी करता है, छह महीने पहले पारिवारिक विवाद के बाद उसकी पत्नी बच्चों के साथ कोल्ली पहाड़ियों के ऊपर बसे कवारापट्टी गांव में अपने पिता के घर रहने लगी थी।

राजकीय सम्मान के साथ होगा महान गणितज्ञ वशिष्ठ नारायण सिंह का अंतिम संस्कारः गिरिराज सिंह

- देश के स्टीफन हॉकिंग कहे जाने वाले गणितज्ञ वशिष्ठ नारायण सिंह का आज सुबह पटना मेडिकल कॉलेज ऐंड हॉस्पिटल में निधन हो गया

पटना(ए.)। निधन के बाद एक घंटे तक ऐंबुलेंस की राह देखते रहे महान गणितज्ञ वशिष्ठ नारायण सिंह के पार्थिव शरीर का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। मामले पर बिहार की नीतीश सरकार की छीछालेदार के बाद केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राजकीय सम्मान के साथ गणितज्ञ की अंतिम विदाई की बात कही। बता दें कि देश के स्टीफन हॉकिंग कहे जाने वाले वशिष्ठ नारायण सिंह का आज सुबह पटना मेडिकल कॉलेज ऐंड

हॉस्पिटल में निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे और स्किट्सफ्रीनिया से पीड़ित थे।

निधन के बाद वशिष्ठ सिंह के पार्थिव शरीर को एक घंटे तक ऐंबुलेंस का इंतजार करना पड़ा। इस शर्मनाक घटना पर सोशल मीडिया पर लोगों ने नीतीश सरकार और अस्पताल प्रशासन पर घोर लापरवाही के आरोप लगाए। कुमार विश्वास ने लिखा, 'उफ्फ़ इतनी विराट प्रतिभा की ऐसी उपेक्षा? विश्व जिसकी मेधा का लोहा माना उसके प्रति उसी का बिहार इतना पत्थर हो गया? आप सबसे सवाल बनता हैं ! भारतमां क्यों सौंपे ऐसे मेधावी बेटे इस देश को जब हम उन्हें संभाल ही न सकें?'

एक घंटे बाद मिली ऐंबुलेंस

इस शर्मनाक घटना के मीडिया में आने के बाद उन्हें ऐंबुलेंस मुहैया कराया गया। अस?पताल प्रशासन के इस द?यवहार से वशिष्ठ नारायण सिंह के परिवार वाले बेहद आहत दिखे। उन्होंने राज्य सरकार से जाने-माने वैज्ञानिक की राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार करने की मांग की थी।

टिप्पणी | अयोध्या विवाद के फैसले पर जस्टिस बोबडे ने कहा, 'संदेश यही है कि विवाद अब खत्म हो चुका है'

कैसे हुआ अयोध्या फैसला, जस्टिस बोबडे ने बताया

- जस्टिस बोबडे 18 नवंबर को देश के अगले चीफ जस्टिस के तौर पर शपथ लेंगे
- फैसले से पहले कानून और व्यवस्था को लेकर चिंतित होने की बात भी जस्टिस बोबडे ने स्वीकार की

नई दिल्ली(ए.)। सुप्रीम कोर्ट के अगले चीफजस्टिस बनने जा रहे जस्टिस शरद अरविंद बोबडे ने अयोध्या केस पर सर्वसहमति से फैसले को ऐतिहासिक बताया। हमारे सहयोगी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया से बात करते हुए

जस्टिस बोबडे ने अयोध्या फैसले, न्यायपालिका में नियुक्तियों के लिए सरकार पर दबाव समेत कई मुद्दों पर खुलकर बात की। पढ़ें इंटरव्यू के खास अंश...

अयोध्या फैसले पर कैसे सर्वसहमति बन सकी?

यह हम सभी की आपसी सहमति से तय हुआ था कि फैसला सर्वसहमति से ही आए।

क्या आप पहले से ही इसके लिए सहमत थे, या फिर आगे बढ़ते हुए ऐसा हुआ? फैसले के ऑथर कौन थे?

हम सब सहमत थे... जब सोच समान होती है तो कोई एक व्यक्ति ही फैसले को लिखता है। फैसला हमेशा सर्वोच्च अदालत के निर्णय के तौर पर देखा जाता है। इसके अलावा मैं किसी और विषय में नहीं जाना चाहूंगा।

क्या यह आपके पास आए मुकदमों में सबसे मुश्किल केस था?

हां, महत्वपूर्ण था।

आप फैसले तक कैसे पहुंचे?

मैं इसके बारे में कुछ ज्यादा बात नहीं करना चाहता हूं। हमने फैसला दे दिया है और यह काफी है।

आप फैसले से पहले कानून-व्यवस्था को लेकर कितना चिंतित थे? चीफजस्टिस ने उत्तर प्रदेश के चीफ सेक्रेटरी और डीजीप से....

यह बड़ा काम था, चिंता तो थी ही। हम संतुष्ट हैं कि हमने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया।

इस फैसले के साथ एक संदेश क्या जाता है?

संदेश यही है कि विवाद अब खत्म हो चुका है।

क्या आप इस पर सहमत हैं कि सरकार जजों की नियुक्ति परोक्ष तौर पर प्रभावित करती है जैसे प्रस्तावों और सिफारिशों को लागू करने में जबरन देरी करना?

ऐसे कहना ठीक नहीं होगा। आप देख सकते हैं कि हजारों नियुक्तियां बिना किसी अवरोध के हो रही है। सरकार एक महत्वपूर्ण स्टेकहोल्डर है और कोई रब स्टांप नहीं। नियुक्ति का अधिकार भारत के राष्ट्रपति के पास होता है... आप सरकार की भूमिका को बहुत विस्तृत करके नहीं देख सकते हैं। फैसलों को देखते हुए कह सकते हैं कि जजों की नियुक्ति में जज की भूमिका बड़ी होती है। नाम कोर्ट की तरफसे ही आने चाहिए।

नगालैंडः दूल्हा-दुलहन ने एके 56 के साथ खिंचाई फोटो, हुआ युद्धविराम का उल्लंघन

गुवाहाटी(ए.)। नगालैंड के दीमापुर में हाल ही में हुई एक शादी इसलिए चर्चा में रही कि उसमें दूल्हा और दुलहन हाथों में ऑटोमैटिक असॉल्ट राइफल लिए नजर आए थे। यह विवाह समारोह नगा विद्रोही संगठन एनएससीएन-यू के वरिष्ठ नेता के बेटे का था। अब नगालैंड पुलिस ने इनके खिलाफ युद्धविराम समझौते के उल्लंघन के तहत मामला दर्ज किया है। दीमापुर पुलिस कमिश्नर रोतिहू टेस्टो ने हमारे सहयोगी टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया, 'इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। हम जांच कर रहे हैं, इसमें युद्धविराम समझौते के उल्लंघन के मद्देनजर कार्रवाई की जाएगी।'

हाथों में थीं आधुनिक राइफलें: यह शादी नगा विद्रोही संगठन के नेता बोहोतो किबा के बेटे की थी। 9 नवंबर को दीमापुर में हुई इस शादी में उनका बेटा और बहू हाथों में एम 16 और एके 56 राइफल लिए नजर आए थे। उनके फोटो सोशल मीडिया पर खूब वायरल भी हुए थे।

न्यूज गैलरी

होटल की गंदगी सड़क पर फेंका, जुर्माना

रायपुर। चंगोराभाठा में एक होटल संचालक गंदगी को सड़क पर फेंकते पाया गया। उस पर 2 हजार रुपए जुर्माने के साथ ही कड़ी फटकार भी लगाई गई। नगर निगम के जोन क्रमांक 5 के सेनेटरी इंस्पेक्टर दिलीप साहू ने बताया कि होटल संचालक का नाम चन्दू देवांगन है। वह चाय नाश्ता के होटल के साथ बच्चों के चिप्स, नड्डा, मुरकु आदि चीजें बनाकर बेचते हैं। आज उन्हें होटल से निकले खराब सामानों के साथ पॉलीथीन आदि चीजों को सड़क पर फेंकते पाया गया। जिस पर उनके खिलाफ 2 हजार रुपए के जुर्माने की कार्यवाही की गई।

युवक से मोबाइल छीनकर हुआ फरार

रायपुर। मोबाइल पर बात कर रहे व्यक्ति के हाथ से पीछे से आकर एक युवक ने मोबाइल झपटकर फरार हो गया। घटना की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसर कृष्णा नगर टिकरापारा निवासी प्रवीण कुमार वर्मा 27 वर्ष पिता स्व. गजाधर वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 13 नवंबर को नहरपारा रोड दावड़ा कालोनी के पास प्रार्थी मोबाइल से बात कर रहा था इसी दौरान पीछे से आ रहे युवक ने प्रार्थी के हाथ से मोटोरोला कंपनी का मोबाइल कीमत 4 हजार रुपये को खींचकर फरार हो गया।

ट्रक चालक ने पेट्रोल पंप और गेट में मारी टक्कर

रायपुर। लापरवाहीपूर्वक ट्रक चलाते हुए पेट्रोल पंप एवं चैनल गेट को ट्रक चालक ने ठोकर मार दिया घटना की रिपोर्ट आमानाके थाने में दर्ज की गई है। अग्रसेन भवन सेक्टर 3 उदिया सोसाइटी आमानाका निवासी अली असगर कपासी 35 वर्ष पिता अली हुसेन कपासी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 1 नवंबर को ग्राम तेंदूआ में तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक सीजी 04 जे 4858 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए पेट्रोल पंप एवं चैनल गेट को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया।

बाइक से धक्का लगने पर चार युवकों ने की पिटाई

रायपुर। ग्राम कोलर अभनपुर निवासी अजय कुमार साहू पिता मनोहर लाल साहू ने अभनपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी 13 नवंबर को अपनी एक्टिवा मोटरसाइकिल से मेला देखने ग्राम सारखी अभनपुर गया हुआ था। इसी दौरान एक युवक को मोटरसाइकिल से धक्का लग गया। धक्का लग जाने पर नीलेश सिन्हा ने गाली गलौज करते हुए अपने तीन साथियों के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर एक्टिवा में तोड़फोड़ कर मारपीट किया।

बच्चों को मिले ऐसा वातावरण, जिनसे बचपन रहे सुरक्षित : उइके

राजभवन में बाल दिवस का हुआ आयोजन, दिव्यांग बच्चों की संगीतमय प्रस्तुती से प्रसन्न होकर एक लाख रूपए देने की घोषणा

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने कहा है कि विश्व के सबसे अधिक मूल्यवान मानव संसाधन को समृद्ध बनाने के लिए बच्चों की अच्छी शिक्षा-दीक्षा और परवरिश पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को ऐसा वातावरण मिले कि उनका बचपन सुरक्षित रहे और उन्हें अपनी प्रतिभाओं को निखारने का उचित अवसर मिले। राज्यपाल सुश्री उइके ने यह विचार आज यहां राजभवन के दरबार हॉल में बाल दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त की। राज्यपाल ने शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधित विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत गीत-संगीत की सराहना करते हुए बच्चों के प्रोत्साहन हेतु विद्यालय को स्वेच्छा अनुदान से 01 लाख रूपए देने की घोषणा की।

राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि हमारे देश के प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहर लाल नेहरू बच्चों को विशेष स्नेह करते थे और बच्चे भी उन्हें चाहते थे तथा प्यार से उन्हें चाचा नेहरू कहते थे। इसलिए पण्डित नेहरू के जन्म दिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि जीवन का सबसे महत्वूपूर्ण समय बचपन होता है। बचपन में सीखी हुई अच्छी बातें जीवन पर्यन्त काम आते हैं। राज्यपाल ने बच्चों पर बढ़ते हुए बस्ते के बोझ पर चिंता जताते हुए कहा कि आजकल यह देखा जाता है कि बच्चे तनाव के दौर से भी गुजर रहे हैं। उनका बचपन खो सा गया है। हमें चाहिए कि बच्चों को ऐसा वातावरण दें कि उनकी प्रतिभा को विकसित होने का पर्याप्त अवसर मिले।

राज्यपाल ने कहा कि कुपोषण की समस्या को एक चुनौती मानते हुए निजी संस्थाओं और सामाजिक संगठनों को भी अपनी सहभागिता निभानी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि दिव्यांग बच्चों ने आज हृदयस्पर्शी और प्रेरणादायी गीतों की बहुत अच्छी प्रस्तुती दी। उन्हें सुनकर ऐसा महसूस हुआ कि वे किसी से कम नहीं है बल्कि अपने सुमधुर गीत के माध्यम से पूरे समाज को स्वच्छता के संदेश दे रही हैं। इस अवसर पर राज्यपाल सुश्री उइके ने शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधित विद्यालय रायपुर के बच्चों को प्रमाण-पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

पुलिस महानिदेशक डी. एम. अवस्थी ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि राजभवन में बाल दिवस पर आयोजित इस अद्भूत कार्यक्रम में मुझे शामिल होने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि राज्यपाल महोदया को तब से जानता हूं जब मैं वर्ष 1991 से 1993 के मध्य छिंदवाड़ा जिले में पुलिस अधीक्षक के पद पर था। मैंने उस समय महसूस किया था कि वे बड़ी संवेदनशील हैं। उन्होंने दिव्यांग बच्चों की प्रस्तुती की सराहना करते हुए कहा कि इन बच्चों के गीत के साथ-साथ संगीत से तालमेल भी अनोखा था।

राजभवन में गूंजा 'अरपा पैरी के धार'

राजभवन के दरबार हॉल में आज बाल दिवस के अवसर पर शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधित विद्यालय रायपुर की छात्राओं ने आकर्षक एवं मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती दी। विद्यालय की छात्रा सुश्री रूपवर्षा केरकेट्टा, सुश्री सुमन दीवान, सुश्री छाया कुशवाहा और सुश्री जागेश्वरी सिन्हा के समूह ने छत्तीसगढ़ राज्य के राजगीत 'अरपा पैरी के धार' की भावमय प्रस्तुति दी। इसके बाद इन छात्राओं ने 'मोर रायपुर' के लिए गाया गया स्वच्छता गीत भी गाया। साथ ही नरवा, गरूवा, घुरूवा बारी' पर आधारित गीतों की भी प्रस्तुती दी। उनकी प्रस्तुती की राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके और अन्य अतिथियों ने जमकर सराहना की। इस अवसर पर दिव्यांग छात्र श्री अनमोल पटले ने राज्यपाल की स्केच उन्हें भेंट स्वरूप प्रदान की।

नन्हीं आराध्या ने दिया सभी को नो प्लास्टिक का संदेश

अपनी नो प्लास्टिक वेशभूषा से सभी को किया आकर्षित

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। जिला प्रशासन व रायपुर नगर निगम की पहल पर नो प्लास्टिक अभियान से पूरा रायपुर तेजी से जुड़ने लगा है। स्मार्ट सिटी रायपुर के बच्चे भी अपने खूबसूरत शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने में अहम योगदान दे रहें है। मुस्कान बिखेरती नन्हीं आराध्या ने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के नो प्लास्टिक अभियान को आगे बढ़ाते हुए बाल दिवस के अवसर पर स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में अपनी वेशभूषा से रायपुर वासियों को नो प्लास्टिक का संदेश दिया। इस अवसर पर आराध्या ने अपने जूट के थैले से नो प्लास्टिक का पर्चा निकालकर अपने दोस्तों को भी बांटा।

डॉ. चरण दास महंत ने पं. नेहरू को दी श्रद्धांजलि

रायपुर। पंडित जवाहर लाल नेहरू जी की 130वीं जंयती के अवसर पर आज प्रातः 11.00 बजे विधान सभा परिसर स्थित सेन्ट्रल हॉल में लगे पं. जवाहर लाल नेहरू के विशालकाय तैल चित्र पर मान. विधान सभा

अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत ने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर विधान सभा के प्रमुख सचिव चन्द्र शेखर गंगराड़े एवं विधान सभा सचिवालय के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों ने भी पं. नेहरू के तैल चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर पंडित जवाहर लाल नेहरू को याद किया।इस अवसर पर अपने संदेश में विधान सभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि- पं. नेहरू आधुनिक भारत के स्वप्न दृष्टा थे।

सरपंच पद के आरक्षण की कार्यवाही स्थगित

रायपुर (नवप्रदेश)। राज्य शासन द्वारा सरपंच पद के आरक्षण की कार्यवाही वर्तमान में अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। इस संबंध में मंत्रालय महानदी भवन से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आदेश जारी किया गया है। सरपंच पद के आरक्षण की कार्यवाही की प्रस्तावित तिथि पृथक से जारी की जाएगी। त्रिस्तरीय पंचायतों के पदाधिकारियों जिसमें ग्राम पंचायत के पंच, सरपंच, जनपद पंचायत के सदस्य, अध्यक्ष एवं जिला पंचायत के सदस्यों का प्रवर्गवार आरक्षण की प्रस्तावित तिथि 23 नवम्बर निर्धारित की गई है। केवल सरपंच पद के आरक्षण को वर्तमान में रोक कर शेष पदों पंच, जनपद पंचायत के सदस्य, अध्यक्ष एवं जिला पंचायतों के सदस्यों के पदों का प्रवर्गवार आरक्षण की कार्यवाही 23 नवम्बर तक सम्पन्न करायी जाएगी।

निगम ने पं. जवाहर लाल नेहरू को जयंती पर नमन किया

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। गुरूवार को नगर निगम रायपुर के संस्कृति विभाग ने जोन तीन के साथ मिलकर राजधानी के गॉधी-नेहरू उद्यान में देष के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की मूर्ति के समक्ष उन्हें उनकी जयंती बाल दिवस पर ससम्मान नमन करने आयोजन रखा।

निगम संस्कृति विभाग व जोन 3 के इस संक्षिप्त व गरिमापूर्ण आयोजन में पहुंचकर महापौर श्री प्रमोद दुबे ने समस्त राजधानीवासियों की ओर से प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू को उनकी जयंती पर सादर नमन करते हुए आदरांजलि अर्पित की। निगम के आयोजन में प्रमुख रूप से संस्कृति विभाग अध्यक्ष श्री राधेष्याम विभार, पार्षद श्री सतीष जैन सहित गणमान्यजनों के साथ प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू को जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

सराहनीय | छत्तीसगढ़ की तर्ज पर नेपाल की राजधानी काठमांडू में मरीजों व उनके परिजन के लिए बनाएंगे मंगल भवन

समाजसेवी सीताराम अब विदेश में भी करेंगे परमार्थ कार्य

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ के समाजसेवी सीताराम अग्रवाल (बरसाना) के परमार्थ के कामों से अब विदेश के लोग भी लाभान्वित होंगे। सीताराम अग्रवाल छत्तीसगढ़ की तर्ज पर ही अब नेपाल की राजधानी काठमांडू में भी मरीजों व उनके परिजन के लिए मंगल भवन बनाने जा रहे हैं। काठमांडू में मंगल भवन बनाने के लिए सीताराम अग्रवाल की चर्चा उद्योगपति विमल केडिया से हो चुकी है। अब जल्द ही वहां भवन का निर्माण हो जाएगा। अग्रवाल के अनुसार, छत्तीसगढ़ के दुर्ग शहर में भी वहां के कलेक्टर के सहयोग से मंगल भवन निर्माण के प्रयास किए जा रहे हैं, जो अब अंतिम चरण में हैं। सीताराम अग्रवाल अपने इस अभियान को लेकर लोगों से अपील करते हैं कि वे भी मानव सेवा से जुड़े कामों में अपना योगदान दें, ताकि संसाधनों के अभाव में तकलीफों का सामना करने वाले लोगों को राहत मिल सके। अग्रवाल का मानना है कि देश के बड़े-बड़े अस्पतालों में आने वाले मरीजों व उनके परिजन के लिए लंबे इलाज के लिए जरूरी ठहरने की व्यवस्था नहीं है। लिहाजा ऐसे मंगल भवन बनाने से जरूरतमंद मरीजों की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी।

खुद की जमीन पर भी बनवा दिया भवन

सीताराम अग्रवाल द्ववारा किए जा रहे परमार्थ के इन कामों के मद्देनजर उन्हें वर्ष 2018 में महाराजा अग्रसेन सम्मान व वर्ष 2019 में दानवीर भामाशाह सम्मान से नवाजा गया। सीताराम अग्रवाल को दूसरा पुरस्कार उनके द्वारा एम्स रायपुर के समीप स्वयं की भूमि पर 7 करोड़ रुपए की लागत से मरीजों व उनके परिजन के लिए मंगल भवन बनवाने के लिए दिया गया। श्री सीताराम शकुंतला चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बनाए जा रहे इस मंगल भवन का लोकार्पण अगले वर्ष 2020 में हो जाएगा।

अस्पताल में ही ठान लिया था चलाना है अभियान

अग्रवाल द्वारा छत्तीसगढ़ में वर्ष 2013 से ही मरीजों व उनके परिजन की सुविधा के लिए मंगल भवनों का निर्माण किया जा रहा है। अग्रवाल द्वारा यह पहल शुरू करने के पीछे की एक छोटी सी कहानी है। दरअसल वर्ष 2012 में उनके द्वारा एक अस्पताल में फल वितरण किया जा रहा था। इसी दौरान वे मरीजों व उनके परिजन की इलाज के दौरान रहने की समस्या से रू-ब-रू हुए। इसी घटनाक्रम से उन्होंने इस समस्या को दूर करने की ठान ली। दूसरे ही दिन उन्होंने मेडिकल कॉलेज व हास्पिटल, रायपुर (मेकाहारा) के पास मरीजों व उनके परिजन के लिए मंगल भवन बनाने का प्रस्ताव तब के मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। साथ ही उनसे इसके लिए जमीन देने का आग्रह भी किया। तत्कालीन मुख्यमंत्री ने भी इसे स्वीकार करते हुए जमीन उपलब्ध करा दी। फिर क्या था...। समाजसेवी अग्रवाल ने अपनी टीम के साथ मिलकर इस जमीन पर सभी जरूरी सुविधाओं से सज्ज मंगल भवन का निर्माण करा दिया। सीताराम अग्रवाल ने इसी तरह सत्यसाई हॉस्पिटल के समीप भी भवन का निर्माण कराया। अब वे इस कार्य को देश के अन्य राज्यों के अलावा नेपाल की राजधानी काठमांडू में भी करने जा रहे हैं।

एमआईसी की आज बैठक

रायपुर। रायपुर नगर निगम की मेयर इन काउंसिल की 15 नवम्बर को बैठक रखी गई है। बैठक का आयोजन निगम मुख्यालय भवन में दोपहर 3 बजे से आयोजित की जाएगी। महापौर श्री प्रमोद दुबे ने बताया कि इसमें निगम द्वारा गरीबों, असहाय और निराश्रितों को दी जाने वाली पेंशन पर विचार कर समुचित निर्णय लिया जाएगा।

धान खरीदी को लेकर भाजपा करेगी प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी धान खरीदी को लेकर पूरे प्रदेश में 15 नवम्बर को मंडल स्तर पर प्रदर्शन करेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम उसेंडी ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार लगातार किसान विरोधी नीति अपनाकर धान नहीं खरीद रही है। जिसका हम पुरजोर विरोध करेंगे। प्रदेश में जब हमारी सरकार थी तो हर साल 15 नवम्बर से ही धान खरीदी की जाती रही है। लेकिन जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आई है अपने वादों के मुताबिक किसानों की मांगों को पूरा नहीं कर रही है। अभी धान कटाई चल रही है और किसानों का धान बिचैलियों औने-पौने दाम पर खरीद रहे हैं। पूर्व की तरह कांग्रेस सरकार को 15 नवम्बर से धान खरीदी करना चाहिए। अब वक्त आ गया है कि अपने वादे के मुताबिक कांग्रेस की सरकार को किसानों व धान खरीदी के मुद्दे पर ठोस कदम उठाना चाहिए।

पॉवर कंपनी के विद्युत सेवाभवन में आगजनी की घटना

सुरक्षित है कार्यालय के सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के मुख्यालय विद्युत सेवाभवन में बुधवार की रात्रि 11-12 बजे के बीच आगजनी की घटना हुई। सेवाभवन के दूसरे माले में लगी आग की प्रारंभिक जॉच रिपोर्ट में शार्टसर्किट को आगजनी का कारण माना जा रहा है। पॉवर कंपनी प्रबंधन द्वारा जॉच के निर्देश दिये गये हैं। आगजनी से किसी भी प्रकार की बड़ी जन-धन हानि नहीं हुई और कार्यालय के सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज सुरक्षित हैं।

अर्धरात्रि को घटित आगजनी के संबंध में पॉवर कंपनी के चेयरमेन श्री शैलेन्द्र शुक्ला सहित अन्य उच्चाधिकारियों ने जानकारी ली और भविष्य में ऐसी अग्नि दुर्घटनाओं को रोकने के लिये विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिये। चेयरमेन श्री शुक्ला को बताया गया कि अग्नि दुर्घटना में ऐसा कोई भी दस्तावेज, फाईल का नुकसान नहीं हुआ है जिन्हें की 'रि-जनरेट' न किया जा सके। आगजनी से जले-

अधजले हुए दस्तावेजों की पुनर्प्राप्ति कार्यालय में उपलब्ध अन्य नस्तियों से की जा सकती है।

आगजनी की घटना की सूचना मिलते ही पॉवर कंपनी के उच्चाधिकारियों के दिषा-निर्देशानुसार फायर बिग्रेड एवं पुलिस दल को कंपनी के सतर्कता एवं सुरक्षा अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई। इस पर त्वरित कार्यवाही करते हुये फायर बिग्रेड का दल दमकल सहित घटना स्थल पर पहुॅचा और आगजनी पर शीघ्र ही काबू पा लिया गया।

संपादकीय

राफेल पर सुको का फैसला

राफेल की खरीदी पर सवालिया निशान लगाने वाले विपक्ष को सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से करारा झटका लगा है। जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने रफाल मामले की जांच करने की आवश्यकता को नकार दिया है। इस बारे में सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई पुनर विचार याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खरिज कर दिया है। गौरतलब है कि विपक्ष लगातार राफेल को लेकर सरकार पर हमला करता रहा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने इस मामले को लेकर प्रधानमंत्री को चोर तक कह दिया था। इस बारे में भी सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी के माफी नामे को कबूल करते हुए उन्हे चेतावनी दी है कि वे सोच समझकर ही बयान दिया करें। गौरतलब है कि पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने राफेल की खरीदी में भारी भ्रष्टाचार किए जाने का आरोप लगाते हुए। प्रधानमंत्री को एक बार नहीं कई बार चोर कहा था। जिसका लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को कोई चुनावी लाभ नहीं मिला और वह 55 सीटों पर सिमट कर रह गई थी। बहरहाल अब राफेल खरीदी के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया है। दरअसल कांग्रेस शासनकाल में जितने भी रक्षा सौदे हुए थे उसमें कांग्रेस पर कमीशनखोरी के आरोप लगते रहे है। यही वहज है कि राफेल को लेकर भी कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने बगैर किसी ठोस सबुत के भाजपा सरकार पर आरोपों की बौछार कर दी थी। जाहिर है ऐसे आरोप राजनीति प्रेरित थे। इस तरह के बेतुके आरोपों से राजनीतिक दलों को परहेज करना चाहिए क्यों कि यह राष्ट्र की सुरक्षा से जुड़ा संवेदनशील मुद्दा होता है। इसे लेकर परस्पर आरोप प्रत्याराप से सेना की भी छवि धुमिल होती है और भारतीय सेना का मनोबल गिरता है। वही दुश्मन देशों को भारतीय सुरक्षा के मामलों की जानकारी भी मिल जाती है। राफेल मामले में भी ऐसा ही हुआ था। पाकिस्तान और चीन नहीं चाहते थे कि भारत को राफेल मिले और भारतीय वायुसेना की ताकत में इजाफा हो विपक्ष राफेल को लेकर जिस तरह हाय तौबा मचा रहा था उसे देखकर यह स्पष्ट लग रहा था कि वह राफेल रक्षा सौदा रद्द कराना चाहता है। बहरहाल विपक्ष की लाख कोशिशों के बावजूद राफेल सौदा हो गया है और पहला राफेल भारत को मिल चुका है। विपक्ष को चाहिए कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद वह देश से माफी मांगे और भविष्य में रक्षा सौदों को लेकर अनर्गल आरोप लगाने से तौबा करें।

विचार

फिर वही सियासी खेल

सरकार बनाने की 19 दिन की उठापटक के बाद महाराष्ट्र में मंगलवार को भले ही राष्ट्रपति शासन लागू हो गया हो, लेकिन वहां सरकार के गठन की संभावनाएं अभी खत्म नहीं हुई हैं। सचाई यह है कि राज्यपाल ने अगर पर्याप्त धैर्य दिखाया होता तो राष्ट्रपति शासन की नौबत ही नहीं आती। शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस के बीच सरकार बनाने पर सहमति तकरीबन बन ही चुकी थी। लेकिन गवर्नर ने थोड़ा और इंतजार करना बेहतर नहीं समझा। हमारी संघीय प्रणाली में सबसे आदर्श स्थिति यही मानी जाती है कि राज्यपाल द्वारा सरकार के गठन की हर संभव कोशिश की जाए। लगता है, राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने विभिन्न दलों के बीच लगातार असमंजस की स्थिति को सियासी अस्थिरता का संकेत मान लिया। संभव है, वे भविष्य के प्रति आश्वस्त न हो पाए हों, पर उन्होंने जिस तरह से बहुमत साबित करने के लिए दोनों पक्षों में भेदभाव किया उससे पिछले कुछ समय से लगातार लग रहे इस आरोप को मजबूती मिलती है कि राज्यपाल अब सारे फैसले केंद्र सरकार को खुश रखने के लिए ही करने लगे हैं। कोश्यारी ने बीजेपी को सरकार गठन के बारे में बताने के लिए 48 घंटे का समय दिया जबकि शिवसेना को समर्थन पत्र हासिल करने के लिए 24 घंटे का वक्त दिया। एनसीपी को तो उन्होंने 12 घंटे में ही निपटा दिया। यही वजह है कि शिवसेना ने उनके रुख को जल्दबाजी भरा बताते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दी और अदालत से मांग की कि वह शिवसेना को सरकार के गठन के लिए उचित समय दिए जाने का निर्देश जारी करे। इस तरह राज्यपाल के निर्णयों को अदालत में चुनौती दिया जाना हमारी व्यवस्था के लिए कोई शुभ संकेत नहीं है। असल में केंद्र में सत्तारूढ़ दल अपने ऐसे विश्वासपात्र जनों को ही राजभवन भेजते हैं, जो निर्णायक समय में उनके काम आ सकें। इसमें हीलाहवाली करने वाले राज्यपालों को वापस बुला

टेक ज्ञान

मोटोरोला का Moto Razr 2019 लॉन्च

नई दिल्ली। Motorola ने अपना फोल्डेबल स्मार्टफोन Moto Razr 2019 लॉन्च कर दिया है। यह फर्स्ट जेनरेशन मोटो रेजर से हर मामले में अलग है। कंपनी ने इसे शानदार फोल्डेबल डिस्प्ले डिजाइन के साथ लॉन्च किया है। हाल के दिनों में लॉन्च हुए दूसरे फोल्डेबल फोन से यह काफी अलग है। यह फोन वर्टिकली फोल्ड होता है। कंपनी ने फर्स्ट जेनरेशन मोटो रेजर को ध्यान में रखते हुए यह डिजाइन दिया है। फोन को अमेरिका में हुए एक इवेंट में लॉन्च किया गया। मोटो रेजर 2019 की कीमत अमेरिका में 1499 डॉलर रखी गई है। आइए जानते हैं क्या है इस फोन के फीचर और स्पेसिफिकेशन।

संतोष कुमार भार्गव

> वैसे आज की अवसरवादी राजनीति में लोकतंत्र कहीं विलुप्त-सा होने लगा है। बात चाहे हरियाणा या फिर महाराष्ट्र की ही क्यूं न हो, राजनेता सत्ता पर बैठने के लिए किसी का भी साथ छोड़ और किसी को भी दोस्त बना सकते हैं। लोग किसी गठबंधन को मत डालते हैं और सरकार आखिर में किसी और की ही बन जाती है। जो दल दूसरे दल को देखना तक पसंद नहीं करता, वह कैसे इतनी जल्दी रंग बदल कर उसके समर्थन तक में उतर आता है। महाराष्ट्र में जो कुछ भी हुआ उसका निष्कर्ष यही है कि चुनाव से पहले हुए गठबंधन को ही सरकार बनानी चाहिये। इसके बाद तोड़-फोड़ न हो, इसके लिये सख्त नियम बनें। विडंबना देखिये कि महाराष्ट्र कुदरत की मार झेल रहा है।

महाराष्ट्र में जनादेश का अनादर करते राजनीतिक दल

महाराष्ट्र में भाजपा तथा शिवसेना ने मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ा। दोनों ही दल मुख्यमंत्री के पद को अपने पास रखना चाहते हैं। मुख्यमंत्री पद की दावेदारी को लेकर दोनों में फूट पड़ गई है। कैसी विडंबना है कि राजनीति में कोई किसी का मित्र नहीं, कोई किसी का विरोधी नहीं। सभी राजनीतिक दल अवसरवादी हैं। महाराष्ट्र में विभिन्न राजनीतिक दल सत्ता का खेल, खेल रहे हैं, उसमें कहीं भी जनहित नहीं दिख रहा है। आज फड़णवीस पूर्व मुख्यमंत्री हैं, भाजपा-शिवसेना गठबंधन टूट चुका है, मुख्यमंत्री बनाने की शिवसेना की महत्त्वाकांक्षा फिलहाल अधूरी है, महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लागू हो चुका है।

महाराष्ट्र में जो हुआ, उसने हमारी दलगत राजनीति की संकीर्णताओं और वैचारिक दिवालियेपन को एक बार फिर पूरी तरह बेपर्दा कर दिया है। भाजपा-शिवसेना के बीच 50-50 के फॉर्मूले पर कब और क्या चर्चा हुई उसे दोनों दलों के नेता बेहतर जानते होंगे। वैसे अमित शाह ने एक इंटरव्यू में इस मामले में स्थिति साफकर दी है। वो अलग बात है कि शिवसेना के नेता अभी भी अपने रूख पर कायम हैं। अब दोनों दलों के बीच बंद कमरे में क्या हुआ, ये तो उन्हें ही पता होगा। लेकिन जाहिर है, राजनीतिक सौदेबाजी के दस्तावेज तैयार नहीं किये जाते। यह सही है कि सामान्यतः ज्यादा विधायकों वाले दल को ही मुख्यमंत्री पद दिया जाता है, लेकिन उसके उलट भी उदाहरण कम नहीं हैं हमारी सत्तालोलुप राजनीति में। कर्नाटक में कांग्रेस के समर्थन से कम विधायकों वाले जनता दल-सेक्यूलर के एच डी कुमारस्वामी मुख्यमंत्री बने ही। शिवसेना और भाजपा की खींचतान और बनते-बिगड़ते रिशतों के बीच जो एनसीपी प्रमुख शरद पवार 'रिंगमास्टर' साबित हुए हैं। पवार को एक 'शातिर' राजनेता माना जाता है। महाराष्ट्र में उन्हें 'अदृश्य शक्ति' के तौर पर संबोधित किया जाता रहा है। उन्होंने ही मुख्यमंत्री की कुर्सी का लालच दिखा कर शिवसेना और उद्धव ठाकरे को 'चने के झाड़' पर चढ़ाया और फिर सरकार न बनने देकर झाड़ से नीचे उतरने को बाध्य भी किया। अब महाराष्ट्र में सियासत और सौदेबाजी का दौर शुरू होगा, तो उसके सूत्रधार भी पवार ही होंगे। चुनाव से पहले 19 नेता एनसीपी छोड़कर भाजपा में गए थे, लेकिन पवार के भावुक और धुआंधार प्रचार ने ज्यादातर को पराजित किया। यहां तक कि छत्रपति शिवाजी के वंशज भी भाजपा में होने के बावजूद जीत नहीं पाए। यह पवार की राजनीति के प्रति महाराष्ट्र की स्वीकृति है। भाजपा के व्यापक और महंगे प्रचार के बावजूद एनसीपी के 54 विधायक जीतकर आए। फिलहाल शिवसेना की सरकार बनने के कोई आसार नहीं हैं, क्योंकि एनसीपी और कांग्रेस ने अभी तो साझा कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं, नीतियों, साझा सरकार के ब्लू प्रिंट और फार्मूले पर सोचना और विमर्श करना शुरू किया है। सूत्रों का मानना है कि पवार,

> **नैतिकता का तकाजा था कि जनहित में शीघ्र सरकार बनती और जनता के कष्ट दूर होते। मतदाता इस छल का शिकार हो रहा है। अब समय है, भाजपा और शिवसेना रास्ता निकालें। साफबात कहनी अच्छी लगी। जाहिर है, मतदाताओं ने राष्ट्रपति शासन के लिए तो वोट हरगिज नहीं दिया था। उसके बावजूद अगर उन्हें सरकार के बजाय राष्ट्रपति शासन मिला है, तो यह सत्ता केंद्रित तिकड़मी राजनीति का परिणाम है।**

एनसीपी और शिवसेना का मुख्यमंत्री, अढाई-अढाई साल की मांग रख सकते हैं और पूरे पांच साल के लिए कांग्रेस का उपमुख्यमंत्री चाहते हैं। सरकार की स्थिरता के लिए पवार चाहते हैं कि कांग्रेस सरकार में शामिल हो। बुनियादी सवाल है कि क्या शिवसेना इन शर्तों के लिए तैयार होगी।

कभी शिवसेना सरकार के मुख्यमंत्री रहे और मौजूदा भाजपा नेता नारायण राणे का दावा है कि शिवसेना अंततः एनसीपी-कांग्रेस के साथ नहीं जाएगी, लिहाजा ऐसी स्थिति आने वाली है कि शिवसेना के लिए सत्ता हासिल करने का कोई विकल्प नहीं बचेगा। हालांकि शिवसेना अभी सरकार बनाने और एनसीपी-कांग्रेस के साथ विरोधाभासी समझौता करने के प्रति आशान्वित है, लेकिन उद्धव ठाकरे से जब मीडिया ने सवाल किया कि क्या भाजपा से फिर बात संभव है, तो उन्होंने कहा-कुछ भी संभव है। बहरहाल महाराष्ट्र राजस्व की दृष्टि से देश का सबसे सम्पन्न राज्य है। विधायक बनने के लिए नेतागण औसतन पांच-दस करोड़ रुपए सामान्य तौर पर खर्च करते हैं, लिहाजा वे फिलहाल चुनाव के पक्ष में नहीं हैं और यथाशीघ्र सरकार बनाए जाने के पक्षधर हैं। कांग्रेस के ज्यादातर विधायक अपनी शख्सियत और दौलत पर जीत कर आए हैं, लिहाजा देर-सवेर वे उस पक्ष में जा सकते हैं, जिसकी सरकार बनने की संभावनाएं सर्वाधिक होंगी। वहां विधायकों की सौदेबाजी भी महंगे स्तर पर तय होती है। विधायकों में पार्टीगत निष्ठा बहुत कम होती है। चूंकि राष्ट्रपति शासन लागू हो चुका है, लेकिन सरकार बनने की संभावनाएं अब भी बराबर हैं, लिहाजा आने वाले दिनों में विधायकों की मंडी देख सकेंगे। शिवसेना और कांग्रेस ने अपने विधायकों को होटलों में ठहरा रखा है। कांग्रेस विधायकों में टूट-फूट की ज्यादा संभावनाएं हैं, लिहाजा कोशिशें जारी रहेंगी कि सरकार यथाशीघ्र बने।

राजनीतिक गलियारों में वर्तमान में महाराष्ट्र की राजनीति की ही चर्चाएं हैं। ठाकरे परिवार की ओर से मुख्यमंत्री बनने का प्रस्ताव गैर-जरूरी नहीं है, क्योंकि भाजपा की 105 सीट के बनिस्बत शिवसेना की 56 सीट कम भले लगे, लेकिन जब पहले भाजपा ने उत्तर प्रदेश में कम सीट पानेवाली बसपा को मुख्यमंत्री दिया था, बिहार में आरजेडी ने जेडीयू के हिस्से में मुख्यमंत्री दे दिया था, तो महाराष्ट्र में क्यों नहीं ढाई-ढाई साल के लिए मुख्यमंत्री हो सकते हैं? वैसे राजनीति में न कोई स्थायी दोस्त है, न ही स्थायी दुश्मन! आज वहां जल्दी सरकार नहीं बनी, तो महाराष्ट्र का विकास तो रूकेगा ही वहीं यह जनादेश का अपमान भी माना जाएगा। देखा जाये तो उद्धव ठाकरे एनसीपी और कांग्रेस के साथ गठबंधन में नैसर्गिक रूप से मिसफिट हैं। दोनों ही दो ध्रुवों की राजनीति करते हैं। उद्धव ठाकरे के पास अपनी बात समझाने के लिए उदाहरण भी कम पड़ रहे हैं। ले दे कर वो बीजेपी और पीडीपी की सरकार की बात कर रहे हैं। बीजेपी-पीडीपी की गठबंधन सरकार को एक अच्छा प्रयोग तो कहा जा सकता है, लेकिन एक सफल गठबंधन तो नहीं कहा जा सकता है। अगर उद्धव ठाकरे एनसीपी और कांग्रेस के साथ गठबंधन में वैसा ही प्रयोग देख रहे हैं तो कहने की जरूरत नहीं महाराष्ट्र में ये प्रयोग कितना टिकाऊ होने वाला है। बीजेपी और पीडीपी गठबंधन में भी फायदे में बीजेपी ही रही। जब तक बीजेपी ने चाहा गठबंधन चला, जब जी भर गया सपोर्ट वापस ले लिया। केंद्र में दोबारा सत्ता में लौटने के बाद तो बीजेपी ने पीडीपी को कहीं का नहीं छोड़ा है। जम्मू-कश्मीर में होने को तो सब कुछ संवैधानिक दायरे में ही हुआ, लेकिन पीडीपी का राजनीतिक भविष्य फिलहाल तो खत्म सा ही नजर आ रहा है।

अनिल जैन

> बाल ठाकरे ने शिवसेना की स्थापना 1960 के दशक के मध्य में की थी। यह वह दौर था जब फायरब्रांड समाजवादी नेता जॉर्ज फर्नांडीज को मुंबई का बेताज बादशाह कहा जाता था। महानगर की तमाम छोटी-बडी ट्रेड यूनियनों के वे नेता हुआ करते थे और उनके एक आह्वान पर पूरा महानगर बंद हो जाता था, थम जाता था। उसी दौर में 1967 के लोकसभा चुनाव में 35 वर्षीय जॉर्ज ने मुंबई में कांग्रेस के अजेय माने जाने वाले दिग्गज नेता एसके पाटिल को हराकर उनकी राजनीतिक पारी समाप्त कर दी थी। उस समय महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री वसंतराव नाईक हुआ करते थे और बाल ठाकरे से उनकी काफी नजदीकी थी।

कांग्रेस के लिए शिवसेना कभी अछूत नहीं रही

महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लागू होने से पहले चले घटनाक्रम में जब शिवसेना और कांग्रेस के साथ आने की संभावनाएं बन रही थीं तो टेलीविजन चैनलों पर कई राजनीतिक विश्लेषक और टिप्पणीकार हैरानी जता रहे थे। सभी का कहना था कि अगर कांग्रेस और शिवसेना साथ आते हैं तो यह भारतीय राजनीति में अनोखी घटना मानी जाएगी और इससे अभूतपूर्व अवसरवाद की मिसाल कायम होगी। अपने उग्र हिंदुवादी तेवरों के लिए जानी जाने वाली शिवसेना का भाजपा से करीब 30 साल पुराना नाता तोड़कर एनसीपी और कांग्रेस हाथ मिलाने की संभावना ने राजनीतिक विश्लेषकों से इतर कई आम लोगों को भी हैरान किया। मगर सवाल है कि क्या वाकई शिवसेना और कांग्रेस राजनीतिक तौर पर एक-दूसरे के लिए वैसे ही अछूत हैं, जैसा कि उन्हें समझा जा रहा है?

यह सही है कि भाजपा और शिवसेना का साथ तीन दशक से भी ज्यादा पुराना है। 1980 और 1990 के दशक में जब कोई भी पार्टी भाजपा से हाथ मिलाने में हिचकिचाती थी, तब शिवसेना ही वह पार्टी थी जिसने भाजपा के साथ महाराष्ट्र में गठबंधन कर उसका 'अछूतोद्धार' किया था। लेकिन इसके बावजूद अगर अब शिवसेना और कांग्रेस साथ आती हैं तो इसमें हैरानी या ताज्जुब जैसी कोई बात नहीं होगी, क्योंकि महाराष्ट्र की राजनीति में कांग्रेस और शिवसेना के सहयोगपूर्ण रिश्तों का इतिहास इससे भी पुराना है। पिछले तीन दशक की ही बात करें तो ऐसे कई मौके आए हैं जब शिवसेना ने भाजपा के साथ रहते हुए भी उसकी राजनीतिक लाईन से हटकर फैसले लिए और कांग्रेस का समर्थन किया।

बहुत पहले की नहीं, बल्कि 2012 की ही बात करें तो राष्ट्रपति पद के चुनाव में शिवसेना ने कांग्रेस के उम्मीदवार प्रणब मुखर्जी का समर्थन किया था, जबकि भाजपा ने उनके खिलाफपीए संगमा को एनडीए का उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतारा था। इससे पहले 2007 में भी शिवसेना ने राष्ट्रपति पद के लिए कांग्रेस की उम्मीदवार प्रतिभा पाटिल को समर्थन

दिया था। उस चुनाव में तत्कालीन उपराष्ट्रपति और भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे भैरोसिंह शेखावत भाजपा नीत एनडीए के उम्मीदवार थे। यही नहीं, शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे ने 1975 में इंदिरा गांधी सरकार के लगाए आपातकाल का और फिर 1977 के लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस का समर्थन किया था। 1977 में मुंबई के मेयर के चुनाव में कांग्रेस नेता मुरली देवड़ा को जिताने में भी बाल ठाकरे ने अहम भूमिका निभाई थी। हालांकि शिवसेना को इन चुनावों में कांग्रेस का समर्थन करने की राजनीतिक कीमत भी चुकानी पडी। 1978 में महाराष्ट्र विधानसभा और बंबई म्युनिसिपल कॉरपोरेशन (बीएमसी) के चुनाव में शिवसेना को बुरी तरह से हार का सामना करना पड़ा था।

आपातकाल के प्रति अपना समर्थन जताने के लिए तो बाल ठाकरे खुद बंबई के राजभवन में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से मिलने गए थे। हालांकि आपातकाल का समर्थन करने की पेशकश राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्कालीन सर संघचालक मधुकर दत्तात्रय उर्फ बाला साहब देवरस ने भी की थी, लेकिन उनकी पेशकश सशर्त थी। उनकी शर्त थी कि यदि सरकार संघ पर लगाया गया प्रतिबंध हटा लेती है और संघ के गिरफ्तार स्वयंसेवकों को रिहा कर देती तो संघ किसी भी तरह की राजनीतिक गतिविधि से दूर रहते हुए श्रीमती इंदिरा गांधी के बीस सूत्रीय तथा संजय गांधी के पांच सूत्रीय कार्यक्रम का समर्थन करेगा। यह और बात है कि श्रीमती गांधी ने देवरस की यह पेशकश मंजूर नहीं की थी।

कहा जाता है कि मुंबई के कामगार वर्ग में जॉर्ज के दबदबे को तोड़ने के लिए वसंत राव नाईक ने शिवसेना को खाद-पानी देते हुए बाल ठाकरे का भरपूर इस्तेमाल किया। इसी वजह से उस दौर में शिवसेना को कई लोग मजाक में 'वसंत सेना' भी कहा करते थे। आपातकाल के बाद जॉर्ज जब पूरी तरह राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय हो गए तो उन्होंने मुंबई में समय देना कम कर दिया। उसी दौर में मुंबई में मजदूर नेता के तौर पर दत्ता सामंत का उदय हुआ। वे भी टेक्सटाइल मिलों में हडताल और मजदूरों के प्रदर्शन के जरिए जब महाराष्ट्र की कांग्रेस सरकार के लिए सिरदर्द बनने लगे तो कांग्रेस के मुख्यमंत्रियों ने उनका भी 'इलाज' बाल ठाकरे की मदद से ही किया। सिर्फ वसंतराव नाईक ही नहीं, बल्कि उनके बाद शंकरराव चह्वाण, वसंतदादा पाटिल, शरद पवार, अब्दुल रहमान अंतुले, बाबा साहेब भोंसले, शिवाजीराव पाटिल निलंगेकर आदि कांग्रेसी मुख्यमंत्रियों ने भी समय-समय पर महाराष्ट्र और मुंबई की राजनीति में बाल ठाकरे का अपने लिए भी और कांग्रेस के लिए भी भरपूर इस्तेमाल किया। शरद पवार से तो उनकी दोस्ती जगजाहिर ही रही।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

भटकते बच्चे

बच्चे भटकते हैं भूखे प्यासे काम की तलाश में। उनके हाथों में भी होनी चाहिए किताब। बाकी बच्चों की तरह। फुटपाथ पर नही विद्यालय के छात्रावास में रहे वे। तभी सच में मनेगा बालदिवस। बाकी सब तो महज दिखावा है।

- सरला सिंह

कद बढ़ाने के लिए कोई नहीं कहता



कद बढ़ाने के लिए कोई नहीं कहता ऐड़ियां उठाने को ऊंचाईयाँ तभी मिलेंगी जब तैयार हो ÷सर झुकाने÷ को। किसी को गिरा कर आगे बढ़े तो जीत बेकार है तुम्हारी मज़ा तो तब है, ज़माना खुद पीछे हो तुम्हें जिताने को।

- निवेदिता शर्मा

खास पाती | कंधे पे हल धर लौटे किसान

सांझ पहर कंधे पे हल धर लौटे किसान ।। मिट्टी का चूल्हा सूखी लकड़ी आंच गांव की सांझ।। बुलाती भोर माँ आँगन बुहार मुँह अंधेरे ।। नीम निम्बोली खाती गांव की भोली कोयल बोली ।। नीम की डाल बचपन की याद गुजरे साल। होते मासूम निश्छल व पवित्र गांव के लोग।। तन कुंदन पवित्र व पावन ग्रामीण मन ।। कठोर तप करते उम्र भर गाँव के लोग।। गाँव की गोरी पनघट के तट खिलखिलाये ।। कितने भोले छल - कपट से दूर गाँव के लोग ।।

- सत्या शर्मा ' कीर्ति '

शिक्षा का मन्दिर बना मजाक का विषय

वे कौन हैं जिनकी करतूत से शिक्षा और शिक्षा के मन्दिर मजाक का विषय बन कर रह गये हैं सालों साल तक दूसरों के हक पर डाका डाल कर केवल आवारा गर्दी करने दाखिला लेते हैं और देने के नाम पर अराजकता और अव्यवस्था ही देते हैं ऐसे लोगों का कोई सकारात्मक रोल होता है ? मात्र औजार होते हैं खुद अपना ,अपने संस्थान का भविष्य चौपट कर अपने आकाओं के इशारे पर नाचते महान बुढ़ाते अपने को नेता समझते कुछ छात्र नेता।

-नवीन शंकर शर्मा

रिश्तों को बुखार हो गया...

रिश्तों को बुखार हो गया... अहंकार शुमार हो गया। तुम हम, हम तुम, आगे पीछे... अमन-चैन बीमार हो गया। रिश्तों को बुखार हो गया... जादू सब बेकार हो गया... जादूगर लाचार हो गया। तपती धूप पड़ी सिर पर जब... छप्पर तिनका चार हो गया। रिश्तों को बुखार हो गया... अहंकार शुमार हो गया...।

- राकेश मिश्रा

राजनीति की बिल्ली बोली, म्याउ म्याउं

राजनीति की बिल्ली बोली, म्याउँ म्याउँ उड़ा उड़ा के खिल्ली बोली, म्याउँ म्याउँ बहुत कठिन है राह मुम्बई, सोच ज़रा धीरे से फिर दिल्ली बोली, म्याउँ म्याउँ जोड़ तोड़ सब फेल हो गया,अलबेला अँखियाँ मीच निठल्ली बोली,म्याउँ म्याउँ पुत्र मोह ने किया कबाड़ा, जन-जन का अब वो खड़ी इकल्ली बोली, म्याउँ म्याउँ मिलते पद को मारी ठोकर, खड़े खड़े बिल्ली बन चिल्बिल्ली बोली, म्याउँ म्याउँ।

- रजनी रामदेव

सूरज को एक वक्त डूबना ही पड़ता

सूरज को एक वक्त डूबना ही पड़ता है परन्तु वो एक नई सुबह लेकर फिर आता है मगर यह जरूरी नहीं कि उसे डूबते हुए देखने वाला दूसरी सुबह उसे आते हुए भी देख सके।

- अनामिका चक्रवर्ती

जिनके पास अपने हैं वो अपनों से झगड़ते

जिनके पास अपने हैं वो अपनों से झगड़ते हैं। जिनका कोई नहीं अपना वो अपनों को तरसते हैं। कल न हम होंगे न गिला होगा। सिर्फ सिमटी हुई यादों का सिलसिला होगा। जो लम्हे हैं चलो हंसकर बिता लें। जाने कल जिंदगी का क्या फैसला होगा।। आपका दिन शुभ एवं मंगलमय हो।

- कमलकांत डोंगरे

बेबसी किसी से कह नहीं सकता

मैं अपनी बेबसी किसी से कह नहीं सकता, है ऐसा हाल कि सीधे पाव चल नहीं सकता। कि जैसे हजारों मील तक फैला है ये समंदर, पर नदी के लहरों जैसे मैं बह नहीं सकता।

- संजय सिंह राजपूत

लघु कथा

धोबी का गधा

किसी दूर गाँव में एक धोबी रहता था। धोबी रोज लोगों के घर-घर जाता और लोगों के गंदे कपड़े धोने के लिए लेकर जाता था। धोबी के पास एक गधा था जिस पर वो कपड़े लादकर लाया और ले जाया करता था। गधा अब काफी बूढ़ा हो चुका था इसलिए वह काफी कमजोर भी हो गया था। एक दिन ऐसे ही कड़ी दोपहर में धोबी कपड़े लादकर ले जा रहा था। गर्मी की वजह से गधे और धोबी दोनों का बुरा हाल था। अचानक गधे का पैर लड़खड़ाया और बेचारा गधा एक बड़े गड्ढे में जा गिरा। गधा बेचारा कमजोर तो था ही, फिर भी उसने पूरी ताकत लगायी लेकिन गड्ढे से बाहर नहीं निकल पाया। धोबी ने भी अपनी तरफसे पूरा प्रयास किया लेकिन गड्ढा गहरा होने की वजह से गधा बाहर नहीं निकल पा रहा था। अब तो गधा डर से बुरी तरह चिल्लाने लगा। धोबी भी जब प्रयास करते करते थक गया तो उसने सोचा ये गधा बूढ़ा हो चुका है और अब किसी काम का भी नहीं है तो इसको निकालने से कोई फायदा नहीं है, क्यों ना गड्ढे को मिटटी से भरकर इस गधे को यहीं दफना दिया जाये। यही सोचकर धोबी ने गाँव के लोगों को आवाज लगायी। सारे लोग अपना फावड़ा लेकर आ गए। सब मिलकर जल्दी जल्दी गड्ढे में मिटटी डालने लगे। पहले तो गधे को कुछ समझ में नहीं आया कि ये क्या हो रहा है? लेकिन जब उसे अहसास हुआ कि ये लोग उसे दफ़नाने वाले हैं तो उसकी आखों में आँसू आ गए। कुछ देर तक गधा चिल्लाता रहा, बाद में उसने चिल्लाना भी बंद कर दिया। सब लोग और तेजी से गड्ढे में मिटटी डालने लगे।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1830 - समाज सुधारक राजा राममोहन राय इंग्लैंड के लिए रवाना हुए। 1884 - अफ्रीका महाद्वीप में यूरोपीय देशों के बीच उपनिवशों को बांटने के लिए जर्मनी की राजधानी बर्लिन में कांफ्रेंस आरंभ हुई। 1920 - स्विट्जरलैंड के जिनेवा में लीग ऑफ नेशनस की पहली बैठक आयोजित की गई। 1936 - जर्मनी और जापान के बीच कोमिंट्रन विरोधी संधि पर हस्ताक्षर किए गए। 1949 - महात्मा गांधी की हत्या के दोषी नाथूराम विनायक गोडसे और नारायण दत्तात्रेय आप्टे को फांसी दी गई। 1955 - पोलैंड और यूगोस्लाविया के बीच व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। 1961 - संयुक्त राष्ट्र ने परमाणु हथियारों पर रोक लगाई। 1978 - मक्का से इंडोनेशिया जा रहा एक विमान श्रीलंका में दुर्घटनाग्रस्त, 183 लोगों की मौत हुई।

कलकत्ता से आएगी टीम तब कहीं ट्रेक में गिरा हुआ क्रेन हटेगा

■ पांच किलो मीटर प्रति घण्टा के रफ्तार से ट्रेनों को बाईपास से भेजा जा रहा है

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । गणेशनगर रेलवे ट्रेक में गिरा क्रेन को 24 घण्टे में भी नही उठाया गया, रेलवे क्रेन को उठाने कलकत्ता, पुणे से टीम आ रही है । वही बाईपास लाईन से यात्री ट्रेनों को पांच किलो मीटर प्रति घण्टे की रफ्तार से भेजा जा रहा है । बुधवार की शाम गणेश नगर चूचूहिया पारा रेलवे अंडरब्रिज निर्माण के दौरान अंडर ब्रिज का कार्य कराने वाली कम्पनी के अधिकारियों की बड़ी लापरवाही देखी गई है हादसा निर्माणाधीन अंडर ब्रिज के पास मिट्टी धंसने के चलते भारी भरकम 120 टन वजन वाला क्रेन पलट गया था, जिससे पटरियों और ओ एच इ लाइन को क्षति पहुंचा है। इसी कारण अधिकांश ट्रेनों को रद्द करना पड़ा वही प्रमुख यात्री ट्रेनों को बाईपास लाईन से भेजा जा रहा है हालांकि देर रात तक चले राहत कार्य के बाद काफी कुछ सुधार कर लिया गया है। ट्रेक सुधार के बाद रात में ही डीजल इंजन की मदद से कुछ ट्रेनों को आगे बढ़ाया गया । लेकिन 24 घण्टे बीतने के बाद भी रेलवे ट्रेक पर गिरी क्रेन को हटाया नही गया है जिसे हटाने कंपनी की एक टीम कलकत्ता, पुणे से आ रही है जिसके बाद अन्य सुधार कार्य आरंभ किये जायेंगे । वहीं इसी दौरान ओ एच ई लाइन को भी सुधार लिया गया। इसके बाद करीब रात 3:00 बजे से यहां से ट्रेनों की आवाजाही एक बार फिर शुरू हुई। फिलहाल बाईपास लाइन और अन्य दो लाइनों की मदद से ट्रेनों की आवाजाही कराई जा रही है ।

वहीं मौके पर राहत कार्य के निरीक्षण के लिए डीआरएम और एडीआरएम सहित सभी आला अधिकारी मौजूद है लेकिन दुर्घटना के चलते फिलहाल अंडरब्रिज निर्माण का कार्य रोक दिया गया है। फिलहाल पूरा जोर लाइन और पटरियों को सुधारने पर है । वहीं अब पुख्ता सुरक्षा इंतजाम के बाद ही दोबारा अंडरब्रिज निर्माण कार्य शुरू करने की बात कही जा रही है। इधर जांच समिति ने अपना काम शुरू भी कर दिया है जो अगले कुछ दिनों में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। रायगढ़ रूट पर चलने वाली समस्त यात्री ट्रेनों को पांच घण्टा प्रति किलो मीटर की रफ्तार बाईपास लाईन से भेजा जा रहा है । जिस वजह से इस रूट से आने जाने वाली यात्री ट्रेन 2 से 3 घण्टे विलंभ चल रही है । हादसे में रेलवे को लाखों का नुकसान हुआ है। कितने का नुकसान हुआ है इसकी जानकारी देने रेलवे अधिकारी भी कतरा रहे है रेलवे जनसंपर्क अधिकारी से और रेलवे मण्डल पीआरओ से सम्पर्क किया गया परन्तु उन्होंने कॉल रिसीव नही किया ।

एसईसीएल में विश्व मधुमेह दिवस मनाया गया

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । मधुमेह की दवा 'इंसुलिन' इजाद करने वाले कनाडा के युवा वैज्ञानिक फ्रेडरिक बेंटिंग के जन्मदिन के अवसर पर दिनांक 14 नवंबर 2019 को प्रातः एसईसीएल मुख्यालय प्रशासनिक भवन में विश्व मधुमेह दिवस मनाया गया । इस अवसर पर अपने संदेश में प्रमुख (चिकित्सा सेवाएँ) डॉ. श्रीमती मिनाक्षी देब ने आव्हान करते हुए कहा कि खानपान पर नियंत्रण तथा शारीरिक व्यायाम, तेज गति से पैदल चलकर शुगर को कम किया जा सकता है। इस अवसर पर चिकित्सा विभाग द्वारा मधुमेह से बचने के लिए उपयोगी डाईट चार्ट वितरित किया गया । इस अवसर पर एसईसीएल के कुल 398 कर्मियों जिसमें से 314 पुरूष एवं 84 महिलाओं ने अपना मधुमेह परीक्षण कराया। शिविर के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए प्रमुख डॉ. श्रीमती मिनाक्षी देब, डॉ. श्रीमती विजयलक्ष्मी धान, डॉ. अरिहंत जैन, आर.के.शाहा, एस.एन. शाहा, शैलजा दाभाड़े, रेहाना का सक्रिय सहयोग रहा।

कंपनी ने कर्मचारियों को 15 नवम्बर के बाद काम नहीं करने का दिया आदेश

■ रेलिगेयर बीमा कम्पनी का टेंडर हुआ समाप्त

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । रेलिगेयर कम्पनी ने टेंडर की समय अवधि समाप्त होने के साथ ही अपने कर्मचारियों को सेवा समाप्ती का नोटिस जारी कर दिया है । कर्मचारियों को रोजगार की चिंता सता रही है वहीं आयुष्मान मित्र के नही होने से मरीजों का नाम आयुष्मान कार्ड में नही जुड़ पायेगा ।

मरीज निशुल्क उपचार की सुविधा से वंचित होंगे । शासन द्वारा हर वर्ग परिवार को निशुल्क इलाज की सुविधा प्रदान करने की नियत से स्मार्ट कार्ड बनाकर दिया , मगर अब स्मार्ट कार्ड आयुष्मान में शामिल होते ही रेलिगेर बीमा कम्पनी का टेंडर समाप्त हो गया है अब रेलिगेयर छत्तीसगढ़ प्रदेश में दुबार टेंडर नही लेना चाहती यही वजह है समय अवधि से पहले ही कम्पनी ने सभी कियोस्क सेंटर में कार्यरत आयुष्मान मित्र को 15 नवम्बर के बाद सेवा समाप्त होने का पत्र जारी कर सूचित कर दिया है । अब कर्मचारियों के समक्ष रोजी रोटी की समस्या आ गई है । स्वास्थ्य मुख्यालय ने सभी जिले को में मरोजों का निशुल्क उपचार करने का आदेश जारी किया है परंतु कियोस्क कर्मचारी की अनुपस्थिति में मरीजो आयुष्मान का ओटीपी नम्बर जारी नही होगा तो स्वभाविक है मरीजो की उपचार होना संभव नही है । यह स्पष्ट है कि मरीजों को अब सरकारी अस्पतालों में इलाज का पैसा लगेगा ।

पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू को कांग्रेस ने किया याद

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । कमेटी ने 14 नवम्बर को नेहरू चौक में प्रथम पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की 130 वी जयंती मनाई और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण का याद की गई । शहर अध्यक्ष नरेंद्र बोलर ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माता थे, विषम परिस्थिति से देश को निकाल कर जबूत राष्ट्र बनाये। शहर विधायक शैलेष पांडेय ने कहा कि नेहरू जी ने कांटो का ताज स्वीकार किया, देश मे साम्प्रदायिक ताकते चरम पर थी,आर्थिक स्थिति चरमरा गई थी,कृषि,रोजगार,सभी क्षेत्रों में निराशा थी, पंडित नेहरू ने एक सकारात्मक और योजना बद्ध सोच के साथ आगे बढे और मजबूत राष्ट्र की नींव रखी । उन्होंने योजना आयोग, कृषि आयोग, विज्ञान-प्रोद्यौगिकी, उद्योग, आदि क्षेत्रों में काम किया साथ ही विदेश नीति को मजबूत करते हुए गुट निरपेक्ष संघ में मुख्य भूमिका निभाई, आज मजबूत राष्ट्र बनाने में नेहरू जी की परिकल्पना है। तखतपुर विधायक रश्मि आशीष सिंह ने कहा कि नेहरू जी स्वतन्त्रता संग्राम के मजबूत सेनानी थे, जिन्होंने अपनी ययोग्यता और समर्पण से गांधी जी के सच्चे अनुयायी बन गए, तीन बार कांग्रेस अध्यक्ष रहे, अनेको बार जेल गए, पूर्ण स्वराज्य की मांग की, 1941 में गांधी जी ने नेहरू को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिए थे ,तीन बार प्रधानमंत्री रहे, और 21 मई 1964 को उनका निधन हुआ । सभा को विजय पांडेय, ज़फ़र अली ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव आशीष सिंह, रामशरण यादव, पंकज सिंह, एस पी चतुर्वेदी, अभय नारायण राय, ऋषि पांडेय, शैलेन्द्र जायसवाल, जसबीर गुम्बर, हरीश तिवारी, आशा सिंह, आशा पांडेय, अज़रा खान, अनिल पांडेय, जयश्री शुक्ला, सरिता शर्मा, नरेंद्र शर्मा, अनिल चौहान, सुभाष ठाकुर, सुभाष सराफ, अनिल शुक्ला, आनन्द, गणेश रजक, मनोज शर्मा, प्रदीप पांडेय, दुर्गेश धनगर, जिनेश जैन, एस एल रात्रे, चन्द्र शेखर मिश्रा, चन्द्रहास शर्मा, मोह हाफिज़, प्रदीप राही, दिनेश सूर्यवंशी, अजय काले, भरत जुर्यनी, गणेश सोनवानी, हरमेंद्र शुक्ला आदि थे।

महापौर चुनाव और वर्तमान कार्यकाल को लेकर याचिका दायर

■ छजकां विधायक धर्मजीत सिंह की याचिका पर सोमवार को होगी सुनवाई

बिलासपुर । प्रदेश सरकार द्वारा महापौर के चुनाव को अप्रत्यक्ष और निर्वाचित पार्षदों के माध्यम से कराए जाने के लिए जारी अधिसूचना को हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए एक और याचिका दायर की गई है । इसमें चुनाव के साथ साथ वर्तमान में काम कर रहे महापौरों को भी चुनौती दी गई है । अधिसूचना में वर्तमान महापौर के कार्यकाल को लेकर कोई भी विधिक प्रावधान नहीं किये जाने से वैधानिक स्थिति उत्पन्न हो गई है । लोरमी के छजकां विधायक धर्मजीत सिंह ने अधिवक्ता रोहित शर्मा के माध्यम से हाईकोर्ट में रिट याचिका प्रस्तुत किया है । इसमें तर्क दिया गया है कि राज्य शासन ने महापौर के चुनाव को अप्रत्यक्ष रूप से कराए जाने की जो अधिसूचना जारी किया है वह वैधानिक स्थिति निर्मित कर रही है। धर्मजीत सिंह वर्तमान मे जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के विधायक दल के नेता है । अपनी याचिका मे उन्होने अधिसूचना में वर्तमान महापौर को लेकर कोई भी विधिक प्रावधान नहीं होने को लेकर भी सवाल उठाया है और कहा है कि इससे वैधानिक स्थिति उत्पन्न हो गई है । याचिका पर सोमवार को सुनवाई नियत की गई है ।

नाबालिग समेत दो मोबाइल चोर पकड़ाए

■ कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । कोतवाली थाना क्षेत्र के तेलीपारा स्थित एक दुकान से मोबाइल बेचते हुए दो संदिग्ध युवको को पकड़ा गया है। हिरासत में लिए युवको में एक नाबालिक है। बालिग युवक का नाम हिमांशु मराठा है।सिटी कोतवाली थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने बताया कि मुखबिर सूचना पर से तेलीपारा स्थित दुकान में छापामारी गयी। उस समय दोनो युवक मोबाइल बेचने की फिराक में थे। थाना प्रभारी के बताया कि पुलिस टीम ने दोनों युवकों से कड़ाई से पूछताछ की। दोनों के पास मोबाइल संबंधित दस्तावेज नही मिले।दोनों युवकों ने पूछताछ में सिविल लाइन थाना क्षेत्र के नेहरू नगर मिनी बस्ती मंगला से मोबाइल चोरी करना स्वीकार किया। हिमांशु और नाबालिग बंधवापारा सरकंडा के रहने वाले है।दोनों के खिलाफ आईपीसी की धारा 41,1,4 और 379 के तहत अपराध पंजीबद्ध गया है।

राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य कार्यक्रम में बिखरी नृत्य की छटा

रायगढ़। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन गत दिवस विकासखण्ड खरसिया के लखीराम आडिटोरियम में अनुविभागीय अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत खरसिया के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यकम में छत्तीसगढ़ के लोक पारंपरिक नृत्य का आयोजन किया गया। कार्यकम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत के साथ किया गया। तत्पश्चात कर्मा नृत्य, गेड़ी नृत्य और सुआ नृत्य के प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम में तीन टीम ने कर्मा एवं गेड़ी नृत्य में भाग लिया। प्रथम एवं दूसरे स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन परियोजना अधिकारी प्रशांत सिंह एवं आभार प्रदर्शन भगवान लाल साहू द्वारा किया गया।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

वाहन किराये पर लेने हेतु निविदा सूचना

निविदा संख्या : यांत्रिक/मुख्यालय/002/021/ सी.डब्लू ई/वाहन/एम1 दिनांक 08-11-2019

कार्य का नाम : यांत्रिक विभाग में अधिकारी, सी.डब्लू ई/एस.ई.सी.आर/मुख्यालय के लिए एक रोड वाहन (पेट्रोल चलित) वातानुकूलित (22 माह) किराये पर लेने के लिए प्रस्ताव।

निविदा मूल्य : ₹ 4,67,698/- (रुपये चार लाख सड़सठ हजार छः सौ अन्ठानबे मात्र)। बयाना राशि : ₹ 9,360/- (रुपये नौ हजार तीन सौ साठ मात्र)। निविदा समापन : दिनांक 02.12.2019 के 15.00 बजे।

उपरोक्त ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचनाओं की पूरी जानकारी http://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर दिनांक 09.11.2019 को उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य टेन्डर स्वीकार नहीं की जाएगी।

उप मुख्य या.इंजी. (यो.व का.)

सीपीआर/10/320 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

खरसिया, तमनार एवं पुसौर में विकासखण्ड स्तरीय युवा महोत्सव आज

रायगढ़। रायगढ़ जिले के विकासखण्ड खरसिया, तमनार एवं पुसौर में विकासखण्ड स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन 15 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। विकासखण्ड स्तरीय युवा महोत्सव 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' की थीम पर आधारित होगा। युवा महोत्सव का आयोजन पुसौर के मंगल भवन, खरसिया के ऑडिटोरियम एवं तमनार के हाईस्कूल मैदान में किया जाएगा। युवा महोत्सव में दो आयु वर्गो में 15 से 40 एवं 40 वर्ष से अधिक आयु वाले प्रतिभागी विभिन्न विधाओं में अपना जौहर दिखायेंगे। जिनमें लोकनृत्य, लोकगीत, एकांकी नाटक (हिन्दी, अंग्रेजी भाषा एवं छत्तीसगढ़ी), शास्त्रीय गायन हिन्दुस्तानी शैली, शास्त्रीय गायन कर्नाटक शैली, सितार वादन (शास्त्रीय वादन), बांसुरी वादन (शास्त्रीय वादन), तबला वादन (शास्त्रीय वादन), वीणा वादन (शास्त्रीय वादन), मृदंगम वादन (शास्त्रीय वादन),हारमोनियम वादन (सुगम वादन), गिटार वादन (भारतीय या पाश्चात्य संगीत), मणीपुरी (शास्त्रीय नृत्य), ओडीसी (शास्त्रीय नृत्य), भरतनाट्य (शास्त्रीय नृत्य), कत्थक (शास्त्रीय नृत्य), कुचीपुड़ी (शास्त्रीय नृत्य), वक्तृत्व कला (तात्कालिक भाषण) को शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त अन्य विधाओं में गेड़ी नाचा, राउत नाचा, डंडा नाचा, रॉक बैंड (सीधे राज्य स्तर पर सम्मिलित किया जाएगा), पारम्परिक वेशभूषा (विविध वेशभूषा)प्रतियोगिता, फूड फेस्टीवल-छ.ग.के व्यंजनों के आधार पर प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता छ.ग.के लोक संस्कृति के चित्रण के आधार पर, वाद-विवाद, क्विज एवं निबंध को शामिल किया गया है।

सामान्य सभा की बैठक स्थगित

बिलासपुर । जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 15 नवंबर 2019 को निर्धारित की गई थी। जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मरवाही मुख्यालय पेण्ड्रा, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

-:: संशोधित विज्ञप्ति ::-

ज्ञापन क्र. 560/व.ले.लि./ग्रा.या.से./2019-20 पेण्ड्रा, दिनांक 11/11/2019

जोनल निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 01 ज्ञापन क्रमांक 528/व.ले.लि./ ग्रा.यां. से./2019-20 पेण्ड्रा, दिनांक 29/10/2019 को आमंत्रित की गई थी। जिसका जनसम्पर्क प्रकाशन क्र. जी-74563 है उक्त निविदा अपरिहार्य कारणों से तिथि संशोधन कर आगे बढ़ाया जाता है। जिसे निम्नानुसार पढ़ा जावे :-

1. कार्यालय में निविदा जमा करने की तिथि 19.11.2019 समय 17.30 बजे तक।
2. निविदा खोलने का दिनांक 20.11.2019

निविदा में अन्य विवरण यथावत रहेंगे।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मरवाही
मुख्यालय पेण्ड्रा
जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

जी-74895/4

नगर पालिका आम निर्वाचन 2019 के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त

बिलासपुर । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन द्वारा नगर पालिका आम निर्वाचन 2019 अंतर्गत जिले की नगरीय निकायों में संपन्न होने वाले मतदान के दौरान कानून व्यवस्था की स्थिति बनाये रखने की दृष्टि से नगरीय निकायवार कार्यपालक दण्डाधिकारियों को विभिन्न थाना क्षेत्रों के लिये सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। नगर पालिका निगम बिलासपुर हेतु ए.आर.टण्डन डिप्टी कलेक्टर एवं नगर दण्डाधिकारी बिलासपुर को पुलिस थाना सिटी कोतवाली, सुश्री दिव्या अग्रवाल डिप्टी कलेक्टर एवं कार्यपालक दण्डाधिकारी बिलासपुर को पुलिस थाना सिविल लाईन, तुलाराम भारद्वाज तहसीलदार एवं कार्यपालक दण्डाधिकारी बिलासपुर को पुलिस थाना तारबाहर, सुश्री तुलसी मंजरी साहू नायब तहसीलदार एवं कार्यपालक दण्डाधिकारी बिलासपुर को पुलिस थाना तोरवा, नारायण प्रसाद गवेल अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालक दण्डाधिकारी बिलासपुर को पुलिस थाना सरकंडा, शिवम पाण्डेय नायब तहसीलदार एवं कार्यपालक दण्डाधिकारी कोटा को पुलिस थाना कोटा, अभिषेक राठौर नायब तहसीलदार एवं कार्यपालक दण्डाधिकारी सकरी को पुलिस थाना सकरी, सुश्री प्रकृति ध्रुव नायब तहसीलदार एवं कार्यपालक दण्डाधिकारी बिल्हा को पुलिस थाना सिरगिट्टी के लिये सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

DIRECTORATE OF RESEARCH SERVICES
INDIRA HANDHI KRISHI VISHWAVIDYALAYA
KRISHAK NAGAR, RAIPUR 492012 (C.G)
Phone & Fax : 0771-2443035

No.DRS/Store/20192684 Raipur, Dated : 13.11.2019

TENDER NOTICE

Sealed tenders are invited from the manufactures company or authorized dealers for "setting up a Smart Class rooms at different collages of IGKV". The tender document along with rerms and conditions can be downloaded from the website www.igau.nic.in. The last date of submission of sealed tenders is upto 13th December, 2019 at 2:00 PM.

S.-23536/2 **Director of Research**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 18 अ-2/2019-20
ग्राम-मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रेनू भोजवानी पति रामचंद भोजवानी साकिन मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली अपने स्वामित्व की ग्राम मुंगेली पटवारी हल्का नं. 29 राजस्व निरीक्षक मंडल व तहसील मुंगेली स्थित भूमि खसरा नंबर 1000/55 रकबा 0.018 हेक्टेयर को आवास प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किए जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतएव आवेदक के स्वामित्व की ग्राम मुंगेली पटवारी हल्का नं. 29 राजस्व निरीक्षक मंडल, तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि खसरा नं. 1000/55 रकबा 0.018 हेक्टेयर को आवास प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किया जाना प्रस्तावित है। इस संबंध में यदि किसी को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा/आपत्ति पत्र ईश्तहार प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 23/10/2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 24 अ-2/2019-20
ग्राम-मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक 1. विकास कुमार लेडवानी आ. विमल कुमार लेडवानी 2. विमल कुमार लेडवानी आ. चेतनदास साकिन मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली अपने स्वामित्व की ग्राम मुंगेली पटवारी हल्का नं. 29 राजस्व निरीक्षक मंडल व तहसील मुंगेली स्थित भूमि खसरा नंबर 152/5 (शामिल ख.नं. 157/26) रकबा 0.016 हेक्टेयर को आवास प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण किए जाने बाबत आवेदन पत्र मय नक्शा, खसरा, बी-1 एवं अन्य दस्तावेजों की प्रतिलिपि के प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक के स्वामित्व की ग्राम मुंगेली पटवारी हल्का नं. 29 राजस्व निरीक्षक मंडल, तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि खसरा नं.152/5 (शामिल ख.नं. 157/26) रकबा 0.016 हेक्टेयर को आवास प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किया जाना प्रस्तावित है। इस संबंध में यदि किसी को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा/ आपत्ति पत्र ईश्तहार प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 25/10/2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 25 अ-2/2019-20
ग्राम-मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सरला ताम्रकार पति शरद ताम्रकार साकिन मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली अपने स्वामित्व की ग्राम मुंगेली पटवारी हल्का नं. 59 राजस्व निरीक्षक मंडल व तहसील मुंगेली स्थित भूमि खसरा नं. 1092/30 रकबा 0.012 हेक्टयर को आवास प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण किए जाने बाबत आवेदन पत्र मय नक्शा, खसरा, बी-1 एवं अन्य दस्तावेजों की प्रतिलिपि प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक के स्वामित्व की ग्राम मुंगेली पटवारी हल्का नं. 1092/23 रकबा 0.012 हेक्टेयर को आवास प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किया जाना प्रस्तावित है। इस संबंध में यदि किसी को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा/आपत्ति पत्र ईश्तहार प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 07/11/2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, मुंगेली (छ.ग.)

E mail- eemun-phe-cg@nic.in फोन 07755-264172

निविदा आमंत्रण क्र.-28/व.ले.लि./का.अ./लो.स्वा.यां.खण्ड/2019-20 मुंगेली, दिनांक 11.11.2019

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्ड मुंगेली के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु समुहबार मुहरबंद निविदाएं लोक निर्माण विभाग के एकल पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत निर्माताओं द्वारा प्रपत्र -''सी'' में केवल स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड डाक से निविदा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है।

समय सारिणी :-

1.1 निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 04/12/2019 (कार्यालयीन अवधि)
1.2 कोरे निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से जारी :- 05/12/2019 (कार्यालयीन अवधि)
1.3 निविदा रजिस्टर्ड पोस्ट से प्राप्त करने की तिथि :- 09/12/2019 (अपरान्ह 5.30 बजे तक)
1.4 निविदा खोलने की तिथि/ समय :- 10/12/2019 (अपरान्ह 11.30 बजे से)

स. क्र.	सामग्री का नाम	मात्रा	ठेके की अनुमानित लागत (लाखों में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	सामग्री प्रदाय पूर्ण करने की अवधि
1	Supply of 50 mm dia galvanised iron (ms) Pipes with specials medium class i/c testing of joints, cost of pipes specials & jointing material all complete pipes with long socket conforming to is 1239-2004- part 1/2	1100Mtr	4.47	3400.00	750.00	30 Days

जी-74874/2

कार्यपालन अभियंता,
लो.स्वा.यां. खण्ड, मुंगेली (छ.ग.)

■ न्यूज गैलरी

विभिन्न पदों के लिए आरक्षण की कार्रवाई पूरी

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य के मार्ग दर्शन में जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत राज व्यवस्था के अंतर्गत आगामी आम चुनाव के लिए आरक्षण की प्रक्रिया आज यहां जिला कार्यालय के सभाकक्ष में की गई। जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों की उपस्थिति में जिला पंचायत सदस्यों, जनपद अध्यक्षों तथा जनपद सदस्यों के लिए क्षेत्रों का आरक्षण किया गया। इन पदों पर नियमानुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिलाओं के लिए आरक्षण की कार्रवाई की गई। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ओंकार यदु, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती तनुजा सलाम उपस्थित थी।

गौरीनगर इंटरलॉकिंग कार्य का भूमिपूजन

राजनांदगांव। गौरीनगर वार्ड क्रमांक 14 मुख्य मार्ग के दोनों ओर इंटरलॉकिंग कार्य का विधि-विधान से पूजा अर्चना कर वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों के हाथो भूमिपूजन कर प्रारंभ किया गया। वार्ड के पार्षद व नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष हफीज खान ने बताया कि, गौरी नगर मुख्य मार्ग के दोनों किनारों में इंटर लॉकिंग न होने के कारण बारिश के समय कीचड़ हो जाता था और ठंड व गर्मी के समय वाहन चलन के कारण वाहनों के आवागमन से अत्यधिक धुल होने के कारण नागरिकों को अत्यधिक कठिनाईयां होती थी, जिस कारण वार्ड के मुख्य मार्ग के दोनों ओर इंटर लॉकिंग का कार्य कराया जा रहा है। ताकि, नागरिकगण को आवागमन करने में कोई तकलीफ न हो। कार्य प्रारंभ होने पर वरिष्ठजनों ने माननीय मुख्यमंत्री एवं नगर निगम प्रशासन को बधाई दी।

भाजपा का एकदिवसीय धरना प्रदर्शन आज

लवन। प्रदेश भाजपा के आव्हान पर प्रदेश के सभी मण्डलों में प्रदेश के कांग्रेस सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में भाजपा मण्डल लवन द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन शुक्रवार दोपहर 12 बजे तहसील चैक में राज्य सरकार के किसान विरोधी नीति के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जायेगा। जिसमें नवनिर्वाचित मण्डल अध्यक्ष विजय यादव ने मण्डल के समस्त मोर्चा प्रकोष्ट के कार्यकर्ता व किसान भाइयों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

लोधी समाज की कार्यकारणी बैठक 17 नवंबर को

आरंग। स्थानीय अवन्ति बाई लोधी भवन में लोधी समाज कार्यकारणी बैठक आयोजित की गई है। जिसमें होने वाले सामाजिक सामुहिक आदर्श विवाह , सभी इकाइयों के सामाजिक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों के संबंध में विस्तार से चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। उसी दिन लोधी युवा मंच द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रो में कार्यरत सामाजिक जनो का सम्मेलन भी आयोजित है।

15 को रुपाकाठी में राज्य स्तरीय हास्य कवि सम्मेलन

राजनांदगांव। डोंगरगॉव विकासखंड के ग्राम रुपाकाठी (किरगी) में 15 नवंबर शुक्रवार को रात्रि 8 बजे से राज्य स्तरीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है. इस कवि सम्मेलन में हास्य -व्यंग्य विधा के कवियों के साथ ही सुमधुर गीतकार भी आमंत्रित किए गए हैं।

550 वें प्रकाश पर्व में सम्मिलित हुए कैबिनेट मंत्री लंगर में छका प्रसाद

नवप्रदेश संवाददाता

आरंग। सिक्खों के प्रथम गुरु साहेब गुरुनानक देव जी के 550 वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आरंग सिक्ख समाज के द्वारा मेन रोड स्थित गुरुद्वारा में प्रकाश पर्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें आरंग क्षेत्र के स्थानीय विधायक व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया शामिल हुए। वहीं मंत्री जी ने सिक्ख समाज की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ प्रदेशवासियों एवं सिक्ख समाज को गुरुनानक देव जी के 550 वें प्रकाश पर्व की बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गुरुनानक देव जी जो की सिक्ख धर्म के संस्थापक थे कहा करते थे अव्वल अल्लाह नूर उपाया, कुदरत के सब बन्दे। एक नूर ते सब जग उपज्या, कौन भले कौन मंदे। गुरु जी की नजर में सच्चा सिक्ख वही है जो अपनी तरक्की सबके भले के साथ करें। उनका कहना था कि इंसान चाहे हिन्दू हो या मुसलमान, पर इसके भी पहले है वो सिर्फ इंसान। श्री डहरिया ने कहा कि गुरुनानक देव जी जात-पात के भेद को नहीं मानते थे। उनके नजर में इंसान की एक ही जात है, वो है मानव जात। उन्होंने मानव मानव एक समान के आदर्श को स्थापित करने का कार्य किया।

मंत्री श्री डहरिया ने सिक्ख मंगल भवन हेतु मांग पत्र प्रस्तुत किया, जिसमें मंच के माध्यम से ही तत्काल विचार करते हुवे कैबिनेट मंत्री डॉ. डहरिया ने सिक्ख मंगल भवन के लिए 20 लाख रुपये देने की घोषणा की और पुनः सिक्ख समाज को गुरुनानक देव जी के 550 वें प्रकाश पर्व के बधाई दी। उक्त कार्यक्रम में प्रमुखरूप से बड़ी संख्या में सिक्ख समाज व सिंध समाज के वरिष्ठजन, युवा, महिलाये व बच्चे उपस्थित थे।

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी आरंग की ओर से मंत्री शिव डहरिया जी को आभार

12 नवम्बर 2019 ये वो दिन है जिसका सिक्ख एवं सिंध समाज को बेसब्री से इंतज़ार था, जगत गुरू गुरु नानक देव जी का 550 वां प्रकाश पर्व और इस दिन को और भी यादगार बना दिया हम सब के चहीते विधायक जी एवं कैबिनेट मंत्री माननीय श्री शिव डहरिया जी की उपस्थिति ने। जी हां हमारे कार्यक्रम में माननीय मंत्री जी ने न सिर्फउपस्थिति दर्ज कराई बल्कि गुरुद्वारे में माथा टेका एवं अरदास भी कराई, इस कार्यक्रम में जब हमने अपनी गुरुद्वारा हेतु भूमि एवं आवश्यक धनराशि की मांग हेतु मांगपत्र महोदय जी के समक्ष प्रस्तुत किया, तो उन्होंने अपने उदार स्वभाव का परिचय देते हुए 20 लाख रुपए की धनराशि की स्वीकृति की घोषणा की । उपरांत उन्होंने हमारे साथ सहजता से बैठकर गुरू का लंगर भी ग्रहण किया ।

केदारबाड़ी में चोरी करने वाले 3 आरोपी जेवरात बेचते पकड़े गये

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। डोंगरगढ़ नगर के वार्ड 2 काली मंदिर के सामने स्थित सुने मकान में दिनदहाड़े चोरी की घटना को अंजाम देकर जेवरात पार करने वाले 3 चोरों को पुलिस ने धर दबोचा है।

डोंगरगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड नं 2 केदार बाडी काली मंदिर के सामने निवारी प्रार्थी माया पति राजकुमार गजभिऐ उम्र 41 वर्ष के द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्जकर बताया कि गत 9 अक्टूबर शनिवार को सुबह 9.5 बजे से 1 बजें दिनदहाड़े अज्ञात चोर द्वारा घर में घुसकर सोने का मंगलसुत्र 2 नग, सोने की चुड़ी, 6 नग, सोने का कड़ा 2 नग, सोने का कान का लटकन 5 जोडी, सोने का नेकलेस 3 नग, सोने की चैन 5 नग, सोने की अंगुठी 4 नग, सोने की पेडल 4 नग, सोने की फुल्ली 10 नग व चांदी की छोटी व बड़ी कुल 16 जोड़ी पायल पुरानी इस्तेमाली चोरी कर ले गए है। शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 618/2019 धारा 454, 380 भादंवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर अज्ञात चोरो को खोजना शुरू कर दिया था, जिसके बाद संदेही कर राकेश सिंह पिता स्व. जगत सिह उम्र 45 वर्ष निवासी काली मंदिर के सामने गौतम नगर, महेश कुमार पिता स्व. अमर लाल हठीले उम्र 42 साल निवासी रविदास नगर मोचीपारा व संजय कुमार पिता मखरूम हठीले उम्र 42 साल निवासी रविदास नगर मोचीपारा डोंगरगढ़ को पकड़ पुछताछ किया गया जिसके बाद तीनों चोरों ने उक्त घटना करना कबुलकर निशादेही पर चोरी गए सोने, चांदी के जेवरात कीमत 770200 रूपए को जप्त किया गया जिसके बाद तीनों आरोपी को कोर्ट में रिमांड पर पेशकर किया गया है। उक्त कार्यवाही में उ.नि. प्रमोद शर्मा, प्रधान आरक्षक चंद्रभुवन मंडावी, शरद युनुस, आरक्षक मुखती यादव, शिवलाल वर्मा, परिवेश वर्मा, मिथलेश अंनत की सराहनीय भूमिका रही।

अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटा, चालक गंभीर

महासमुन्द। घटना का संक्षिप्त विवरण (ईआरव्ही की एसओपी के 112 एवं थाना प्रभारी पिथौरा को सूचित कर चंद मिनटों में घटना स्थल पहुँच कर कॉलर से सम्पर्क करने पर बताया गया की एक व्यक्ति जिसका नाम टीकम साहू पिता सुखी राम साहू उम्र 45 साल साकिन गड़बेड़ा का निवासी जो अपने घर से ट्रेक्टर लेकर कृषि कार्य हेतु खेत की ओर जा रहा था। ट्रेक्टर अचानक अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया। ट्रेक्टर चालक नीचे दब गया था। जिसे गंभीर चोट तो नहीं आई। जिसे ईआरवी स्टाफ व जन सहयोग से बड़ी मसक्कत कर जेसीबी निकाला गया। ट्रेक्टर चालक की हालत गंभीर होने के कारण उसे तत्काल उपचार के लिए स सीएचसी हॉस्पीटल पहुंचाया गया।

ब्लाक कांग्रेस कमेटी आरंग ने नेहरू जी की 129वीं जयंती मनाई

आरंग। स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी का 129वी जयंती ब्लाक कांग्रेस कमेटी आरंग के तत्वावधान में गाधी भवन में आयोजित किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ नेहरू जी छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ जनों ने नेहरू जी के कार्यो पर अपने- अपने विचार व्यक्त किया एवम उनके बताए हुए मार्गो पर चलने का संकल्प लिया। भारत के पूर्व प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के जयंती के अवसर पर आरंग के एल्डरमैन मंगलमूर्ति अग्रवाल , राजेश्वरी साहू, सदाराम जलछत्री व दीपक चंद्राकर, विष्णु भारद्वाज , लल्ला साहनी, के के चंद्राकर, चंद्रकला साहू, मनोज तंबोली,लक्ष्मी नारायण लोधी, सतीश चंद्राकर, संतोष भारद्वाज, भारती देवांगन, सूरज सोनकर, कन्हैया साहनी, शरद गुप्ता, सजल चंद्राकर,जय डहरिया, सूरज सोनकर,भीम जलछत्री,दिनेश तंबोली,रविन्द्र गुप्ता,राजेश साहू, प्रद्युमन शर्मा, भरत लोधी, एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित हुए।

बाल दिवस पर पुरुस्कृत हुए बच्चे विविध गतिविधियों का हुआ आयोजन

आरंग। विकासखंड शिक्षा कार्यालय से प्राप्त निर्देशो के अनुसार शासकीय प्रायमरी शाला सदर रोड आरंग में शाला विकास समिति व समुदाय की सहभागिता से बाल दिवस के अवसर पर विविध गतिविधियों यथा फैंसी ड्रेस,वादविवाद, कहानी वाचन, निबंध,स्लोगन व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । एसएमसी अध्यक्ष पार्षद कुमुदिनी गुप्ता ,राजकुमार गुप्ता, हरिराम कडरा ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए बाल दिवस की शुभकामनाएं बच्चों को दी वही समुदाय से सतनाम सिंह टूटेजा ने प्रयास बाल कहानी सुनाकर प्रेरित किया । प्रभारी प्रधान पाठक अरविन्द वैष्णव ने बताया कि भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु बच्चों से असीम प्यार और स्नेह करते थे साथ ही चाचा नेहरू के नाम से लोकप्रिय रहे ।फैंसी ड्रेस में बच्चों ने कन्हैया, नेता व कमांडो ड्रेस से सबका मन मोह लिया ।

मोहारा स्थित शराब दुकान को स्थानांतरित करने आबकारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव। समाज का एक बहुत बड़ा हिस्सा नशे के भंयकर जाल में फंसा हुआ है। नशीले पदार्थो का सेवन समाज में बाढ़ की तरह फैलता जा रहा है। इस नशीले पदार्थो में तम्बाकू दुस्प्रभावित किया है ऐसा ही स्थिति मोहारा वार्ड में भी देखने को मिल रहा है। वार्ड के महिलाओं व स्कूल-कॉलेज आने जाने वाली बच्चियों के साथ छेड़खानी व अनाचार होते रहती है जिसके कारण उस मार्ग से आने-जाने में अत्यधिक कठिनाई होती है। महिलाए व बच्चियों अपने आपको सुरक्षित महसुस नही कर पाती है। स्कूल-कॉलेज तथा शहर की ओर आने-जाने हेतु एक मात्र यही मार्ग है जहाँ पर शराब दुकान संचालित हो रही है। कई बार तो ऐसा देखा गया है कि स्कूल कॉलेज व शहर की ओर आने वाली महिलाए व बच्चियॉ आवगमन हेतु इस मार्ग में रूचि नही दिखाती है ।

धान खरीदी, 9 स्थानों पर होगा अस्थायी बैरियर

गरियाबंद। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन अवधि के दौरान उड़िसा व अन्य प्रांत से छत्तीसगढ़ के धान उपार्जन केन्द्रों में विक्रय के लिए आने वाले धान की रोकथाम एवं कार्यवाही करने हेतु जिले की सीमा पर 9 स्थानों पर अस्थायी बैरियर (चेकपोस्ट) स्थापित कर चेकिंग दल तैनात किया जायेगा। कलेक्टर श्री श्याम धावड़े द्वारा चेकपोस्ट के लिए चेकिंग दल हेतु अधिकारी-कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी गई है।

बाल नेत्र सुरक्षा सप्ताह 20 तक

गरियाबंद। जिले में राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 14 नवम्बर को बाल दिवस के अवसर पर जिला गरियाबंद में 14 से 20 नवम्बर 2019 तक जिले के समस्त स्कूलों में 06 से 14 वर्ष के छात्र-छात्राओं को नेत्र परीक्षण कर निःशुल्क चश्मा वितरण कार्यक्रम का शुभांरभ आज कन्या कस्तुरबा गांधी विद्यालय गरियाबंद में किया गया। शुभारंभ अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन. आर. नवरत्न, सिवल सर्जन डा. जी. आर टंडन, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा श्याम कुमार चन्द्राकर एवं श्रीमती अधीक्षीका पुष्पा रामटेके उपस्थित थे।

विशेष टीकाकरण सप्ताह का शुभारंभ

गरियाबंद। जिले में सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान के तर्ज पर विशेष टीकाकरण सप्ताह का क्रियान्वयन कर 90 प्रतिशत से अधिक टीकाकरण लक्ष्य की प्रप्ति किये जाने का निर्णय लिया गया है। जिला गरियाबंद अंतर्गत टीकाकरण के लक्ष्य को 90 प्रतिशत से अधिक प्राप्त करने हेतु आगामी माह के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन.आर. नवरत्न से मिली जानकारी अनुसार गरियाबंद जिले में विशेष टीकाकरण सप्ताह का आयोजन 02 दिसंबर 2019, 6 जनवरी 2020, 3 फरवरी 2020 एवं 2 मार्च 2020 को किया जायेगा। जिला एवं विकासखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन कर टीकाकरण से वंचित गर्भवती माताओं एवं 02 वर्ष तक के बच्चों का चिन्हांकन करने हेतु घर-घर भ्रमण कर ड्यू लिस्ट तैयार की जायेगी। ड्यू लिस्ट के लिए 5 बिन्दुओं के आधार पर ऐसे ग्रामों मजरा टोला या पारा को लिया जायेगा जहां ए.एन.एम. विहिन उप स्वास्थ्य केन्द्र या 03 या अधिक माह से ए.एन.एम. अनुपस्थित हों। पूर्ण टीकाकरण का कवरेंज कम पाये जाने वाले क्षेत्र और पहुंचविहीन क्षेत्र या ज्यादा आबादी वाले क्षेत्र जहां टीकाकरण करने में स्वास्थ्य कर्मी को परेशानी होती है। तीन या अधिक महीनों से नियमित टीकाकरण सत्र से छुटे हुए क्षेत्र। ईट भट्टों, मलीन बस्ती या पलायन करने वाले सामुदाय में सर्वे कर अटीकाकृत बच्चों का खोज की जावेगी।

स्वच्छाग्रही महिलाओं को दिया गया स्वच्छता विषय पर प्रशिक्षण

गरियाबंद। गरियाबंद जिले के पांचो विकासखण्ड की 25 महिला समूह को स्वच्छता आधारित ठोस एवं तरल अपषिष्ट प्रबंधन पर आवासीय प्रषिक्षण डी.पी.आर.सी भवन में दिया गया। प्रषिक्षण के दौरान महिलाओं को बताया गया कि वह स्वच्छाग्रही के रूप में कैसे अपने गांव एवं परिवेष को स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग प्रदान करेंगी। विदित हो जिला गरियाबंद में स्वच्छ भारत मिषन के तहत प्रारंभिक स्तर पर 75 ग्राम पंचायतों में ठोस एवं तरल अपषिष्ट प्रबंधन का कार्य किया जा रहा है। आगामी वर्षो में यह कार्य जिले के समस्त 332 ग्राम पंचायतों में किया जावेगा जिसमें शहरों की तर्ज पर गांव में भी घर-घर कचरा कलेक्षन कर उसका उचित निपटान किया जावेगा। प्रषिक्षण के द्वितीय दिवस में स्वच्छाग्रही महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन विषय पर भी प्रषिक्षण दिया गया। इस प्रषिक्षण का मुख्य उद्देष्य महिलाओं को उन दिनों में होने वाले कठिनाईयों पर चुप्पी तोड़ने तथा प्रकृति की इस देन को खुले तौर पर स्वीकार करने तथा स्वच्छता रखने के बारे में तथा गांव के लोगों को जागरूक करने का हुनर बताया गया।

परंपरा | तीन राज्यों के प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा, सामूहिक में त्रिवेणी संगम जांजगीर-चांपा ने मारी बाजी

कोलिहा में डांस प्रतियोगिता और मड़ई मेला आयोजित

लवन। ग्राम पंचायत कोलिहा में नवयुवक जनजागण समिति द्वारा कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां दिन में पारम्परिक मड़ई मेला, राउतनाचा, देवी देवताओं की पूजा-अर्चना कर रात्रि 8 बजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जो सुबह 8 बजे तक चलता रहा। जनजागण समिति के संरक्षक एवं संचालक हरिकिशन वर्मा ने बताया कि ग्राम कोलिहा में पूर्णिमा के अवसर पर छत्तीसगढ़ की परम्परा, धरोहर, संस्कृति को जीवन्त बनाये रखने के उद्देश्य से मड़ई मेला का आयोजन प्रतिवर्ष किया गया।

इस आयोजन में आसपास के ग्राम मुण्डा, बरदा, चिरपोटा, बगबुड़ा, कोरदा, डोंगरा, पैंजनी, लाहोद सहित 15 ग्रामों के यादव बन्धुओं के द्वारा अपने पारम्परिक परिधानों से राउतनाचा प्रस्तुत कर, देवी देवताओं का पूजा-अर्चना किया गया एवं गांवों का भ्रमण किया गया। रात्रि 8 बजे से अतिथि परमेश्वर यदु पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष, अनराग पाण्डेय जिला महामंत्री, अनुप पाण्डेय अध्यक्ष कृषक सेवा लवन, देवीलाल बार्वे ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी लवन की अध्यक्षता में शुभारंभ मां सरस्वती की छायाचित्र में दीप प्रज्जलित कर श्रीफल फोड़कर विधिवत रूप से किया गया।

प्रतियोगिता में 45 प्रतिभागियों ने अपना पंजीयन कराकर भाग लिया। आयोजक समिति द्वारा शील्ड एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। निर्णायक समिति के सदस्य रामचन्द्र वर्मा, अजय श्रीवास, रामप्रकाश वर्मा, बंशीलाल एवं अमित कुमार वर्मा द्वारा चयन कर समिति को सौंपकर विजेताओं का घोषणा किया गया। जिसमें सामुहिक में प्रथम त्रिवेणी संगम डांस ग्रुप जांजगीर चांपा, द्वितीय ऋषी डांस ग्रुप शिवरीनारयण, तृतीय के.के.डांस ग्रुप कुकरा चंडा, चौथा सरगम डांस ग्रुप महासमुंद रही।

धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

तिल्दा-नेवरा। ब्लाक कांग्रेस कमेटी के द्वारा बिते दिन गुरुवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाया । कांग्रेसजनो ने सुबह 11.00बजे कांग्रेस भवन में एकत्रित होकर पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवनगाथा पर प्रकाश डालते हुए 129 वां जयंती मनाया इस अवसर पर उपस्थित समस्त कांग्रेसिजनो ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के बताये हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया प्रदेश महामंत्री राम गिलानी ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के आत्मकथा का स्मरण करते हुए कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरु का बच्चो के प्रति गहरा लगाव था और यही वजह है कि वे अपने जन्मदिन को भी बच्चों के मध्य मनाते हुए बाल दिवस का नाम दिया।

मनरेगा का भुगतान नहीं मजूदर मेहनताने के लिए काट रहे चक्कर

■ कई बार की शिकायत फिर भी नहीं जाग रहे विभाग के अफसर

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। कोरिया जिले के मनेन्द्रगढ़ वन मंडल में जंगल मे मोर नाचा किसने देखा यह कहावत सही साबित हो रहा है जहा वन विभाग के द्वारा कराए गए कार्य में मजदूरी भुगतान अभी चर्चा का विषय बना हुआ है। जहा इस वन मंडल में कम मजदूरी भुगतान कर देयक प्रमाणक में अधिक राशि आहरण करने का मामला अभी शांत हुआ नही की इसी वन मंडल में बहरासी वन परिछेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न वनांचल ग्राम के आदिवासी युवा वर्ष 2019 में वन विभाग द्वारा इसी वन परिछेत्र के विभिन्न बीट में कराए गए। चेक डेम, नाली निर्माण, सड़क निर्माण, कूप कटाई, तालाब निर्माण सहित स्टाप डेम निर्माण में वन विभाग द्वारा निर्धारित मजदूरी दर से कम मजदूरी भुगतान कर अधिक राशि प्रमाणक देयक में दर्ज कर आहरण करने का आरोप वन अधिकारी पर लगाया है। वही प्रमाणक अनुसार शेष राशि की भुगतान करने हेतु वन मंडला अधिकारी को ग्रामीणों के हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया है जहा वन मंडलाधिकारी ने भी जाच कर उचित कार्यवाही कर भुगतान दिलाने का आस्वाशन दिया है जब कि वन परिछेत्र में राज्य सरकार द्वारा विभिन कार्यक्रम अंतर्गत कार्य के तहत कार्य कराए जा रहे हैं। जिसमें वनविभाग अंतर्गत सड़कों एवं पुल निर्माण कार्य भी शामिल किया गया है, परंतु चेक डेम व स्टाप डेम जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में आदिवासी वर्ग के मजदूरों से मजदूरी भुगतान में अनियमितता की जा रही है। जब कि शासन द्वारा अनुसूचित छेत्र होने के कारण मजदूरी जैसे भुगतान मामलों में शिकायत मिलने पर तत्काल कार्यवाही की बात कही जाती है किंतु मनेन्द्रगढ़ वन मंडल के बहरासी व कुवारपुर परिछेत्र में लगातार शिकायत मिलने के पश्चात भी अब तक न कोई जाच, न मजदुरो को पूरा भुगतान होने को लेकर सवाल उठना लाजमी है । वही अफसरसाहि से अब उन्हें मजदूरी के लिए परेशान होना पड़ रहा है । वही अब एक छेत्र के विरोध के बाद अब दूसरे गांव के लोग भी कम मजूदरी के लिए वन विभाग के अधिकारी के खिलाफ सामने आकर अपने मजदूरी बकाया भुगतान की मांग कर रहे है फिर भी अधिकारी केवल जाच का आस्वासन देकर खानापूर्ति कर रहे जब कि पूर्व वन मंडलाधिकारी ने भी कम मजदूरी की शिकायत मिलने पर शेष बकाया राशि का भुगतान का निर्देश दिया था किंतु उनके स्थानांतरण होते ही शिकायत व जाच की फाइल कहा गायब हो गई कार्यालय में ही चर्चा का विषय बना हुआ है वही ग्रामीण उच्च अधिकारियों से जांच के पश्चात दोसी अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग भी कर रहे ।

लगातार खबर

मजदूरी भुगतान में गड़बड़ी की शिकायत पर ग्रामीणों ने लगाया अधिकारी पर धमकाने का आरोप

बैंक के सहयोग से गड़बड़ी की आसंका

जानकारी अनुसार वन विभाग द्वारा कार्यो के लिए स्वीकृति राशि को मजदूरी भुगतान के प्रमाणक व खाते में गए राशि मे अंतर है जिससे बैंक की भूमिका भी संदिग्ध नजर आ रही वही वन विभाग के अधिकारी नगद आहरित कर इस शासकीय राशि मे हेर फेर किये हैं यदि वास्तविक जाच हो जाये तो वर्ष 2019 में बहरासी व कुवारपुर में कराए गए कार्यो के मजदूरी प्रमाणक व मजदुरो का बयान लिया जाये तो लाखों का मजदूरी गबन का फर्जीवाड़ा सामने आ सकता है ।

इनका कहना है

इस संबंध में शिकायत मिली है जाच के पश्चात ही स्पष्ट हो पायेगा की मजदूरी सही मिला है या नही जांच से पहले कुछ भी नही कहा जा सकता पूर्व में मिली शिकायत में क्या जांच हुई यह अधिकारी ही स्पष्ट बता सकते हैं ।

-सीएम साकया, फारेस्ट एसडीओ केल्हारी ,मनेन्द्रगढ़ वन मंडल।

न्यूज गैलरी

सामाजिक कार्यकर्ता का पदस्थापना आदेश जारी

जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जांजगीर-चांपा जिले के महिला एवं बाल विकास कार्यालय में श्रीमती संतोषी वैष्णव का सामाजिक कार्यकर्ता के पद पर संविदा आधार पर नियुक्ति के लिए पदस्थापना आदेश जारी किया गया है। यह नियुक्ति दो वर्ष के लिए होगी। पदस्थापना की अवधि बढ़ाने की निर्णय विभाग की आवश्यकता तथा संविदा नियुक्त व्यक्ति की उपयुक्तता का आंकलन के आधार पर जिला स्तरीय समिति द्वारा लिया जाएगा।

आरक्षण की कार्यवाही के संबंध में प्रशिक्षण संपन्न

जांजगीर-चांपा। त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019-20 के लिए आरक्षण की कार्यवाही हेतु कलेक्टर श्री जनक प्रसाद पाठक के निर्देश पर आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तहसीलदार और वरिष्ठ करारोपण अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन

जांजगीर-चांपा। एकीकृत बाल संरक्षण योजना अंतर्गत जिला स्तरीय सामाजिक कार्यकर्ता के पद (अनारक्षित) पर कर्मचारी की संविदा भर्ती हेतु चयन/प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन किया जा रहा है। इस आशय की जानकारी कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जांजगीर द्वारा दी गई।

आकस्मिक मृत्यु के तीन प्रकरणों में 12 लाख की सहायता

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर ने आकस्मिक दुर्घटनाओं में तीन मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रूपये के मान से कुल 12 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। ग्राम तिलई के देवेश उर्फ मोहन की मृत्यु पर उनके निकटतम वारिस रामबिलास को चार लाख रूपये, ग्राम खम्हरिया की कुमारी भूमिका साहू की मृत्यु होने पर उत्तरा कुमार को चार लाख रूपये और ग्राम कुटराबोड़ की सुस्मिता कुर्रे की आकस्मिक दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके निटकतम वारिस द्वासराम को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

सेवा योजना शिविर आज से

अकलतरा। महावीर शिक्षण समिति द्वारा संचालित विद्यासागर उच्चतर माध्यमिक शाला के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का 7 दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम कोटगढ़ में 15 नवंबर से डीईओ केएस तोमर के मुख्य आतिथ्य कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. कमल नारायण बनाफर की अध्यक्षता, थाना प्रभारी तेज कुमार यादव, बीईओ लक्ष्मण सराफ एवं सरपंच कोटगढ़ श्रीमती विमला नेताम के विशिष्ट आतिथ्य में किया जाएगा।

जीएसटी संयुक्त आयुक्त आरएन साय की अपील, समय पर जमा करें रिटर्न

नवप्रदेश संवाददाता

अम्बिकापुर। दिनांक 14-11-2019 को स्थानीय जीएसटी कार्यालय में जीएसटी विभाग के अधिकारियों के साथ टैक्स बार एसोसिएशन एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों की संयुक्त तत्वाधान में बैठक आयोजित की गई जिसमें जीएसटी से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई । सर्वप्रथम अपने उद्बोधन में बिलासपुर से पधारे संयुक्त आयुक्त राज्य कर जीएसटी श्री आर एन साय ने विलम्ब से भरे जा रहे रिटर्न पर चिंता जाहिर की तथा समस्त करदाताओं से नियत समय पर अपने जीएसटी रिटर्न जमा करने की तथा अनावश्यक ब्याज पेनाल्टी एवं विभागीय कार्यवाही से बचने की अपील की। टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री डी के शर्मा द्वारा करदाताओं की ओर से आ रही विभिन्न समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराया गया जिसका हर संभव निराकरण करने का आश्वासन सहायक आयुक्त श्री एस आर भगत के द्वारा दिया गया। जीएसटी कानून में आ रही तकनीकी एवं व्यवहारिक समस्याओं को लेकर संयुक्त आयुक्त श्री साय द्वारा कहा गया कि जिस भी करदाता को ऐसी कोई समस्या उत्पन्न होती है तो वे तत्काल अपने अधिवक्ता के माध्यम से अथवा स्थानीय जीएसटी कार्यालय में उपस्थित होकर अधिकारियों को अपनी समस्या बताएं हमारी टेक्निकल टीम तत्काल उस समस्या के निराकरण का प्रयास करेगी।

चेंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से श्री बाबूलाल अग्रवाल एवं श्री अजय सुल्तानिया जी बैठक में उपस्थित थे उन्होंने भी अपने स्तर से करदाताओं में जागरूकता फैलाने एवं समय पर कर एवं विवरणी भरने के लिए प्रेरित करने की बात कही।

बंजारा समाज ने शोभायात्रा निकालकर मनाई गुरुनानक जयंती

कोण्डागांव। जिले के सभी ब्लाको में बंजारा समाज के द्वारा अपने इष्टदेव गुरुनानक देव जी के 550 वी जयंती पर्व को लेकर काफी उत्साह देखने मिला, बंजारा समुदाय के लोगो ने ग्राम गम्हरी और बहीगांव में गुरूनानक जयंती की सुरुवात सबसे पहले शोभायात्रा निकाल कर नगर भ्रमण किया गया. उसके बाद बंजारा समाज के एक जगह एकत्र हो कर विधि विधान से बंजारा समाज अपने रीति रिवाजों के साथ, जगदम्बा माँ की पूजा अर्चना करते हुए, गुरुनानक साहब जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण किया गया, कार्यक्रम में उपस्थित बंजारा समाज द्वारा गुरुनानक जयंती पर लापसी, कढ़ाव, रोठ जैसे पकवानों का भोग लगाया गया . वही बंजारा समाज के जिला अध्यक्ष लोकनाथ राठौर ने बताया गुरुनानक जयंती पर्व को लेकर बंजारा समाज में काफी उत्साह है, जिसे जिले में सभी ब्लॉकों में मनाया गया।

लिटिल लेजेंड्स किड्स स्कूल में मना चिल्ड्रन डे सेलिब्रेशन

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर। लिटिल लेजेंड्स किड्स स्कूल मे आज चिल्ड्रन डे के अवसर पर फैन्सी ड्रेस कॉम्पीटिशन रखा गया जिसमे नन्हे-मुन्हे बच्चो ने विभिन्न प्रकार के फैन्सी ड्रेस के माध्यम से श्लोगन एवं राइम्स गाकर सेन्सफूल पॉजिटिव मैसेज दिए। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर सुमन मैम ने नन्हे-मुन्हे बच्चो को चिल्ड्रन डे सेलिब्रेशन के महत्व को बतलाया। शिक्षिकाओ मे को-कोऑर्डिनेटर अंजली मोदी मैम , सिम्मी मैम, आरती मैम एवं नन्हे-मुन्हे बच्चो मे शौर्य , लिची , खुशबू , योग्य , राशिका , शिवम् , मायरा , काव्या , अंशु , आदया , वेदांश , सौमाक्षी , तान्या , विक्रांत , अवनी शामिल हुए। उक्त आयोजन किड्स स्कूल के डॉयरेक्टर सुनील सिंघानिया के निर्देश एवं मार्गदर्शन मे सफ्लतापूर्लक संपन्न हुआ।

कांग्रेस ने याद किया आधुनिक भारत के स्वप्न दृष्टा जवाहर को

नवप्रदेश संवाददाता

कोंडागॉव। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा देश के प्रथम प्रधानमंत्री व आधुनिक भारत के स्वप्नदृष्टा जवाहरलाल नेहरू की 130 वी जयंती पे उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की सर्वप्रथम उनके छाया चित्र पे माल्यार्पण कर दिप प्रज्वलित किया गया इस अवसर पे कांग्रेसजनों ने उनके योगदान को याद करते उनके द्वारा देश की प्रगति के लिए किए कार्यो को सबके सामने रखा आजादी के बाद जब देश मे किसी भी प्रकार का कोई संसाधन नही था ऐसे समय मे नेहरू जी ने भाखड़ा नागल बांध ,चिकित्सा के क्षेत्र में एम्स जैसे संस्थान,उद्योग के क्षेत्र में भिलाई स्पात संयंत्र जैसे संस्थान,इसरो की स्थापना जैसे अनेको उदाहरण है जो उनकी देश को सर्वोच्च शिखर पे ले जाने की दूरदर्शिता को दर्शाती है इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि शिशिर श्रीवास्तव, ब्लाक अध्यक्ष बुधराम नेताम, वरिष्ठ कांग्रेसी राजेंद्र देवांगन, नरेंद्र राठौर, जिला महामंत्री गीतेश गांधी, पार्षदगण उमेश साहू, राजेन्द्र देवांगन, रविन्द्र सेठिया, जितेंद्र दुबे, श्याम सिंग, रीतेश पटेल, दीपक दहिया, रितेश गोयल,चंचला। विश्वास,शंकर मलिक,बुधराम। मरकाम, धनसु नेताम सहित कार्यकता पदाधिकारी उपस्थित थे।

रिटर्निंग, सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) श्री जनक प्रसाद पाठक ने जिले में त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2019-20 के लिए जनपद पंचायतों तथा ग्राम पंचायतों के लिए रिटर्निंग ऑफिसर और जिला एवं जनपद पंचायतों के चुनाव के लिए सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। जारी आदेश के अनुसार जिला पंचायत के चुनाव के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) रिटर्निंग आफिसर होंगे। अपर कलेक्टर जांजगीर-चांपा और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर हांगे। इसी प्रकार जनपद तथा ग्राम पंचायतों के लिए 9 रिटर्निंग तथा 18 सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जनपद पंचायत नवागढ़ के लिए तहसीलदार रिटर्निंग और नायब तहसीलदार शिवरीनारायण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नवागढ़ सहायक रिटर्निंग ऑफिसर होंगे।

सहायक संचालक भावे ने किया खिसोरा छात्रावास का निरीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर श्री जनक प्रसाद पाठक के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग के सहायक संचालक श्री भावे द्वारा गत दिवस शासकीय प्रि-मैट्रिक बालक छात्रावास खिसोरा और खैजा का गहन निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के साथ दोपहर भोजन कर भोजन की गुणवत्ता भी परखी। श्री भावे ने छात्रावासां के बच्चों से रू-ब-रू चर्चा कर वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। श्री भावे ने विद्यार्थियों से उनकी समस्याएं पूछी और उनके निराकरण के निर्देश छात्रावास अधीक्षक को दिये। उन्होंने छात्रावासों में विद्यार्थियों की बेडशीट, गद्दा, तकिया, पेयजल, विद्युत उपकरणों, भवन, किचन, आदि का गहन निरीक्षण किया।

किरंदुल में नये मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने संभाला पदभार

नवप्रदेश संवाददाता

किरंदुल। नगरपालिका परिषद किरंदुल में पूर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी आई.एल पटेल का स्थानांतरण बड़े बचेली नगर पालिका होने के तत्पश्चात मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामावन प्रसाद नेताम ने पदभार ग्रहण किया इस अवसर पर नगर पालिका कर्मचारी अधिकारी तथा परिषद द्वारा उनका स्वागत किया तथा पूर्व अधिकारी को विदाई देकर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई इस अवसर पर अध्यक्ष नगरपालिका अनिल राजी मोल,उपाध्यक्ष निर्मल बघेल,एवं समस्त पार्षद गण एवं नगरपालिका अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे ।

सीएमओ नगरपालिका कर रहे कांग्रेसी की तरह कामः तरसेम सिंह गिल

■ जिला भाजपा ने मनमानी का आरोप लगाते कलक्टर को सौंपा ज्ञापन

नवप्रदेश संवाददाता

कोण्डागांव। एक तरफ जहॉ नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी चल रही है। तो वही दूसरी नगर पालिका के सीएमओ सूरज सिदार पर भारतीय जनता पार्टी की जिला ईकाई ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी पर मनमानी करने के साथ ही कांग्रेस के पदाधिकारी की तरह काम करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार की दोपहर कलक्टर को ज्ञापन सौपा है। पूर्व मंत्री लता उसेन्डी ने कहा कि, सीएमओ नगर पालिका द्वारा कांग्रेस के कार्यकर्ता के साथ मिलकर वार्डो मे राशन कार्ड का वितरण किया करने के साथ ही राशन कार्ड कांग्रेस के पार्षद को दे दिया गया है। वहीं जिलाध्यक्ष मनोज जैन ने कहा कि, इसके पूर्व दीपावली मिलन समारोह भी नगर पालिका में आयेजित किया गया। और इसके लिए लोगों बांटे गए निमंत्रण कार्ड में सीएमओ ने अध्यक्ष नगर पालिका का ही नाम गायब था। जबकि, कार्ड में सीएमओं का नाम अंकित था। वहीं नगरपालिका अध्यक्ष तरसेम सिंह ने कहा कि, मुख्य नगरपालिका अधिकारी न तो मेरे को किसी भी चीज की जानकारी दे रहे है और नहीं मुझसे किसी बात की सलाह ली जा रही है।

जिला विधिक सेवा साक्षरता प्राधिकरण

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर-चांपा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सामाजिक जागरूकता के अवसर पर हरिराम गट्टानी मेमोरियल जय भारत इ. मि. स्कूल जांजगीर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप अतिरिक्त जिला न्यायाधीष उदयलक्ष्मी परमार एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राजेष पाण्डेय उपस्थित रहे। श्री राजेष पाण्डेय द्वारा छात्र-छात्राओं को स्वयं के सामातिक कर्तव्य एवं अनुषासित जीवन के बारे में बताया। अतिरिक्त जिला न्यायाधीष ने विद्यार्थियों को मानव कर्तव्य और सामाजिक कर्तव्यों के साथ-साथ वर्तमान में चल रही गतिविधियां जिसमे सोशल मीडिया डमकपं से हो रहे दुरूपयोग के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि 14 वर्ष से 28 वर्ष की अवधि के मध्य मनुष्य में कई प्रकार के हार्मोस परिवर्तन होते हैं। जिसका असर इस उम्र पर दिखाई देता है जिसमें लैंगिक जागरूकता जैसी अज्ञानता तथा इसके संबंध में अल्प ज्ञान मनुष्य को पतन की ओर ले जाता है। जिसमें बाल अपराध जैसे तस्वीरों से छेड़-छाड़, प्रत्यारोपण, अष्लील विडियो आदि स्वयं एवं दूसरे द्वारा दिखाया जाना। यदि हम अपनी अभिव्यक्ति और विचारों के आदान-प्रदान से सोशल मीडिया डमकपं को स्वयं एवं दूसरों के लाभ हेतु उपयोग करे दार्षनिकों महापुरूषों द्वारा कही बातों का प्रचार-प्रसार करें।

आयोजन — जिला सहकारी संघ मर्यादित अंबिकापुर सरगुजा के तत्वाधान में 66वां सहकारिता सप्ताह आज से प्रारंभ

अंबिकापुर जिले में सहकारिता ध्वज फहरा कर शुरू हुआ सहकारिता सप्ताह

नवप्रदेश संवाददाता

अंबिकापुर। सहकारिता आंदोलन को जन जन तक पहुंचाने एवं सहकारिता की भावना के अनुरूप 'एक सबका - सब एक का' के सिद्धांत को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से देश में 14 नवंबर से 20 नवंबर तक सहकारिता सप्ताह मनाया जाता है। इसी परिप्रेक्ष्य में जिला सहकारी संघ मर्यादित अंबिकापुर सरगुजा के तत्वाधान में 66 वां सहकारिता सप्ताह आज 14 नवंबर से प्रारंभ हुआ। जिले के सहकारी आंदोलन से जुड़े सभी सदस्यों किसानों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में 20 नवंबर तक नए भारत में सहकारिता की भूमिका विषय पर संगोष्ठी एवं विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। सहकारी सप्ताह के प्रथम दिवस पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के इंदिरा हॉल में ग्रामीण सहकारिता में नवाचार विषय पर संगोष्ठी आयोजित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों ने सहकारिता ध्वज फहराया, अतिथियों का स्वागत जिला सहकारी संघ के प्रबंधक विनोद गुप्ता लेखापाल पी के शांडिल्य एवं जिला सहकारी संघ के सदस्यों ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं आर एन पैकरा ने सहकारिता आंदोलन के उद्भव, विस्तार, प्रभाव एवं अधिकार के साथ ही ग्रामीण सहकारिता पर विस्तार से अपने विचार रखा तथा विपणन संघ के डीएम श्री पांडेय, बैंक के अतिरिक्त प्रबंधक पी सी गुप्ता, विपणन अधिकारी पी एस परिहार, मुख्य पर्यवेक्षक बी के पी सिंह, मुख्य लेखापाल श्रीमती सरोज कन्नौजिया, सहकारी विभाग के एच एस यादव, कृभको के क्षेत्रीय प्रतिनिधि श्री जाट एवं आंतरिक अंकेक्षक श्री पांडेय ने गोष्ठी में भाग लेकर अपने विचार व्यक्त कर ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिता के महत्व को प्रतिपादित किया।

आभार जिला सहकारी संघ के प्रबंधक विनोद गुप्ता ने एवं कार्यक्रम का संचालन बी के पी सिंह ने किया। कार्यक्रम में सहकारी आंदोलन से जुड़े सदस्यों सहित श्रीमती बिंदु रानी, अरविंद नामदेव, रामचंद्र ठाकुर, अवधेश कुमार, गयारतन, श्रीमती सरिता श्रीवास्तव, श्रीमती मंजू गुप्ता, श्रीमती तारा यादव, श्रीमती जनक सावरगांवकर, श्रीमती सरिता वर्मा, श्रीमती निर्मला तिर्की, नंदू पैकरा, राहुल केसरी, संदीप सोनी, विनोद साय एवं जिला सहकारी संघ, सहकारी प्रेस एवं बैंक के कर्मचारी उपस्थित थे।

अंधत्व निवारण सप्ताह का शुभारंभ

अम्बिकापुर। स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण मंत्री श्री टी.एस सिंहदेव के निर्देशानुसार बाल दिवस के अवसर पर आज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर में बाल नेत्र सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ महापौर डॉ. अजय तिर्की के द्वारा किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी (अंधत्व) ने बताया कि जिला अंधत्व नियत्रंण कार्यक्रम के द्वारा बाल दिवस के अवसर पर राज्य में पहली बार बाल नेत्र सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया है जो 14 नवम्बर से 20 नवम्बर 2019 तक चलेगी। इस दौरान मुख्य अतिथि महापौर डॉ. अजय तिर्की के द्वारा स्वास्थ्य मंत्री श्री टीएस सिंहदेव के संदेश का वाचन किया एवं बच्चों को चश्मा वितरीत किया गया। नेत्र सर्जन एंव नोडल अधिकारी अंधत्व नियत्रंण कार्यक्रम डॉ. रजत टोप्पो के द्वारा नेत्र सुरक्षा संबंधी जानकारी बच्चों को दी गई। उन्होंने बताया कि बाल नेत्र सुरक्षा सप्ताह के तहत माइक्रो प्लान के अन्तर्गत नेत्र सहायक अधिकारियों के द्वारा 6 से 15 वर्ष तक स्कूली बच्चों के दृष्टि की जांच एवं जॉचे गये बच्चों को चश्मा प्रदाय किया जाएगा। कार्यक्रम में नेत्र सहायक अधिकारी श्री सी.सी. अब्राहम, रमेश घृतकर, राजेन्द्र जायसवाल, अमित नापित एवं स्कूल की प्राचार्या श्रीमती एस.एस. कुरैशी, प्राधानाचार्य श्री आर. के. तिवारी, सहित अन्य शिक्षकगण एवं करीब 500 विद्यार्थी उपस्थित थे। मंच संचालन डॉ. अमीन फिरदौसी द्वारा किया गया।

अवैध अतिक्रमण की हो रही सुनवाई, कब्जाधारियों का चालू है अतिक्रमण

- **तहसीलदार ने निर्माण कार्य पर रोक लगाकर किया सामान जब्त**
- **न्यायालय की अवमानना के खिलाफ थाने में दर्ज कराया जाएगा मामला : मरकाम**

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। नगर के सुभाषवार्ड स्थित मछ्ली मार्कट के निकट बेज़ा कब्ज़ा में बन रही अवैध दुकान के खिलाफ हमने 21 22और 24 अक्टूबर को बड़ी ही प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया गया था।खबर के बाद तहसील व राजस्व की टीम ने अवैध अतिक्रमण करने वाले के खिलाफ मामला बनाकर मामले की सुनवाई तक अवैध अतिक्रमण पर निर्माण कार्य पर रोक लगा दिया गया था ।जबकि तहसीलदार के यहाँ अभी सुनवाई ज़ारी है ।लेकिन अवैध अतिक्रमण करने वालों के हौसले इतने बुलन्द दिखाई दे रहे है कि तहसीलदार के यहाँ सुनवाई चल रही है मामला विचाराधीन है।और अवैध अतिक्रमण करने वाला बेखोफ दुकान में निर्माण कार्य चालू कर रखा है । अवैध निर्माण में कार्य चालू होने की खबर तहसीलदार को दिए जाने के बाद तत्काल नायब तहसीलदार राजस्व निरीक्षक पटवारी की टीम को भेजकर सखूती से अवैध निर्माण में रोक लगाकर सामानों को जब्त कर अवैध अतिक्रमण करने वाले के खिलाफ न्यायालय के अवमानना करने की पुलिस में मामला दर्ज कराने की बात कही गई है।बता दे कि दैनिक बाज़ार में उक्त अवैध अतिक्रमण करने वाले के द्वारा मछ्ली मार्कट के बीचोबीच अवैध दुकान का निर्माण कराया जा रहा है। इतना ही नही उक्त अवैध अतिक्रमण करने वाले के द्वारा सरकारी नोटिस को ताक में रखकर बदस्तूर निर्माण कार्य को कराया जाना किसी राजनीतिक सरक्षण की बात से इंकार भी नही किया जा सकता है।

अवैध अतिक्रमण करने वाले की जानकारी तहसीलदार को दिए जाने के बाद तहसीलदार के जानकारी के अनुसार उक्त अवैध अतिक्रमण का प्रकरण की सुनवाई किया जा रहा है ।इधर अवैध अतिक्रमण करने वाले के द्वारा बेखोफबिना परवाह किए दुकान में मजदूर लगाकर अवैध निर्माण किया जा रहा था।दुकान में छ्बाई का कार्य किया जा रहा था ।तहसीलदार ने तत्काल शिकायत के आधार पर अपनी टीम को भेजकर निर्माण कार्य पर रोक लगाते निर्माण कार्य मे लगें घमेला ,रापा गैती हथोडा प्लास्तर करने के समानो को ज़ब्ती कर न्यायालय की अवमानना करने के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज़ करने की कार्यवाही के निर्देश दिया गया है ।

> उक्त अवैध अतिक्रमण पर रोक लगाकर निर्माण कार्य बंद करा दिया गया है ।और टीम के द्वारा मौके से निर्माण में लगे समानो को ज़ब्ती कर लिया गया है।उक्त अवैध अतिक्रमण करने वाले के खिलाफ न्यायालय की अवमानना का केस दर्ज़ किया जाएगा।
>
> **- मनोज मरकाम**
> **तहसीलदार**

अवैध अतिक्रमण पर राजस्व महिला अधिकारी की पहली कार्यवाही

- **महिला सशक्तिकरण को मजबूत करने सौपी गई थी ज़िम्मेदारी : तहसीलदार**

कांकेर। ग्राम पंचायत सिदेसर में लंबे समय से मिल रही अवैध अतिक्रमण की शिकायत को गंभीरता पूर्वक लेते तहसीलदार मनोज मरकाम ने उक्त अवैध अतिक्रमण करने वालो को नोटिस ज़ारी कर अपना पक्ष रखने कहा गया ।लेकिन अवैध अतिक्रमण करने वालो की तरफ से कोई भी पक्ष नही रखने के चलते तहसीलदार काँकेर ने नायब तहसीलदार ज्योत्स्ना कलिहारी राजस्व निरीक्षक नीलिमा ठाकुर और हल्का पटवारी दीप्ति मंडावी को उक्त अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही की अनुशंसा करते ज़िम्मेदारी सौपी गई । गुरुवार की कार्यवाही में महिला सशक्तिकरण को बढावा देने की तहसीलदार की पहल कामयाब भी साबित हुई । सुबह 7 बजे नायब तहसीलदार ज्योत्स्ना कलिहारी राजस्व निरीक्षक नीलिमा ठाकुर हल्का पटवारी दीप्ति मंडावी ने सिदेसर के अवैध अतिक्रमण स्थल पहुँचकर आगे की कार्यवाही में जुट गई ।ततपश्चात तहसीलदार के नेतृत्व में महेंद्र पिता नारायण परमानंद पिता नामकरण वीरेंद्र पिता सियाराम के द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ क़ब्ज़ा को हटाकर ज़मीदोज़ किया गया ।इस कार्यवाही के बाद गांव में अवैध अतिक्रमण करने वालो में हड़कंप मचा हुआ है । बता दे कि यह पहला राजस्व मामला है जब किसी महिला अधिकारी कर्मचारी के द्वारा अवैध अतिक्रमण की कार्यवाही किया गया है । इस कार्यवाही के बाद महिला शशक्तिकरण की अगुवाई वाली कार्यवाही कहा जा सकता है ।

> सिदेसर ग्राम पंचायत में सरकारी ज़मीन पर तीन लोगो के द्वारा अवैध अतिक्रमण किया जा रहा था ।ग्राम पंचायत व ग्रामीणों के द्वारा रोक के बावजूद उक्त अवैध अतिक्रमण किया जा रहा था ।शिकायत के आधार पर अवैध अतिक्रमण करने वालो के खिलाफकार्यवाही में महिला अधिकारी को जिम्मदारी देकर महिला सशक्तिकरण को मजबूत बनाने का प्रयास किया गया हैं। आगे भी अवैध अतिक्रमण करने वालो के खिलाफठोस कार्यवाही किया जाएगा।
>
> **-मनोज मरकाम, तहसीलदार**

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना से ग्रामीणों को मिल रहा है आर्थिक लाभ

- **गर्मियों में मवेशियों को मिलेगा पानी व चारा**
- **स्व सहायता समूहों को वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने से होगी अच्छी आमदनी**

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। राज्य सरकार की महत्वपूर्ण सुराजी गांव योजना के तहत गावों में गौठानों की पुरानी परम्पराओं को फिर से कायम करने के उददेश्य से ग्रामीणों और चरवाहाओं को खुश रखने के लिए इस योजना का शुभारंभ किया गया। बीजापुर जिले के ग्राम पंचायत ईटपाल के मांझीगुडा में बने आर्दश गोठान में ग्रामीणों ने अपने-अपने मवेशियों को सुरक्षित रखने पानी पिलाने और इलाज के लिए लाने लगे है। इस गौठान के संचालन की जवाबदारी गांव की तुलसी माता स्व सहायता समूह को सौंपी गई है, और गोठान में पशुओं की देखभाल व नियमित उपचार किया जा रहा है। चरवाहा चैतुराम साहनी ने बताया कि अभी गोठान में किसानों द्वारा गाय-बैलों को लाते है। पिछले कुछ सालों पहले चरवाही का काम बंद हो गया था। लेकिन अब चरवाहा का काम मिलने से घर परिवार को चलाने में आसानी हो गया है।

लाल ईंट पर प्रशासन की सख्त नज़र कड़ी कार्रवाई ज़ारी रहेंगी : तहसीलदार

- **प्रतिबंधित लाल ईट पर तीन दिनों में तीन ट्रेक्टर पर कार्यवाही, थाने भेजा गया ट्रेक्टर**

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। काँकेर जिला मुख्यालय में लाल ईंट मुरूम जैसे खनिज संपदा पर न्यायालय के प्रतिबंध के बाबजूद बेखोफ होकर ठेकेदार लाल ईट मुरूम जैसे खनिज संपदा की तस्करी करने से बाज़ नही आ रहे है ।लेकिन लाल ईट व मुरूम जैसे खनिज संपदा को लेकर ज़िला प्रशासन अब सख्त रुख अपनाने में कोई कोरी कसर नही छोड़ते दिखाई दे रही है ।बीते दो दिन पूर्व कलेक्टर के निर्देशानुसार तहसीलदार मनोज मरकाम राजस्व निरीक्षक की टीम ने सरकारी छुट्टी के दिन लाल ईट की तस्करी कर रहे दो ट्रेक्टर को शहर के भीतर कार्यवाही करते आगे की कार्यवाही के लिए खनिज विभाग के सुपुर्द किया गया था । वही गुरुवार को दोपहर 1 बजे के करीब सेन चौक में लाल ईट की तस्करी की सूचना मिलते नायब तहसीलदार ज्योत्स्ना कलिहारी राजस्व निरीक्षक सुधीर लकड़ा पटवारी की टीम ने मौके पर जाकर प्रतिबधित लाल ईट व ट्रैक्टर के खिलाफ कार्यवाही कर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है । बता दे कि तहसीलदार काँकेर के द्वारा लगातार रेत लाल ईट जैसे खनिज संपदा को लेकर समय समय पर बड़ी कार्यवाही किया जाता रहा है।लेकिन खनिज विभाग के द्वारा अब तक ना तो रेत और ना ही लाल ईट के खिलाफ कोई भी बड़ी कार्यवाही नही किया गया है ।इसके पहले लगातार मीडिया के सुर्खियों में रेत की चोरी की खबर प्रकाशित होने के बाद रेत की तस्करी रोकने स्वयं कलेक्टर को अवैध रेत तस्करी करने वालो के खिलाफ आधी रात विकासखंड चारामा के मचांदुर नाका पहुँचकर कार्यवाही करना पड़ा था ।

लाल ईट के खिलाफ हुई कार्रवाई

उच्चअधिकारियों के निर्देशानुसार लाल ईट पर सख्ती से कार्यवाही किए जाने के बाद से तीन दिनों में तीन ट्रेक्टर लाल ईट के खिलाफ कार्यवाही किया गया है । आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी

-मनोज मरकाम
तहसीलदार

पॉलिसी को लेकर कल कार्यकारिणी की बैठक

- **अमेजन एवं फ्लिपकार्ट के खिलाफ कैट काँकेर के सांसद मोहन मंडावी को सौंपा ज्ञापन**

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंड़िया ट्रेड़र्स (कैट) के प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी वाली मोहम्मद, प्रदेश मंत्री मोहम्मद आरिफ जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष शिवमपुरी गोस्वामी, कोषाध्यक्ष गौरव शास्त्री, अमित चोपड़ा, गौरव मिश्रा, धर्मेन्द्र यादव ने बताया कि आज हाजी वली मोहम्मद के नेतृत्व में आज अमेजन एवं फ्लिपकार्ट के खिलाफप्रदेश के सांसदों को ज्ञापन सौपा गया। उन्होंने बताया दोनों कंपनियों द्वारा एफडी.आई. निति का उल्लंघन किया जा रहा है। इनके द्वारा लागत से कम मूल्य पर सामानों को बेचा जा रहा है। इस प्रकार जो अनैतिक रूप से छूट दिया जा रहा है, यह देश के खूदरा व्यापार के लिये बेहद घातक है, ये कंपनियां वास्तव में कोई व्यापार नहीं कर रही हैं बल्कि अपने निजी इक्विटी या वेंचर कैपिटलिस्ट निवेशकों के इशारों पर एक वैल्यूएशन खेल में लिप्त हैं जो देश के घरेलू व्यापार के ताने बाने को विकृत कर रहा है। इससे प्रदेश के 6 लाख एवं देश के 7 करोड़ व्यापारी प्रभावित हो रहे है। आज ई-कॉमर्स कंपनियों के खिलाफ कैट के द्वारा चलाया जा रहे राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल माननीय श्री मोहन मंडावी जी सांसद कांकेर लोक सभा से मुलाकात कर उन्हे अवगत कराया और ई-कॉमर्स कंपनियों के खिलाफ एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। उन्हें संसद में इस मुद्दे को उठाने और सरकार से इन ई-कॉमर्स कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की ।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

नेहरू अपने सिद्धांतों पर...

सबको एक साथ लेकर चले वो नेहरू हैं। लेकिन कुछ लोग उनके कद को कम करना चाहते हैं, जो प्रधानमंत्री देश में ऐसे व्यक्ति के बारे में जानना जरूरी। भिलाई स्टील प्लांट उन्होंने बनवाया। हिंदुस्तान का प्रत्येक व्यक्ति यहां निवास करता है। अन्नदाताओं को सम्मान और उनके हाथ मजबूत करने का काम नेहरू ने किया।

सीएम ने कहा हमने धान खरीदी के लिए केन्द्र को पत्र लिखा। इस पर केंद्र से जवाब आया यदि आप 2500 में धन खरीदेंगे तो इससे स्थिति खराब हो जाएगी। कर्ज माफी के बाद छत्तीसगढ़ में क्रयशक्ति बढ़ी है। उन्होंने कहा कि केन्द्र ने पैसा आरबीआई से निकल के कार्पोरेट सेक्टर में दिया और हमने किसान गरीब और आदिवासियों को दिया। जिस हिटलर और मुसोलनी को अपना आरएसएस के लोग अपना प्रेरणास्रोत मानते हैं खाखी और काली टोपी लगाकर ड्रम बजाते हैं वो ना तो भारत का पोशाक है और ना ही भारत की संस्कृति का हिस्सा है। लालकृष्ण आडवानी ने ये स्वीकार नहीं किया कि उन्होंने मस्जिद ढहाया लेकिन हमारे नेताओं ने स्वीकार किया। जिस राममंदिर को लेकर भाजपा राजनीति करते थे उसका कांग्रेस ने स्वागत किया। उन्होंने भगवान के नाम पर राजनीतिक रोटियां सेंकी। हमने पीएम को पत्र लिखा कल मैंने बताया था कि राष्ट्रपति से मिलेंगे लेकिन वो टल गया। अब केंद्रीय कृषि और खाद्य मंत्री से मुलाक़ात होगी। उन्होंने कहा कि 2000 से आज तक भारतीय खाद्य निगम चावल खरीदती रही। इस बार केंद्र ने रोक लगाने का काम किया। जिसे लेकर चर्चा होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रविन्द्र चौबे ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में सबसे ज्यादा नेहरू का योगदान था। हमारा सौभाग्य है कि 15 सालों बाद छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हुकूमत आई। ऐसा इसलिए क्योंकि भूपेश बघेल कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष थे।

कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में सीएम भूपेश भी शामिल : झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपने 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, राहुल गांधी टॉप थ्री में शामिल हैं। वहीं लिस्ट में अध्यक्ष सीएम भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव, ताम्रध्वज साहू का भी नाम शामिल है। यह सूची कांग्रेस आलाकमान ने जारी की है। सूची में 40 स्टार प्रचारकों के नाम हैं। ज्ञात हो कि स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव झारखंड की स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन हैं।

सुबह 6 बजे बिस्तर...

निर्देश देते तस्वीरें भी वॉट्सएप ग्रुप में शेयर करना होगा। सभी जिलों के कमिश्नरों से उन्हों ने साफ तौर पर कहा है कि बड़ी गाड़ियों की बजाए वे दोपहिया वाहनों का इस्तेमाल कर सड़कों, गलियों में सफाई कार्य देखें और जनता से भी चर्चा कर उनसे सुझाव मांग काम करें। सिर्फ निर्देश देकर ही सीएम मंडल भूल नहीं गए हैं बल्कि खुद रोज सुबह सभी निगम कमिश्नरों के वाट्सएप ग्रुप में हर एक से फोटो शेयर करने को भी कहे हैं ताकि कोई चूक न करें। दूसरी हिदायत एक साथ सभी जिलों के कलेक्टरों की समीक्षा बैठक में उन्हों ने दी है। आज सुबह 10 बजे न्यू सर्किट हाउस रायपुर में वक्त से 5 मिनट पहले ही सीएस आरपी मंडल पहुंच गए थे। उन्हों ने तय वक्त पर बैठक शुरु कर दी और सीधे मुद्दे पर ही बोले। बैठक में कलेक्टर, कमिश्नर, जिला पंचायत के सीईओ को खास तौर पर ताकीद दी है। प्रशासनिक अधिकारियों से जिले में चल रहे विकास कार्यों और लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरणों के जल्द निबटारे की निरंतर समीक्षा की। चीफ सेक्रेटरी श्री मंडल ने सभी को कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर छत्तीसगढ़ ही एकमात्र ऐसा राज्य है जहां धान का मूल्य 2500 दिया जा रहा है। ऐसे में इसका लाभ सिर्फ छत्तीसगढ़ के ही किसानों को मिले यह आप सभी को सुनिश्चित करना होगा। बाहरी राज्यों से अवैध धान ढुलाई पर कड़ी नजर रखने दो टूक शब्दों में निर्देश दिया है। किसी भी तरह की कोई चूक या लापरवाही से अगर अवैध धान यहां खपाया गया और मामला मिला तो सख्ती कलेक्टरों और जिला पंचायत सीईओ पर होगी।

सख्ती नहीं कईयों को मिली तारीफ

चीफ सेक्रेटरी आर पी मंडल की समीक्षा बैठक में आज उस वक्त कई जिलों के कलेक्टरों और जिला पंचायत सीईओ की हवा खिसक गई, जब फील्ड की जानकारी लेकर बैठे मंडल के सवालों के वे जवाब नहीं दे सके. दरअसल अधिकारियों को इस बात की उम्मीद नहीं थी कि समीक्षा के दौरान जमीनी जानकारी चीफ सेक्रेटरी के पास मौजूद होगी. हालांकि बैठक में मंडल के अंदाज ने प्रशंसा पाने वालों के साथ-साथ डांट खाने वाले अधिकारियों को भी जमकर प्रभावित किया. बैठक से बाहर निकले अधिकारियों में यह गुफ्तगू होती रही कि अरसे बाद राज्य में प्रशासनिक कामकाज की समीक्षा इस तरह से की गई. चीफ सेक्रेटरी ने अपने मातहत अधिकारियों को मोटिवेट भी किया. कई कलेक्टर यह कहते हुए बैठक से बाहर निकले की यह मंडल स्टाइल वाली बैठक हैं, जहां डांट भी हैं, तो वहीं अच्छे काम की सराहना भी. बैठक के दौरान चीफ सेक्रेटरी ने पांच जिलों के कलेक्टरों के कामकाज पर नाराजगी जाहिर की. वहीं कमिश्नरों को लेकर दो टूक कहा कि सिर्फ शो पीस बनकर न रहे।

पंद्रह दिनों में दोबारा समीक्षा होगी

चीफ सेक्रेटरी आर पी मंडल ने दो टूक कह दिया है कि आज की बैठक में दिए गए निर्देशों का क्रियान्वयन तेजी से किया जाए. उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि हर जिले के कामकाज पर उनकी बारीक नजर होगी. साथ ही पंद्रह दिनों बाद वह खुद दिए गए निर्देशों के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे. काम में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों पर सख्ती बरती जाएगी।

सीएम की प्राथमिकता...

वाली योजनाओं पर रिजल्ट ओरिएंटेट काम किया जाए. बैठक खत्म होने के बाद जनसंपर्क आयुक्त तारण प्रकाश सिन्हा ने कहा कि चीफ सेक्रेटरी की मंशा के अनुरूप ही मुख्यमंत्री के निर्देशों के तहत बैठक का एजेंडा तय किया गया था। बैठक में धान खरीदी की समीक्षा, लोक सेवा गारंटी अधिनियम का क्रियान्वयन, पट्टों की भूमि को फ्री होल्ड किए जाने के प्रकरण, नए आबादी पट्टों का वितरण, राजस्व मामलों के साथ-साथ दस आकांक्षी जिलों में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई. इसके अलावा दिसंबर में होने वाले नेशनल ट्राइबल डांस फेस्टिव, यूथ फेस्टिवल की तैयारियों की भी समीक्षा की गई।

निर्देश का ऐसा...

0 सुबह 5 बजे बिस्तर छोड़ने वाले कुछ कमिश्नर ही थे अब वे भी जल्दी उठ रहे हैं जो सूर्योद्य भी नहीं देखे थे। सीएस मंडल ने यह भी कहा था कि सिर्फ मेन रोड-सड़क ही नहीं बल्कि अपनी बड़ी गाड़ियों को छोड़ दुपहिया वाहनों का इस्तेमाल करें। तो कई ऐसे भी हैं जो मॉर्निंग वॉक व सायकिल में निकलते हैं तो ज्यादातार दुपहिया वाहन का ही उपयोग कर रहे हैं। जाहिर है प्रदेश में धान खरीदी पर 2500 रुपए सिर्फ छत्तीसगढ़ में ही दिया जाएगा। ऐसे में पड़ोसी राज्यों और बिचौलिये बेजा लाभ लेने की कोशिश भी करते रहे हैं। इनकी वजह से स्थानीय किसानों का लाभ ये बाहरी खाते हैं। इस बार सीएस मंडल ने कलेक्टर, कमिश्नर और सीईओ समेत सभी प्रशासनिक अफसरों को ताकीद कर दिया है कि कोई भी बेजा लाभ न ले इसके लिए चेकपोस्ट और बाहरी बिचौलियों पर सख्ती बरतें।

सबरीमाला: पिछला फैसला...

नए सिरे से विचार के लिए सात सदस्यीय संविधान पीठ को सौंपा है। सीजेआई रंजन गोगोई ने कहा कि धार्मिक प्रथाओं को सार्वजनिक आदेश, नैतिकता और भाग-3 के अन्य प्रावधानों के खिलाफ नहीं होना चाहिए।

छत्तीसगढ़ में शीघ्र लागू होगा पत्रकार सुरक्षा कानून

बीजापुर। छत्तीसगढ़ में पत्रकार सुरक्षा के लिए शीघ्र पत्रकार सुरक्षा कानून लागू होगा। इस संबंध में न्यायमूर्ति आफ्ताब आलम सेवानिवृत्त न्यायाधीश उच्चतम न्यायालय की अध्यक्षता में गठित समिति ने प्रस्तावित कानून का प्रारूप तैयार कर लिया है और इस पर पत्रकारों, पत्रकार संगठनों तथा आमजनों से चर्चा कर सुझाव प्राप्त करने के लिए समिति 16 से 18 नवम्बर तक राज्य के विभिन्न अंचलों का दौरा करेगी। समिति 16 नवम्बर को रायपुर के विशिष्ठ अतिथि विश्राम गृह पहुना में दोपहर 12.30 बजे से 2 बजे तक पत्रकार एवं पत्रकार संगठनों से तथा अपरान्ह 3.30 से शाम 5 बजे तक आमजनों से चर्चा कर सुझाव लेगी। इसी प्रकार समिति 17 नवम्बर को सर्किट हाऊस जगदलपुर में पूर्वान्ह 11.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक पत्रकार और पत्रकार संगठनों से तथा अपरान्ह 3 से 4 बजे तक आम नागरिकों से सुझाव लेगी। समिति 18 नवम्बर को अम्बिकापुर पहुंचेगी और दोपहर 12.30 बजे से 1.30 बजे तक पत्रकार और पत्रकार संगठनों से तथा दोपहर 2.30 बजे से 3.30 बजे तक आम नागरिकों से चर्चा कर सुझाव प्राप्त करेगी। प्रस्तावित छत्तीसगढ़ पत्रकार सुरक्षा कानून का हिन्दी और अंग्रेजी प्रारूप जनसम्पर्क संचालनालय की वेबसाइट 222.स्रश्चह्म्.द्दश1.द्बठ्ठ उपलब्ध है। किसी शंका की दशा में अंग्रेजी रूपांतरण मान्य होगा। ज्ञातव्य है कि प्रदेश में पत्रकार निर्भीकता से स्वतंत्र लेखन कर सकेंए इसके लिए राज्य सरकार ने पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने का निर्णय लिया है। जिसके परिपालन में मार्च 2019 में पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने के लिए उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश, न्यायमूर्ति आफ्ताब आलम की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है।

नेशनल ट्रायबल डांस फेस्टिवल का जिला स्तरीय आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। जिला मुख्यालय कांकेर के शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आज नेशनल ट्रायबल डांस फेस्टिवल का जिला स्तरीय आयोजन किया गया, जिसमें जिले के सभी सातों विकासखण्डों से पहुंचे कलाकारों ने जनजातीय लोक नृत्य एवं लोक कलाएं, पारंपरिक तीज-त्यौहार और अन्य विधाएं जैसे-सुआ नृत्य, करमा नृत्य, गेड़ी नृत्य इत्यादि का मनभावन प्रस्तृति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

नेशनल ट्रायबल डांस फेस्टिवल का शुभारंभ करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा क्षेत्र कांकेर के विधायक श्री शिशुपाल शोरी ने कहा कि बस्तर की लोक संस्कृति और परंपराएं पूरे विश्व में आकर्षण और कौतूहल का विषय है। यहां के लोक कलाओं को समझने के लिए विदेश के लोग भी आते हैं, छत्तीसगढ़ सरकार स्थानीय परंपरा, लोककला संस्कृति इत्यादि को संरक्षण प्रदान करने का कार्य कर रही है। इसी कड़ी में युवा महोत्सव, नेशनल ट्रायबल डांस फेस्टिवल इत्यादि का आयोजन किया जा रहा है। विकास का अवधारणा केवल भौतिक विकास ही नहीं है, बल्कि परंपराओं का संरक्षण भी है। छत्तीसगढ़ उमंगों की धरती है। कांकेर में आयोजित नेशनल ट्रायबल डांस फेस्टिवल में आदिवासी संस्कृति, परंपरा, रीति-रिवाज इत्यादि को देखने, समझने का अवसर मिलेगा, जिससे मनोरंजन के साथ सांस्कृतिक ज्ञान भी प्राप्त होगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2017-2019, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

'भूल भुलैया 2' में कार्तिक और कियारा आडवाणी के साथ दिखाई देंगी तब्बू

कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी अब फिल्म भूल भुलैया 2 में साथ दिखाई देंगे। उनके साथ अब फिल्म में तब्बू को भी कास्ट किया गया है। बताया जा रहा है कि जनवरी में तब्बू इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर देंगी। कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी साल 2007 में आई हॉरर-कॉमिडी फिल्म 'भूल भुलैया' के सीक्वल में नजर आने जा रहे हैं। इस फिल्म के पहले पार्ट में अक्षय कुमार, विद्या बालन और शाइनी अहूजा मुख्य भूमिकाओं में थे। अब इसके सीक्वल 'भूल भुलैया 2' की शूटिंग भी शुरू हो गई है। अब पता चला है कि इस फिल्म में इस बार तब्बू भी नजर आएंगी। अनीस बज्मी के डायरेक्शन में बन रही इस फिल्म में तब्बू को भी कास्ट किया गया है। फिल्म से जुड़े एक नजदीकी सूत्र ने बताया, 'पिछले कुछ समय से तब्बू की फिल्म के मेकर्स से बातचीत हो रही थी। उन्हें अपना रोल और स्क्रिप्ट काफी पसंद आई है। वह जनवरी में कास्ट से जुड़ेंगी और तीन महीने का सेकंड शेड्यूल का शूट लंदन और राजस्थान में होगा।'

कई बार रिजेक्शन का सामना किया :डेजी शाह

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री डेजी शाह का कहना है कि उन्हें कई बार रिजेक्शन का सामना करना पड़ा था।

डेजी शाह ने वर्ष 2014 में प्रदर्शित सलमान खान की फिल्म 'जय हो' से बतौर मुख्य अभिनेत्री डेब्यू किया।इसके बाद डेजी ने हेट स्टोरी 3 और रेस 3 जैसी फिल्मों में काम किया। डेजी शाह आज बॉलीवुड का जाना-माना नाम है, लेकिन एक समय ऐसा था जब डेजी शाह लगातार फेस रिजेक्शन का सामना कर रही थीं। डेजी शाह ने बताया कि उन्हें कई बार रिजेक्ट कर दिया गया था और वह यह सुनकर चौंक गई थीं क्योंकि उन्हें इसकी बिल्कुल उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा, मैं अभी भी इसका कारण खोज रही हूं कि मुझे बैक टू बैक रिजेक्शन क्यों मिल रहा था। यह लंबे समय से हो रहा था। कुछ लोग टेस्ट लेने के बाद कहते थे 'हम आपसे संपर्क करेंगे'लेकिन उसके बाद कोई संपर्क नहीं करता था। जब भी मुझे रिजेक्ट किया गया है, मुझे कोई ठोस कारण नहीं दिया गया। डेजी शाह ने कहा,÷मुझे अभी तक नहीं पता चला कि वो क्या था जो मेरी तरफसे गलत हो रहा था, या अब ऐसा क्या है जो मैं सही कर रही हूं। ये एक बड़ा सवाल है और मैं आज भी इसका उत्तर खोज रही हूं।

QUIZ TIME

1) पहले व्यावसायिक टाइपराइटर में प्रयुक्त क्वर्टी कीबोर्ड का डिजाइन किसने किया था?

2) मध्य प्रदेश के .... राष्ट्रीय उद्यान में दुर्लभ हार्डग्राउंड बरसिंघा का एकमात्र निवास स्थान है।

3) शेक्सपियर के किस नाटक में सबसे अधिक 3924 लाइनें हैं?

(क) हेमलेट (ख) मैकबेथ (ग) ओथेलो (घ) रोमियो और जूलियट

4) 1999 के विश्व कप में, कौन सा क्रिकेटर हैट्रिक में गया, बच गया, और उसी मैच में बाद में हैट्रिक ली? (सकलेन मुश्ताक / चमिंडा वास)

5) मानव अधिकार कार्यकर्ता को पहचानें?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) क्रिस्टोफर शोल्स (2) कान्हा नेशनल पार्क (3) हैमलेट (4) सकलेन मुश्ताक (5) रिगोबर्टा मेन्चू

दूल्हा और दुल्हन बनकर तिरुपति पहुंचे दीपिका और रणवीर

दूल्हा और दुल्हन बनकर तिरुपति पहुंचे दीपिका और रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण अपनी शादी की पहली सालगिरह पर तिरुपति मंदिर पहुंचे। दोनों बिल्कुवल दुलहा और दुल्हन वाले अवतार में जंच रहे थे। भॉलिवुड की सबसे खूबसूरत जोड़ियों में से एक 'पद्मावत' ऐक्टर्स रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण अपनी शादी की पहली सालगिरह का जश्न मना रहे हैं। हमने आपको पहले ही बताया था कि इस खास मौके पर दीपिका और रणवीर अपने परिवार के साथ तिरुपति में आशीर्वाद लेने के लिए जाएंगे और ऐसा ही हुआ। अपने इस खास दिन की शुरुआत उन्होंने इस पवित्र स्थल से की। दोनों अपने परिवार वालों के साथ तिरुपति मंदिर जाकर ईश्वर का आशीर्वाद लिया। यहां पेश हैं तिरुपति मंदिर पहुंचे इस कपल की कुछ तस्वीरें, जो इस समय इंटरनेट की सुर्खियों में हैं। दोनों की कोई शानदार तस्वीरें सामने आ रही हैं, जिनमें दोनों काफी जंच रहे हैं। तिरुपति मंदिर में पहुंचे रणवीर और दीपिका किसी नई शादीशुदा जोड़ी की तरह दिख रहे हैं। रेड हेवी साड़ी और जूलरी में दीपिका एक बार फिर दुल्हन सी सजी थीं और रणवीर भी गोल्डन शेरवानी में काफी जंच रहे थे।

प्रियंका चोपड़ा ने 144 करोड़ में खरीदा घर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा और उनके पति निक जोनास ने अमेरिका के लॉस एंजिलिस में 144 करोड़ रुपए का घर ख़रीदा हैं। बताया जा रहा है कि प्रियंका और निक ने 20,000 वर्ग फुट की संपत्ति खरीदी है और इसके लिए उन्होंने 144 करोड़ रुपए खर्च किये हैं। कहा जा रहा है कि प्रियंका और निक के आधुनिक घर में सात बेडरूम, 11 बाथरूम, ऊंची छत और पर्याप्त बाहरी जगह है। निक और प्रियंका ने दिसंबर 2018 में शादी की थी। प्रियंका ने एक नया घर खरीदने की इच्छा जताई थी। इस बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा था, 'घर खरीदना और मां बनना मेरी टू-डू लिस्ट में है।'

ईपीएफ अकाउंट से जुड़ी दिक्कतें हैं तो यूं दर्ज कराएं शिकायत

दिल्ली। अगर आप प्रविडेंट फंड स्कीम में अंशदान करते हैं और इससे जुड़ी कोई समस्या सामने आती है तो आपको उसकी शिकायत करने से जुड़ी सारी जानकारी होनी जरूरी है। प्रविडेंड फंड से जुड़ी शिकायतों के निपटारे के लिए एंप्लॉयीज प्रविडेंड फंड ऑर्गनाइजेशन (EPFO) ने अगल से एक वेबसाइट EPF i Grievance Management System बना रखा है। इस वेबसाइट पर आप ईपीएफ विदड्रॉल, ईपीएफ अकाउंट ट्रांसफर, नो योर कस्टमर (KYC) से जुड़ी समस्याओं को दर्ज कर सकते हैं। इस वेबसाइट का इस्तेमाल ईपीएफ अकाउंट होल्डर, ईपीएस पेंशनर तथा एंप्लॉयर कर सकते हैं।

शिकायत दर्ज करने के लिए शर्तें: इस वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करने के लिए आपके पास यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (UAN), पेंशन पेमेंट ऑर्डर (PPO) नंबर या आपके एंप्लॉयर का एस्टाबिलिशमेंट नंबर होना चाहिए। हालांकि इनके न होने पर भी आप अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

आप सिंगल यूएएन नंबर से जुड़े मल्टिपल पीएफनंबर के बारे में भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। ईपीएस पेंशनर को शिकायत दर्ज कराने के लिए उसके पास पीपीओ नंबर होना जरूरी है।

टायर सुरक्षा जागरूकता पर टायर इंडस्ट्री एवं आईओसीएल की साझेदारी

नयी दिल्ली । टायर सुरक्षा को लेकर वाहन चालकों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से टायर इंडस्ट्री का प्रतिनिधित्व कर रही ऑटोमोटिव टायर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एटीएमए) ने तेल विपणन करने वाली देश की सबसे बड़ी सरकारी कंपनी इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के साथ साझेदारी की है। इसके अन्तर्गत टायर उद्योग की तकनीकी शाखा, इंडियन टायर टेक्निकल एडवायजरी कमेटी (आईटीटीएसी) की अगुवाई में एटीएमए पूरे देश में इंडियन ऑयल के रिटेल आउटलेटों पर जाने वाले वाहन चालकों को टायर सुरक्षा के बारे में जागरूक करेगा।

थोक मुद्रास्फीति अक्टूबर में गिरकर 0.16प्रतिशत पर

नई दिल्ली। गैर-खाद्य सामग्री और विनिर्माण उत्पादों के दाम में नरमी से थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर महीने में गिरकर 0.16 प्रतिशत पर आ गई। इससे पहले सितंबर महीने में यह 0.33 प्रतिशत थी। गुरुवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। मासिक थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर 2018 में 5.54 प्रतिशत पर थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, खाने-पीने के सामान की मुद्रास्फीति अक्टूबर महीने के दौरान बढ़कर 9.80 प्रतिशत पर र जबकि गैर-खाद्य उत्पाद वर्ग की मुद्रास्फीति 2.35 प्रतिशत पर रही। मैन्युफैक्चरिंग प्रॉडक्ट्स के लिए थोक मुद्रास्फीति इसी महीने शून्य से 0.84 प्रतिशत नीचे रही। हालांकि, फल और सब्जियों समेत खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ने से अक्टूबर महीने में खुदरा मुद्रास्फीति तेजी से बढ़ती हुई 4.62 प्रतिशत पर पहुंच गयी। यह इसका 16 महीने का उच्च स्तर है। सितंबर के मुकाबले अक्टूबर में फलों एवं सब्जियों, अंडों, सूअर के मांस, उड़द, चाय, गेंहू, राजमा, मसालों, मछलियों, पॉल्ट्री चिकन, चना, मूंग आदि के दाम बढ़ने के कारण भोज्य पदार्थों का सूचकांक 3.2त ऊंचा हो गया।

चाइनीज ऑटो कंपनियां, वेंडर भारत में लगा सकते हैं 35 हजार करोड़

- **चीन की एमजी मोटर और बीवाईडी का भारत में निवेश जारी है। अब ग्रेट वॉल, चैंगैन, बिक्युई फोटोन जैसी कंपनियां भी भारत में मैन्युफैक्चरिंग शुरू करने की योजना बना रही हैं।**

मुंबई। भारत में बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनियों की ओर से नया निवेश कम होने से इंडस्ट्री की रफ्तार पर बड़ा असर पड़ा है। हालांकि, चाइनीज ऑटोमोबाइल कंपनियों की भारत में दिलचस्पी बढ़ना इंडस्ट्री के लिए एक अच्छा संकेत है। चीन की आधा दर्जन ऑटोमोबाइल कंपनियां और उनके वेंडर पार्टनर्स भारत में लगभग 5 अरब डॉलर का इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं।

चीन की एमजी मोटर और बीवाईडी का भारत में निवेश जारी है। अब ग्रेट वॉल, चैंगैन, बिक्युई फोटोन जैसी कंपनियां भी भारत में मैन्युफैक्चरिंग शुरू करने की योजना बना रही हैं। गेली और चेरी जैसे अन्य वीइकल मेकर्स भारत में अपने लिए संभावनाएं तलाश रहे हैं। एमजी मोटर को देश में अच्छा शुरुआती रिस्पॉन्स मिला है। अब वह इन्वेस्टमेंट बढ़ाने पर विचार कर रही है। बीवाईडी ने भारत में अपनी मौजूदगी बढ़ाने के लिए बसों के अलावा इलेक्ट्रिक वैन की मैन्युफैक्चरिंग का फैसला किया है।

ग्रेट वॉल और चैंगैन पिछले दो से तीन वर्षों से भारतीय मार्केट की स्टडी कर रही हैं। इन दोनों कंपनियों ने अपने लायजन ऑफिस शुरू किए हैं और ये देश में मैन्युफैक्चरिंग की योजना बना रही हैं। बड़े ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में एक अरब डॉलर से अधिक का इन्वेस्टमेंट होता है।

कंसल्टंसी फर्म अर्बन साइंस के मैनेजिंग डायरेक्टर अमित कौशिक का मानना है कि चीन की ऑटोमोबाइल कंपनियों के लिए भारत में अपनी जगह बनाने का अच्छा मौका है। उन्होंने बताया, 'चीन की कंपनियों के पास मार्केट की बड़ी कंपनियों के दबदबे को चुनौती देने की क्षमता है। इलेक्ट्रिक वीइकल टेक्नॉलजी में वे पहले ही आगे हैं।'

ऐनालिस्टों का कहना है कि एमजी मोटर की सफलता और वैल्यू के अनुसार प्रॉडक्ट्स का प्राइस रखने से चीन की कार मेकर्स को भारत में वैसी ही सफलता मिल सकती है जो उन्हें देश के स्मार्टफोन मार्केट में मिली है। आईएचएस मार्किट के ऐनालिस्ट गौरव वांगल ने कहा कि एमजी मोटर ने चीन की अन्य कंपनियों के लिए एक बेंचमार्क तय किया है। ये कंपनियां कम प्राइस पर अधिक वैल्यू देकर मार्केट में अपनी जगह बना सकती हैं। भारतीय पैसेंजर कार मार्केट लगभग 38 अरब डॉलर का है। 2008 से 2018 के बीच यह 8.7त के कंपाउंडेड ऐनुअल रेट से बढ़ा था। प्रॉफिट में चलने वाली कार मेकर्स का एवरेज रिटर्न ऑन इक्विटी (RoE) 11-33 प्रतिशत के बीच है। भारत के केवल 7त परिवारों के पास कार है। चीन में यह आंकड़ा 30 पर्सेंट और थाईलैंड में 46% है।

मूडीज ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 5.6% किया

नई दिल्ली। आर्थिक मोर्चे पर पहले से ही मुश्किलों में घिरी मोदी सरकार को गुरुवार को एक और झटका लगा है। मूडीज इनवेस्टर्स सर्विस ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 5.8 प्रतिशत से घटाकर 5.6 प्रतिशत कर दिया है। उसने कहा कि जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) में नरमी अपेक्षा के विपरीत लंबी अवधि तक खींच गई है, जिसके कारण उसे अपने अनुमान को कम करना पड़ा है।

क्रेडिट रेटिंग और शोध सेवा सेवा देने वाली कंपनी ने कहा, 'हमने भारत के लिए आर्थिक वृद्धि के अनुमान को घटा दिया है। हमारा अनुमान है कि 2019-20 में यह 5.6 प्रतिशत रहेगी जो 2018-19 में 7.4 प्रतिशत थी।' मूडीज इनवेस्टर्स सर्विस के अनुसार 2020-21 और 2021-22 में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी और यह क्रमशः 6.6 प्रतिशत तथा 6.7 प्रतिशत रह सकती है। लेकिन वृद्धि की गति पूर्व वर्षों के मुकाबले धीमी ही रहेगी।

उसने कहा, 'भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2018 के मध्य से धीमी पड़ रही है। वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 2019 की दूसरी तिमाही में करीब 8 प्रतिशत से घटकर 5 प्रतिशत पर आ गई। बेरोजगार बढ़ रही है।' मूडीज के अनुसार, 'निवेश गतिविधियां पहले से धीमी है, लेकिन खपत के लिए मांग के कारण अर्थव्यवस्था में तेजी बनी हुई थी। हालांकि, अब खपत मांग भी नरम हुई है, जिससे मौजूदा नरमी को लेकर समस्या बढ़ रही है।'

कर मामले में भारत स्वीटजरलैंड के बीच सहयोग और बढ़ाने की आवश्यकता

नयी दिल्ली (वार्ता)। विदेशों में संग्रह कालेधन पर लगाम लगाने के उद्देश्य से भारत और स्वीटजरलैंड के बीच जारी सहयोग को दोनों देश और सशक्त बनाने पर सहमत हुये हैं।

राजस्व सचिव अजय भूषण पांडेय और स्वीटरजलैंड की अंतराष्ट्रीय वित्त सचिव डेनियेला स्टोफेल के बीच बुधवार को यहां हुयी बैठक में सहयोग को अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता बतायी गयी। बैठक के बाद दोनों देशों ने संयुक्त बयान जारी किया।

दोनों देशों के सचिवों ने कर मामले में प्रशासनिक स्तर पर पिछले कुछ वर्षों में हुयी प्रगति पर संतोष जताया।

अगले वर्ष के प्रारंभ में शुरू होगा डिजिटल मॉल

नयी दिल्ली(वार्ता)। घर बैठे मॉल के ब्रांडेड स्टोर में खरीदारी का अनुभव प्रदान करने की परिकल्पना पर आधारित डिजिटल मॉल अगले वर्ष के प्रारंभ में दिल्ली एनसीआर में शुरू होगा।

डिजिटल मॉल ऑफएशिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी त्र्प्रीा मेहरा ने गुरूवार को यहां यह घोषणा करते हुये कहा कि ऑनलाइन खरीदारी में नकली उत्पादों, डिलिवरी में देरी और कार्ड आदि से भुगतान में हो रही धोखाधड़ी को देखते हुये यह परिकल्पना की गयी है जहां घर बैठे मॉल के ब्रांडेड स्टोर में खरीदारी का अनुभव मिल सकेगा। देश के 20 बड़े शहरों में इस मॉल को शुरू करने की तैयारी चल रही है जिसमें से सबसे पहले नोएडा में डिजिटल मॉल का परीक्षण जनवरी में किया जायेगा। उसके कुछ दिनों बाद ही दिल्ली एनसीआर में यह मॉल औपचारिक तौर पर काम करने लगेगा।

उन्होंने कहा कि योकेशिया मॉल के संस्थापकों द्वारा बनाये गये डिजिटल मॉल और डिजिटल शॉप का अनूठा मिश्रण है डिजिटल मॉल ऑफ इंडिया। इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को विभिन्न रिटेल आउटलेटों से ऑनलाइन शॉपिंग करने, हाइपरमार्केट तक पहुँच सुनिश्चित करने , रेस्त्रां में भोजन का अनुभव , फिल्म देखने आदि जैसी सुविधाओं को इस डिजिटल मॉल के माध्यम से एक प्लेटफार्म पर मुहैया कराया जायेगा।

सूरजपुर पुलिस ने पकड़ी लाखों रुपए की नशीली दवाईयां

- 25 लाख कीमत की नशीली दवाईयों सहित 05 गिरफ्तार
- रंग ला रही पुलिस अधीक्षक की नशे के खिलाफ मुहीम
- पुलिस अधीक्षक ने नशे को जड़ से समाप्त करने लिया है संकल्प

नवप्रदेश संवाददाता

सूरजपुर। सूरजपुर पुलिस ने नशीली दवाईयों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही कर रही है जिसके तहत सूरजपुर पुलिस टीम ने 25 लाख कीमत की नशीली दवाईयों के साथ एक मोटर सायकल सहित 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पूर्व में कई बार शहर के गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा नशे के कारोबार में लिप्त बड़े व्यवसायियों के विरूद्ध कार्यवाही करने की मांग की जा रही थी।

सूरजपुर जिले में पदस्थापना के बाद से ही पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री राजेश कुकरेजा ने नशीली दवाईयों के धंधे में लिप्त राज्जीय एवं अंतरराज्जीय लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु थाना-चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया था। इसी तारतम्य में गत् 11 नवम्बर 2019 को चौकी प्रभारी बसदेई सुनील सिंह को विष्वस्त मुखबीर से सूचना मिली कि माड़ा मध्यप्रदेश से पटना जिला कोरिया निवासी गंगा प्रसाद साहू अपने 02 साथी राजेन्द्र गोड़ एवं पारस गोंड़ के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 16 सीबी 6310 में अवैध रूप से नशीली दवाईयां लेकर आ रहे है।

जिसकी जानकारी से चौकी प्रभारी ने पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया जिस पर उन्होंने तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में मुखबीर के बताए अनुसार बसदेई पुलिस की टीम ने ग्राम कुसमुसी के पास घेराबंदी किया और 4 घंटे के लम्बे इंतजार के बाद ओड़गी की ओर से एक मोटर सायकल आते दिखा जिसे रोकवाने पर मोटर सायकल के चालक ने वाहन को तेज गति से चलाकर भागने लगे जिसे पुलिस टीम ने पीछाकर घेराबंदी कर पकड़ा। वाहन में सवार तीनों से नाम पता पूछने पर अपना-अपना नाम 1. गंगा प्रसाद साहू पिता उदय भान साहू उम्र 36 वर्ष ग्राम रनई, थाना पटना, जिला कोरिया 2. राजेन्द्र गोंड़ पिता कामेश्वर सिंह उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम चम्पाझर, थाना पटना जिला कोरिया 3. पारस गोंड़ पिता जगदीष गोंड़ उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम चम्पाझर, थाना पटना जिला कोरिया को होना बताए। पुलिस टीम ने एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों का विधिवत् पालन करते हुए तलाशी लिए जाने पर तीनों के कब्जे से एक जूट के बोरा में ओनरेक्स कफसिरप 95 नग, एविल इंजेक्शन 136 नग, सिंप्लेक्स सी प्लस कैप्सूल 1728 नग, पाइवोन स्पास प्लस कैप्सूल 1536 नग, अल्प्राजोलम टेबलेट 600 नग, स्पास ट्रानकन प्लस कैप्सूल 144 नग एवं रेक्सोजैसिक इंजेक्शन 40 नग जप्त कर तीनों व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया।

मेडिकल स्टोर संचालक अब तक केवल छत्तीसगढ़ के व्यापारियों को ही अवैध नशीली दवाईयों को बिक्री करता था साथ ही वह मेडिकल स्टोर की आड़ में नशे का कारोबार कर पुलिस से बचता रहा। जिसकी सूचना पुलिस अधीक्षक को मिलने पर उन्होंने पहली बार दिगर राज्य पुलिस टीम को भेजने की रणनीति बनाई। यह पहला मामला है कि सूरजपुर की पुलिस मध्यप्रदेश में जाकर नशे के कारोबार करने वाले मेडिकल स्टोर में रेड़ कार्यवाही कर भारी मात्रा में नशीली दवाईयों को बरामद किया है।

मध्यप्रदेश के माड़ा कस्बे में सूरजपुर पुलिस के द्वारा अवैध नशीली दवाईयां पर कार्यवाही करते देख अन्य मेडिकल स्टोर संचालकों में खलबली मची हुई है तथा वहां के आमजनों के द्वारा दूसरे राज्य से आकर कार्यवाही करता देख सूरजपुर पुलिस की प्रशंसा की गई।

सफलता पर एसपी ने पूरी टीम को ईनाम देने की घोषणा

बसदेई पुलिस की इस सफलता पर पुलिस अधीक्षक ने पूरी टीम को नगद ईनाम देने की घोषणा की है साथ ही पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़ द्वारा चलाए जा रहे इन्द्रधनुष योजना में पूरी पुलिस टीम को पुरस्कृत करने हेतु अनुशंसा की गई है। कार्यवाही में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व सीएसपी जे.पी.भारतेन्दु का भी योगदान रहा। कार्यवाही एसडीओपी ओड़गी मंजूलता बाज के नेतृत्व में हुई जिसमें एसआई अजहरूद्दीन, चौकी प्रभारी बसदेई सुनील सिंह, प्रधान आरक्षक मनोज पोर्ते, हंसराम कनेडिया, आरक्षक अमरेन्द्र दुबे, जितेन्द्र पटेल, देवदत्त दुबे, महेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदीप साहू, महेन्द्र यादव, थामस मिंज, जयप्रकाष सिंह, रामनारायण सोनवानी, राकेश बंजारे, मोहन रजक, प्रदीप जायसवाल, महिला नगर सैनिक रीमा गुप्ता सक्रिय रहे।

प्रेस क्लब व पत्रकार सुरक्षा समिति के जिलाध्यक्षों ने पुलिस अधीक्षक को किया सम्मानित

दिगर राज्य जाकर नशे के विरूद्ध सूरजपुर पुलिस के द्वारा अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही किए जाने पर सूरजपुर प्रेस क्लब एवं पत्रकार सुरक्षा समिति के जिलाध्यक्षों ने पुलिस अधीक्षक श्री राजेश कुकरेजा को सम्मानित किया है।

नशीली दवाओं को पुलिस ने किया जप्त

पुलिस ने 22660 नग कैप्सूल, 30800 नग टेबलेट, 966 नग इंजेक्शन एवं 95 नग कफसिरप कुल 54 हजार 5 सौ 21 नग नशीली दवाईयां जप्त किया है जिनमें ओनरेक्स कफ सिरप 95 नग, एविल इंजेक्शन 886 नग, रेक्सोजैसिक इंजेक्शन 40 नग, लेबोरेट इंजेक्शन 40 नग, ट्रीडोल 50 कैप्सूल 3300 नग, सिंप्लेक्स सी प्लस कैप्सूल 12928 नग, पाइवोन स्पास प्लस कैप्सूल 1536 नग, स्पास ट्रानकन प्लस कैप्सूल 4896 नग, अल्प्राजोलम टेबलेट 600 नग एवं अल्प्रोकेन टेबलेट 30200 नग है जिसकी बाजारू कीमत करीब 25 लाख रूपये है। मेडिकल स्टोर संचालक के द्वारा जिन बड़े शहरों के संस्थानों से नशीली दवाईयों को लाया जाता है उन संस्थानों के विरूद्ध पृथक से उचित कार्यवाही की जाएगी। पुलिस ने इन नशीली दवा कंपनी के विरूद्ध उचित कार्यवाही व नियंत्रण हेतु राज्य एवं केन्द्र सरकार को पत्राचार किया जा रहा है कि इनके वितरण में पर्याप्त नियंत्रण रखी जावे, प्रतिबंधित दवा शहरी दुकानों में भेजे जाने के बाद वह छोटे-छोटे कस्बे के दुकानों में चली जाती है।

न्यूज गैलरी

दुकानदार सिक्के लेने में कर रहे आनाकानी

अंबिकापुर। अंबिकापुर नगर एवं आसपास के ग्रामीण इलाकों और कस्बों में दुकानदार एक दो एवं पांच के सिक्कों को लेने से इंकार कर रहे हैं। इससे आमजन की परेशानियां बढ़ गई हैं। नियमतः वैधानिक रूप से प्रचलित भारतीय मुद्रा के लेन-देन से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन विभिन्न व्यवसायियों द्वारा ग्राहकों से सिक्के लेने से साफमना किया जा रहा है और लगता है उन्हें किसी भी तरह की प्रशासनिक कार्यवाही का खौफ नहीं है।

जहर सेवन कर ग्रामीण ने दी जान

अंबिकापुर। जहर सेवन कर ग्रामीण ने अपनी जान दे दी। घटना मैनपाट थाना क्षेत्र के ग्राम रूपखार की है, जानकारी के अनुसार सेतराम यादव 51 वर्ष सोमवार की शाम शराब के नशे में घर में रखी कीटनाशक का सेवन कर लिया। जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे इलाज के लिए अंबिकापुर लेकर आए और शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। यहां उसकी इलाज के दौरान बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई।

उत्साह से मनाया गया श्याम महोत्सव

अंबिकापुर। खाटू वाले श्याम बाबा मंदिर का 23 वां वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्याम सेवा मंडल द्वारा 3 दिनों तक विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंगलवार की सुबह 11 बजे राम मंदिर से नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो शहर के सभी प्रमुख मार्गों से होते हुए दोपहर 2 बजे श्याम मंदिर दत्ता कॉलोनी पहुंची कॉलोनी पहुंची। इस दौरान श्याम बाबा की शीश दान वाली झांकी को भी फूलों से सजाया गया था। शोभायात्रा में काफी संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए। रात 8 बजे से श्याम मंदिर में संकीर्तन जागरण का आयोजन किया गया।

निधन

विमल बाजपेयी

मुंगेली। जिले में विमल बाजपेयी सरदार पटेल वार्ड निवासी नगर पालिका स्कूल के सेवानिवृत्त हिंदी के अध्यापक विमल बाजपेयी का 70 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे परिवेश एवं पंकज बाजपेयी के पिता थे। वे कुछ समय से अस्वस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार खर्राघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

आरक्षण के मुद्दे पर नगर बंद दुकानों को गिरा शटर

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। प्रदेश में पिछडे वर्ग की जनसंख्या के अनुपात में 27 प्रतिशत आरक्षण पर रोक लगाये जाने के विरोध में नगर बंद सफल रहा। पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने नगर भ्रमण कर प्रतिष्ठान बंद कराते रहे। दोपहर में पड़ाव चैक में सभा आयोजित कर पिछड़े वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण यथावत रखने की मांग की गई।

पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अल्प संख्या महासंघ के बैनर तले प्रदेश व्यापी बंद का आह्वान किया गया। जिले एवं, लोरमी, पथरिया, जरहागांव, बरेला सहित जिले भर में शत प्रतिशत सफल रहा। महासंघ के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी सुबह से दाऊपारा चैक में एकत्र होकर मोटर साइकिल से सड़क में घूम-घूमकर दुकान बंद कराते रहे। बंद को सफल बनाने में प्रमुख रुप से साहू समाज के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष थानेश्वर साहू, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति एवं अल्प संख्या महासंघ के प्रदेश संयोजक कुमार राज कश्यप, रूपलाल कोसरे, रेखचंद कोशले, दिलीप बंजारे, संजय यादव, जिला पंचायत सदस्य लोक राम साहू, राजा माणिक, श्रवण सोनकर, निरंजन साहू, दिनेश साहू, देवराज साहू, बृजेश यादव, अजय साहू, विजय चंद्राकर, सुनील यादव, रमेश सोनकर, साहू समाज के जिलाध्यक्ष बलदाऊ साहू, सतनामी समाज के जिला अध्यक्ष अनिल प्रबल, यादव समाज से रमेश यादव, ब्लॉक अध्यक्ष रामकुमार साहू, संजय सोनवानी, गणेश यादव, गोड़वाना पार्टी करीम बागड़ी आदि जुटे रहे।

सीएम ने किया जिले में व्यापार मेले के ब्रोसर का विमोचन

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। मुख्यमंत्री से आज उनके निवास कार्यालय में स्टार्स ऑफ टुमॉरो वेलफेयर सोसायटी जिले के प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को आगामी दिसम्बर माह के 12 से 17 तारीख तक 'जिले के त्यौहार' नाम से प्रसिद्ध 'मुंगेली व्यापार मेला' में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आमंत्रण दिया. मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर व्यापार मेले के ब्रोशर का विमोचन भी किया. इस अवसर पर संस्था के संयोजक रामपाल सिंह, सह संयोजक रामशरण यादव, कोषाध्यक्ष धनराज परिहार और गौरव जैन उपस्थित रहे.

सीएम भूपेश बघेल ने व्यापार मेले में आमंत्रण के लिए प्रतिनिधि मंडल को धन्यवाद दिया और व्यापार मेले के सफल आयोजन के लिये आयोजन समिति के सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी. सीएम ने स्टार्स ऑफ टूमारो वेलफेयर सोसायटी द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिये किये जा रहे प्रयासों की भी सराहना की और पिछले सालों में व्यापार मेला के माध्यम से व्यापार-व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकुल वातावरण के निर्माण के प्रयासों की भी सराहना की.,'स्टार्स ऑफ टुमॉरो वेलफेयर सोसायटी जिले' के तत्वाधान में छह दिवसीय के लिये जिले में व्यापार मेला 2019 का आयोजन 12 दिसम्बर 2019 से 17 दिसम्बर 2019 तक किया जा रहा है. जिले के औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों के विकास एवं प्रोत्साहन हेतु पिछले पांच साल से यह आयोजन किया जा रहा है,जिसकी ख्याति साल दर साल बढ़ती ही जा रही है. विगत वर्ष की भांति इस साल भी व्यापार मेले में देश के सभी राज्यों के प्रमुख उत्पाद के साथ हस्तशिल्प, टेराकोटा, खादी ग्रामोद्योग, बस्तर आर्ट, महिला गृह उद्योग, हर्बल प्रोडक्ट, इलेक्ट्रानिक उपकरण, दो पहिया, चार पहिया वाहनों के नवीनतम मॉडलों के प्रदर्शन सहित स्वस्थ मनोरंजन हेतु अत्याधुनिक झूलाघर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण के केंद्र होंगे।

नए पौधों की दी जा रही बलि, वन विभाग बना मूकदर्शक

नवप्रदेश संवाददाता

लखनपुर। लखनपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत तुरगा बीट के कक्ष क्रमांक 2242 फैलपुर के जंगलों में तस्करो एवं ग्रामीणों के द्वारा प्लान्टेशन में लगे नए पौधों की कटाई ज़ोरो पर है।एक ओर जहां शासन-प्रशासन का मंसूबा रहा है कि जंगलों को कटने से बचाया जाए मुहिम चला पेड़ पौधे लगाएं लोगों को समय-समय पर प्रेरित भी किया जाता रहा है जंगल रखरखाव में लाखों करोड़ों खर्च भी किए जा रहे हैं ।बाद इसके जंगलो से पेड़ों के कटने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है ऐसा ही मामला लखनपुर वन परिक्षेत्र के तुरगा बीट कक्ष क्रमांक 2242 का प्रकाश में आया है फैलपुर से लोसगा मेन रोड से फैलपुर से कुन्नी मेन रोड में लगे प्लान्टेसनो से लकड़ी तस्करो एवं ग्रमीणों के द्वारा सागौन सराई इमारती लकड़ी जैसे पौधों को प्लान्टेसनो से उजाड़ दिया जा रहा है। विडंबना है कि सब कुछ जानते समझते हुए वन विभाग खामोशी व नेत्रहीन बना हुआ है जंगलों के कटने वन विभाग के आला अधिकारियों का स्पष्ट कहना है जंगलों से पेड़ो का कटना वन भूमि पर कब्जा किया जाना सामान्य एवं साधारण बात है ।यदि इसी तरह की ख्यालात वन विभाग के आला अधिकारियों एवं निचले स्तर के कर्मचारियों का रहा तो जंगलातो को तबाही से कौन बचा सकता है।शासन प्रशासन द्वारा करोड़ो रूपये खर्च बेकार एवं कागजी साबित हो रहा। ऐसा ही चलता रहा तो वो दिन दूर नही जब हरे भरे जंगल टूट एवं समतल मैदान में तब्दील नज़र आएंगे।

विदित हो कि पूर्व में भी तुरगा बिट के कक्ष क्रमांक 2242 में प्लांटेशनो से नए पौधों को काट कर खेतो का घेराव किया गया था।और वन भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किया गया था। इस पर आज तक कोई भी कार्यवाही विभाग के द्वारा नही गया है।जब इस विषय पर किसी विभागीय अधिकारी से पूछे जाने पर गोल मोल जवाब दिया जाता है।

दूसरे दिन भी अंदरूनी इलाकों में विधायक का दौरा जारी

- ग्रामीणों से मिलकर सुन रहे समस्या, दे रहे सौगात

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। बस्तर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष और विधायक बीजापुर विक्रम शाह मंडावी ने उसूर विकासखंड के मुर्दोण्डा में 5-5 लाख की देवगुड़ी और रंगमंच की सौगात दी। मुर्दोण्डा के ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। दुगाईगुड़ा में आईटीआई भवन और आश्रम भवन का मुआयना किया और संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि आईटीआई की कक्षाएं जल्द प्रारम्भ की जा सकें। माननीय विधायक विक्रम मंडावी जी ने बालक आवासीय पोटाकेबिन का आकस्मिक निरीक्षण किया। पोटाकेबिन, बालक आश्रम गलगम, बालक आश्रम पुजारीकांकेर में छात्रों से मुलाकात कर उनसे शिक्षा और व्यवस्था की जानकारी ली। अधीक्षक और अधिकारियों को बेहतर व्यवस्था रखने निर्देश दिए।

प्री मैट्रिक छात्रावास में अव्यवस्था बच्चों की थाली से निवाला गायब

लखनपुर। सुदूर वनांचल के ग्राम कुन्नी प्री मैट्रिक छात्रावास में शासन प्रशासन द्वारा बनाए गए मीनू के अनुरूप छात्रावासी बच्चों को भोजन नहीं दिए जाने की जबरदस्त शिकायत उभरकर सामने आया है।इस संबंध में 12 नवंबर को स्थानीय मीडिया कर्मियों ने छात्रावास का जमीनी हकीकत जानना चाहा तो छात्रावास के बच्चों ने बताया कि छात्रावास में जो भोजन बनता है वही खाने को मिलता है जबकि शासन प्रशासन द्वारा स्कूल छात्रावासों में मापदंडों के अनुरूप मीनू बना भोजन देने प्रावधान रखा है परंतु सिस्टम के विरुद्ध मनमर्जी छात्रावास के बच्चों को जैसा तैसा भोजन परोसा जा रहा है इतना ही नहीं छात्रावास के बच्चों के थाली से निवाला छीना जा रहा है संबंधित उच्चाधिकारियों के सतत निगरानी नियंत्रण के अभाव में अव्यवस्था बनी हुई है।

बचेली इंटक भवन में मनाई गई चाचा नेहरू की 130वीं जयंती

नवप्रदेश संवाददाता

बचेली। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री श्री स्व पंडित जवाहर लाल नेहरू जी की 130 वीं जयंती इंटक भवन के प्रांगण में मनाई गई। सर्व प्रथम पंडित जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया एवं नेहरू जी के विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया गया। पंडित नेहरू जी का जन्म 14 नवंबर 1889 को उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में हुआ था। मोतीलाल नेहरू और स्वरूप रानी के पुत्र जवाहर लाल नेहरू आजाद भारत के पहले प्रधानमंत्री थे और 1964 में निधन तक वह इस पद पर रहे। पूरे देश मे नेहरू जी के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। नेहरू जी स्वतन्त्रता संग्राम के प्रमुख नेता रहे देश की आजादी में उनका यह योगदान रहा पंडित नेहरू जी को आधुनिक भारत का निर्माता कहा जाता है। नेहरू जी के विचारों ने लाखों युवाओ को स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ने के लिए प्रेरित किया था। इंटक भवन में किये गए ।

परंपरा मां लक्ष्मी की विधिवत पूजा-आरति कर सुख-शांति व समृद्धि के लिये प्रार्थना अर्चना की गई

अगहन गुरूवार आज से प्रारंभ,प्रत्येक घरों में पूजी गई लक्ष्मी

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। जिले में अगहन गुरूवार की पूजा आज से प्रारंभ हो गयी है।इसके लिये प्रत्येक घरों में पहले दिन से ही तैयारीयॉ कर लिये गये थे। बुधवार को रात मां लक्ष्मी के आगमन की मान्यता को लेकर घर-द्वार को सजाया गये थे। एवं गुरूवार को भोर में श्रद्धालु स्नान कर मां लक्ष्मी की विधिवत पूजा-आरति कर सुख-शांति व समृद्धिके लिये मां से प्रार्थना कर पूजा अर्चना कियें। इस बार यह अगहन गुरूवार का पर्व पांच गुरूवार पडेगा। जिससे श्रद्धालु एक सप्ताह से ज्यादा मां का आवभगत कर पांएगें।

छत्तीसगढ़ में अगहन माह का विशेष महत्व है। खासकर गुरूवार का और शास्त्रगत मान्यतानुसार इस माह मां लक्ष्मी विशेष कर गुरूवार को पृथ्वी लोक का भ्रमण करती है। और साफ-सुथरे घर व मन से पूजा करने वाले श्रद्धालुओं के घर आकर अतिथ्य स्वीकार करती है। यही वजह है कि उनके आगमन को लेकर श्रद्धालु बुधवार को ही घरों को साज-सज्जा करके रखे थे। बुधवार रात को ही महिला श्रद्धालु अपने घर के द्वार से लेकर पूजा स्थल तक चावल आटे के घोल से मां लक्ष्मी के पग चिंह बनाए थे, ताकि मां जब सुबह आएं तो उसी रास्ते पूजा-स्थल में विराजमान हो जाएं । घरों में रंगोली भी बनाये गये थे। एवं गुरूवार को सुबह चार बजे महिला श्रद्धालु उठ स्नान-ध्यान कर व्रत संकल्प लेते हुए मां लक्ष्मी कीपूजा -अर्चना में जुट गये है। और द्वार मे द्विप प्रज्ज्वलित कर मां लक्ष्मी की बनाये हुये प्रत्येक पंग चिन्हों पर चंदन-वंदन करते हुए पुष्प अर्पित कर विधिवत रूप से मंत्रोपचार से पूजा-अर्चना करते हुये फल व मिष्ठान का भोग लगाये गये है। इसी तरह से दोपहर व शाम को भी मां लक्ष्मी की विधिवत रूप से पूजा-अर्चना करते हुए उन्हे अलग-अलग प्रकार के भोग अर्पित किये गये। मां लक्ष्मी की पूजा महिलाए पीले वस्त्र धारण करके ही पूजा - अर्चना की गयी।

इस बार पडेगे पांच महत्वपूर्ण वार- अगहन मास को मार्गशीर्ष भी कहा जाता है। इस माह में गुरूवार के दिन मां लक्ष्मी का आवाहन कर चारों प्रहर की कठोर पूजा करने का विधान है। अगहन माह में होने वाली इस पूजा में किसी वर्ष यह पूजा माह में चार गुरूवार तो कभी का पांच गुरूवार होती है। इस बार सौभाग्य से इस माह पांच गुरूवार पड रहे है। अतः श्रद्धालुओं को पांच सप्ताह मां लक्ष्मी के आवभगत करने का मौका मिलेगां।

सुदूर अंचल उसूर में विधायक ने मनाया बाल महोत्सव

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। बस्तर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष और बीजापुर विधायक विक्रम शाह मंडावी जी दो दिवसीय उसूर विकासखंड के दौरे पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उसूर पहुंचे जहां बाल महोत्सव के कार्यक्रम में शामिल हुए। बाल दिवस के अवसर पर माननीय विधायक ने प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर नेहरू के दिखाए मार्ग पर चलने की बात कही। उसूर पहुंचे माननीय विधायक जी का छात्र-छात्राओं ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया साथ ही 12 वी की छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर बाल महोत्सव को संगीतमय बना दिया। माननीय विधायक ने उपस्थित छात्र- छात्राओं और ग्रामीणों को उसूर के लिए हरसंभव मद्दत दिलाने की बात कही है। माननीय विधायक ने यहां भरोसा दिलाया कि शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने वाले होनहार छात्रों का हर संभव मदद दी जाएगी।

न्यूज गैलरी

किदाम्बी हमवतन सौरभ को हरा क्वार्टरफाइनल में

हांगकांग (वार्ता)। भारतीय शटलर किदाम्बी श्रीकांत ने हमवतन सौरभ वर्मा को कड़े मुकाबले में पराजित कर गुरूवार यहां हांगकांग ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरूष एकल क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया, लेकिन एच एस प्रणय हारकर बाहर हो गये। विश्व में 13वीं रैंकिंग श्रीकांत ने पुरूष एकल के दूसरे राउंड में हमवतन सौरभ को 59 मिनट में 21-11, 15-21, 21-19 से पराजित कर अंतिम आठ में प्रवेश कर लिया। श्रीकांत ने 38वीं रैंकिंग के सौरभ के खिलाफ 2-0 का रिकार्ड बना लिया है। गैर वरीय श्रीकांत के सामने हालांकि अब पांचवीं वरीय चीन के चेन लोंग की मुश्किल चुनौती होगी जिनके साथ करियर के कुल सात मैचों में भारतीय खिलाड़ी को छह बार हार मिली है।

अंगदान का संकल्प लेंगी मैरीकॉम

नई दिल्ली (वार्ता)। छह बार की महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियन और ओलम्पिक पदक विजेता एमसी मैरीकॉम अंगदान का संकल्प लेंगी। मैरीकॉम ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के जवाहर लाल नेहरु सभागार में अंगदान करने वाले लोगों की याद में अंग पुनःस्थापना बैकिंग संस्था (ओरबो) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही। इस अवसर पर केंद्रीय परिवार एवं कल्याण मंत्री डा हर्षवर्धन और केंद्रीय खेल मंत्री किरेन रिजिजू भी मौजूद थे। मैरीकॉम ने भी अंगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह भी अंगदान का संकल्प लेंगी और इसकी तिथि अभी घोषित नहीं करेंगी। उन्होंने इस मौके पर लता मंगेशकर का गाना 'अजीब दास्तां है' सुनाया।

रिद्धिमा और दीक्षा ने बनाई संयुक्त बढ़त

कोलकाता (वार्ता)। रिद्धिमा दिलावरी और दीक्षा डागर ने हीरो महिला गोल्फप्रो टूर के 15वें चरण के पहले राउंड में बुधवार को एक अंडर 71 का कार्ड खेलकर संयुक्त बढ़त बना ली। थाईलैंड की पी सुपाकचाया एक ओवर 73 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वाणी कपूर और सिद्धि कपूर 74 का कार्ड खेलकर संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। अमेच्योर प्रणवी उर्स, अमनदीप द्राल और खुशी खनिजो 75 के स्कोर के साथ संयुक्त छठे स्थान पर हैं।

गोलकीपिंग, ड्रैग फ्लिक के लिये तीन दिवसीय शिविर

चेन्नई (भाषा)। तमिलनाडु हाकी संघ ने खिलाड़ियों के लिये तीन दिवसीय गोलकीपिंग और ड्रैग फ्लिक कोचिंग शिविर का आयोजन किया है । तमिलनाडु के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों को भारत के अनुभवी गोलकीपर पी आर श्रीजेश और ओलंपियन रूपिंदर पाल सिंह बात करेंगे । ये दोनों अनुभवी खिलाड़ी उन्हें हाकी इंडिया राष्ट्रीय चैम्पियनशिप से पहले कोचिंग देंगे । एक विज्ञप्ति के अनुसार शिविर में 40 गोलकीपरों समेत 100 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं । इसमें फेकस फिटनेस, गोलकीपिंग और ड्रैग फ्लिक पर होगा।

लक्षण-रवि के अर्धशतकों से जीती सेना

विशाखापत्तनम (वार्ता)। लक्षण सिंह (81) और रवि चौहान(61) के अर्धशतकों तथा मोहित कुमार (33 रन पर 3 विकेट) की गेंदबाजी से सेना ने गोवा को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ट्वंटी 20 टूर्नामेंट के ग्रुप ए मुकाबले में 21 रन से पराजित कर दिया। सेना ने निर्धारित ओवरों में पहले बल्लेबाजी करते हुये छह विकेट पर 190 रन बनाये, जिसके जवाब में गोवा 19.5 ओवर में 169 रन पर सिमट गया। गोवा की पारी में स्नेहल कोथांकर 44 रन बनाकर नाबाद लौटे लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

टेस्ट क्रिकेट में वर्ल्ड क्लास बॉलरों की कमी: सचिन तेंडुलकर

महान बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर का मानना है कि टेस्ट क्रिकेट की दिलचस्पी में अब कमी देखने को मिल रही है। इसके पीछे कारण यह है कि अब दुनिया भर की टीमों में वर्ल्ड क्लास बोलरों में कमी आई है। लोग संतुलित क्रिकेट देखना पसंद करते हैं, जहां बल्ले और बॉल में बराबर का मुकाबला देखने को मिले।

इंदौर। महान क्रिकेटर सचिन तेंडुलकर खेल के पारंपरिक प्रारूप को लेकर चिंतित हैं। सचिन को लगता है कि टेस्ट क्रिकेट को लेकर जो दिलचस्पी पहले बनी रहती थी, अब वह समाप्त हो गई है। 70 और 80 के दशक में सुनील गावस्कर बनाम एंडी रॉबर्ट्स, डेनिस लिली या इमरान खान के बीच गेंद और बल्ले की भिड़ंत देखने का इंतजार रहता था।

इसी तरह तेंडुलकर बनाम ग्लेन मैकग्रा या वसीम अकरम के बीच मुकाबला भी आकर्षण का केंद्र रहता था। लेकिन अब ऐसा नहीं है, तेंडुलकर को ऐसा ही लगता है, जिन्होंने अपने 24 साल के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 200 टेस्ट मैच खेले हैं। इस भारतीय क्रिकेटर ने अपने पदार्पण (15 नवंबर 1989) के बाद से पिछले 30 वर्षों में क्रिकेट में हो रहे बदलाव का आकलन करते हुए कहा, 'लोग जो प्रतिद्वंद्विता देखना चाहते थे, वह अब नहीं रही है क्योंकि इस समय विश्व स्तरीय तेज गेंदबाजों की बहुत कमी है। मुझे लगता है कि इस चीज की कमी अखरती है। इसमें कोई शक नहीं कि तेज गेंदबाजों का स्तर बेहतर किया जा सकता है।'

टेस्ट क्रिकेट में प्रतिस्पर्धा केवल तीन देशों (भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड) तक ही सीमित है तो इस बारे के बारे में पूछने पर वह भी इससे सहमत थे। तेंडुलकर ने कहा, 'टेस्ट क्रिकेट का स्तर नीचे गिरा है, जो टेस्ट क्रिकेट के लिए अच्छी खबर नहीं है। क्रिकेट का स्तर ऊपर होने की जरूरत है और इसके लिए मैं फिर कहूंगा कि सबसे अहम चीज है खेलने वाली पिचें।'

उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि जो पिचें मुहैया कराई जाती हैं, इसका भी इससे लेना देना है। अगर हम अच्छी पिचें मुहैया कराएं जहां तेज गेंदबाजों और स्पिनरों को भी मदद मिले तो गेंद और बल्ले में संतुलन बरकरार रहेगा।'

तेंडुलकर ने कहा, 'अगर संतुलन की कमी है तो मुकाबला कमजोर हो जाएगा और यह आकर्षक नहीं रहेगा। टेस्ट क्रिकेट में अच्छे विकेट होने चाहिए।

- अब नहीं दिखती बॉलरों और बल्लेबाजों में 70 या 80 के दशक जैसी प्रतिद्वंद्विता
- अब टेस्ट क्रिकेट की असली प्रतिस्पर्धा ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत तक सीमित
- नीचे गिरा है टेस्ट क्रिकेट का स्तर, जो क्रिकेट के लिए नहीं है अच्छी खबर : सचिन
- अगर टेस्ट क्रिकेट के संतुलन पर ध्यान दिया जाए, तो फिर रोमांचक होगा क्रिकेट'

इंदौर टेस्ट/पहला दिन | **बांग्लादेश ने टॉस जीतकर चुनी बैटिंग, नहीं उठा पाई फायदा, शमी के तीन विकेट**

इंदौर टेस्ट में भारतीय बोलर्स का कमाल, बांग्लादेश 150 पर सिमटी

खेल खत्म होने तक भारत ने 1 विकेट गंवाकर जोड़े 86 रन

रोहित सस्ते में निपटे बनाए सिर्फ 6 रन, पुजारा 43* और मयंक 37* नाबाद लौटे

मोहम्मद शमी की अगुवाई में तेज़ गेंदबाज़ों के जबरदस्त प्रदर्शन की बदौलत विश्व की नंबर एक टेस्ट टीम भारत ने बंगलादेश को पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन गुरूवार को 150 रन पर ढेर कर दिया। भारत ने दिन की समाप्ति तक अपनी पहली पारी में एक विकेट के नुकसान पर 86 रन बना लिये।

- रोहित (6) के आउट होने के बाद मयंक-पुजारा ने क्रीज पर जमाएं पैर
- इशांत शर्मा, उमेश यादव और ऑफस्पिनर रविचंद्रन अश्विन को 2-2 विकेट मिले
- बांग्लादेश के लिए मुशफिकुर रहीम ने सर्वाधिक 43 रन बनाए, कप्तान मोमिनुल हक ने 37 रन का योगदान दिया

इंदौर (वार्ता)। भारत ने पहले दिन स्टम्प्स तक अपनी पहली पारी में एक विकेट खोकर 26 ओवर में 86 रन बना लिये हैं। रोहित शर्मा छह रन बनाकर अबु जाएद की गेंद पर लिट्टन दास को कैच दे बैठे। ओपनर मयंक अग्रवाल ने 81 गेंदों में छह चौकों की मदद से 37 रन और चेतेश्वर पुजारा ने 61 गेंदों में सात चौके लगाकर 43 रन बना लिये हैं और दोनों नाबाद क्रीज़ पर हैं। भारत नौ विकेट शेष रहते अब बंगलादेश से केवल 64 रन ही पीछे है जिसे उसने पहली पारी में 150 के निजी स्कोर पर ढेर कर दिया था।

बंगलादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था लेकिन उसका यह फैसला सिरे से गलत साबित हुआ और अपने ओपनरों को 12 रन पर गंवाने के बाद बंगलादेश की टीम मुकाबले में नहीं लौट सकी और उसकी पहली पारी 58.3 ओवर में 150 रन पर सिमट गयी।

मोहम्मद शमी ने 13 ओवर में 27 रन पर तीन विकेट, इशांत शर्मा ने 12 ओवर में 20 रन पर दो विकेट, उमेश यादव ने 14.3 ओवर में 47 रन पर दो विकेट और ऑफस्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने 16 ओवर में 43 रन पर दो विकेट लिये। लेफ्ट आर्म स्पिनर रवींद्र जडेजा को हालांकि कोई विकेट नहीं मिला लेकिन उन्होंने एक खिलाड़ी को रनआउट किया।

बंगलादेश की ओर से मुशफिकुर ने सर्वाधिक 43 और कप्तान मोमिनुल हक ने 37 रन बनाये। बंगलादेश ने लंच तक 63 रन पर तीन विकेट और चायकाल तक 140 रन पर सात विकेट गंवाये। चायकाल के बाद उसके बचे तीन विकेट गिरे और उसकी पारी सस्ते में सिमट गयी। बंगलादेश ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाज़ी का फैसला किया, लेकिन उसकी शुरूआत काफी खराब रही और उसकी ओपनिंग जोड़ी 12 रन जोड़कर पवेलियन लौट गयी। इमरूल काएस ने 18 गेंदों में एक चौका लगाकर छह रन बनाये जिन्हें तेज़ गेंदबाज़ उमेश यादव ने अजिंक्या रहाणे के हाथों कैच कराया जबकि शादमान इस्लाम 24 गेंदों में एक चौका लगाकर छह रन पर इशांत शर्मा का शिकार बन गये।

होल्कर मैदान की उछाल भरी पिच पर पहले ही तेज़ गेंदबाज़ों का दबदबा माना जा रहा था जिसे भारतीय गेंदबाज़ों ने साबित भी किया। लंच से पहले मोहम्मद मिथुन को अन्य अनुभवी तेज़ गेंदबाज़ मोहम्मद शमी ने पगबाधा कर भारत को तीसरी सफलता दिला दी। मिथुन ने 13 रन बनाये।

लंच के बाद बंगलादेश की पारी भारतीय गेंदबाज़ों के दबाव के सामने घुटने टेक गयी और दूसरे सत्र में उसने चार विकेट गंवा दिये। लंच के बाद आउट होने वाले पहले बल्लेबाज़ मोमिनुल हक थे जिन्हें अश्विन ने बोल्ड किया। बंगलादेश का चौथा विकेट 99 रन के स्कोर पर गिरा। अश्विन ने महमूदुल्लाह को भी टीम के 115 के स्कोर पर बोल्ड कर दिया। हक ने 80 गेंदों पर 37 रन में छह चौके लगाये जबकि महमूदुल्लाह 30 गेंदों पर 10 रन ही बना सके।

कल के चैंपियन आज के बच्चों में मिलेंगे : विराट

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय क्रिकेट कप्तान विराट कोहली ने बच्चों के घर से बाहर निकलकर खेलने पर जोर देते हुए कहा है कि कल के चैंपियन आज के बच्चों में से मिलेंगे। विराट ने बाल दिवस की पूर्वसंध्या पर अपने विशेष सन्देश में माता-पिता से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को घर से बाहर निकलकर खेलने दें। उन्होंने कहा, शरीर और चरित्र के निर्माण में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है जिससे बच्चे हर तरह से फिट रहते हैं। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज विराट ने खेल चैनल स्टार स्पोर्ट्स के एक विशेष अभियान में बच्चों के साथ क्रिकेट खेली। भारतीय कप्तान ने इस अभियान में बच्चों के घर से बाहर निकलकर खेलने की जरूरत पर ख़ास तौर पर जोर दिया है। इस अभियान को इस महीने बाद में जारी किया जाएगा।

दिल्ली का शर्मनाक पतन, जम्मू कश्मीर से मिली हार

सूरत (वार्ता)। दिल्ली की टीम शर्मनाक प्रदर्शन करते हुये जम्मू कश्मीर के हाथों सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के ग्रुप ई मुकाबले में गुरूवार को आठ विकेट से हार गयी। दिल्ली की टीम से जम्मू कश्मीर की कमजोर टीम के खिलाफऐसे प्रदर्शन की उम्मीद नहीं थी। दिल्ली ने 20 ओवर में सात विकेट पर 165 रन बनाये जबकि जम्मू कश्मीर ने 15.5 ओवर में ही दो विकेट पर 166 रन बनाकर मैच जीत लिया। जम्मू कश्मीर की टीम ने हाल में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड(बीसीसीआई) के नये अध्यक्ष सौरभ गांगुली से मुलाकात की थी और उन्हें अपनी परेशानियों और आधारभूत ढांचे की कमी के बारे में बताया था। लेकिन इस मुकाबले में जम्मू कश्मीर ने गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों ही क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन किया। दिल्ली की ग्रुप ई में पांच मैचों में यह पहली हार है और वह चौथे स्थान पर खिसक गयी है। जम्मू कश्मीर ने पांच मैचों में अपनी दूसरी जीत दर्ज की है और उसके भी 12 अंक हो गये हैं।

बेनक्राफ्ट, बर्न्स, ट्रेविस, नासिर आस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में शामिल

कैमरन बेनक्राफ्ट, जो बर्न्स, ट्रेविस हेड और माइकल नासिर को पाकिस्तान के खिलाफदो मैचों की टेस्ट सीरीज़ के लिये आस्ट्रेलिया की 14 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है।

मेलबोर्न (वार्ता)। मार्कस हैरिस, उस्मान ख्वाजा तथा पीटर सिडल एशेज़ सीरीज़ की 17 सदस्यीय टीम का हिस्सा रहे थे, जिन्हें इस सीरीज़ से बाहर रखा गया है। पाकिस्तान के खिलाफ आस्ट्रेलिया की अभ्यास ए टीम में जहां बेनक्राफ्ट को पहले घोषित टीम में जगह तक नहीं दी गयी थी उन्हें निक मैडिनसन की मानसिक अस्वस्थता के कारण अंतिम एकादश के मध्यक्रम में जगह मिल गयी है।

बेनक्राफ्ट ने ए टीम की ओर से पहली पारी में 155 गेंदों में 49 रन बनाये थे जहां पूरी टीम 122 पर ऑलआउट हो गयी थी। बेनक्रॉफ्ट की मुख्य रूप से नंबर पांच पर ट्रेविस हेड के साथ स्पर्धा रहेगी। आस्ट्रेलिया के उपकप्तान हेड को ओवल में हुये फाइनल एशेज़ मैच के लिये टीम से बाहर कर दिया गया था। दो एशेज़ टेस्ट शतक अपने नाम रखने वाले मैथ्यू वेड मध्यक्रम में एक अन्य अहम चेहरा हैं। उन्होंने इस सत्र में शील्ड पारियों में तीन अर्धशतक बनाये हैं। मुख्य चयनकर्ता ट्रेवर होंस ने कहा,÷ वेड विशेषज्ञ बल्लेबाज़ हैं और एशेज़ में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा था जबकि घरेलू सत्र में भी बढ़िया खेल रहे हैं।

भारत ने नेपाल को 7 विकेट से हराया

सावर (वार्ता)। सौरभ दुबे (26 रन पर 4 विकेट) की जबरदस्त गेंदबाज़ी और सनवीर सिंह तथा अरमान जाफर की पारियों की बदौलत भारत की अंडर-23 टीम ने एशिया क्रिकेट काउंसिल एमर्जिंग टीम एकदिवसीय टूर्नामेंट के ग्रुप ए मुकाबले में गुरूवार नेपाल को सात विकेट से पराजित कर दिया। बंगलादेश कृड़ा शिक्षा प्रोतिस्थान ग्राउंड पर खेले गये मुकाबले में भारत की अंडर-23 टीम ने टॉस जीतने के बाद नेपाल को पहले बल्लेबाजी का मौका दिया जो 44.5 ओवर में 193 रन पर ढेर हो गयी। इसके जवाब में भारतीय टीम ने 42 ओवर में तीन विकेट पर 194 रन बनाकर जीत अपने नाम कर ली।

अफगानिस्तान के खिलाफ भारत को हर हाल में चाहिए जीत

भारतीय पुरूष फुटबाल टीम गुरूवार को ताजिकिस्तान के दुशानबे में विषम परिस्थितियों में फीफा विश्वकप 2022 क़तर और एफसी एशिया कप 2023 चीन के लिए संयुक्त क्वालीफायर में अफगानिस्तान के खिलाफ अपनी पूरी ताकत के साथ सफल परिणाम पाने के लक्ष्य के साथ उतरेगी।

दुशानबे (वार्ता)। भारत को विश्वकप क्वालिफायर के दूसरे राउंड में खराब शुरूआत झेलनी पड़ी है जहां ओमान के हाथों उसे 1-2 की शिकस्त झेलनी पड़ी थी। ऐसे में अफगानिस्तान के खिलाफ अब जीत के अलावा उसके पास कोई अन्य विकल्प नहीं दिखता है। भारतीय टीम ग्रुप ई की तालिका में तीन मैचों में दो अंक लेकर चौथे स्थान पर है।

अफगानिस्तान फिलहाल विश्व रैंकिंग में 149वें नंबर पर है जबकि भारत की रैंकिंग 106 है। अफगान टीम अपने ग्रुप में तीन मैचों में दो हारने और एक जीत के बाद तीसरे नंबर पर है। भारतीय टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक ने माना कि उनकी टीम के लिये फिलहाल स्थिति काफी मुश्किल भरी है और उसके लिये जीतना अनिवार्य है। कोच ने कहा,÷हमारे पास जीत खुद नहीं आएगी। हमें इसे छीनना होगा।

कामयाबी | **नडाल ने 6-7 (3/7), 6-3, 7-6 (7/4) से मुकाबला अपने नाम किया**

मेदवेदेव को हरा नडाल ने कायम रखीं उम्मीदें

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी स्पेन के राफेल नडाल ने एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट में दानिल मेदवेदेव के खिलाफजीत के साथ टूर्नामेंट में अपनी उम्मीदें बरकरार रखी हैं, जिससे उनके वर्ष का समापन विश्व के नंबर एक खिलाड़ी के रूप में करने की स्थिति भी प्रबल हुई है।

लंदन (वार्ता)। मेदवेदेव के खिलाफ निर्णायक सेट में मैच प्वाइंट का सामना करने और दो बार सर्विस ब्रेक होने के बावजूद नडाल ने 6-7 (3/7), 6-3, 7-6 (7/4) से मुकाबला अपने नाम कर लिया। दोनों खिलाड़ियों के बीच यहां ओ2 एरिना में खेले गये आंद्रे अगासी ग्रुप के राउंड रॉबिन मैच में कमाल का संघर्ष देखने को मिला जहां नडाल अपना ओपनिंग मैच हार गये थे।

नडाल के लिये लंदन में दो मायनों में अहम है, वह अपने सुनहरे करियर में पहली बार एटीपी फाइनल्स खिताब के लिये खेल रहे हैं तथा उनका अगला लक्ष्य अपनी नंबर वन रैंकिंग के साथ वर्ष का समापन करना है, जिसके लिये उन्हें नंबर-दो नोवाक जोकोविच से कड़ी स्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। स्पेनिश खिलाड़ी ने इस सत्र में दो मास्टर्स खिताब जीते हैं लेकिन मेदवेदेव के खिलाफ उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा। 23 वर्षीय युवा खिलाड़ी ने पहला सेट टाईब्रेक में जीतने के साथ बढ़त बनाई लेकिन नडाल ने विपक्षी की दूसरे सेट के शुरूआत में ही सर्विस ब्रेक कर दी और सेट जीत मैच बराबरी पर आ गया। निर्णायक सेट में मेदवेदेव ने बेहतरीन बैकहैंड लगाये लेकिन नडाल ने दो बार उनकी सर्विस ब्रेक कर मैच में 6-5 से बढ़त बनाई। लेकिन सेट टाईब्रेक में खींच गया। 19 बार के ग्रैंड स्लेम चैंपियन ने निर्णायक सेट के टाईब्रेक में मेदवेदेव की गलतियों का फायदा उठाया और उनके फोरहैंड के वाइड जाने के साथ नडान को दो मैच प्वाइंट मिल गये और अगले अंक के साथ उन्होंने टाईब्रेक जीत मैच अपने नाम कर लिया।

नडाल ने एटीपी फाइनल्स के लिये लगातार 15वीं बार क्वालीफाई किया है लेकिन खिताब तक नहीं पहुंच सके हैं जहां रिकार्ड छह बार रोजर फेडरर और पांच बार जोकोविच चैंपियन रहे हैं। टूर्नामेंट में सबसे पहले डॉमिनिक थिएम सेमीफाइनल में जगह बना चुके हैं और अब बोजोर्न बोर्ज ग्रुप से केवल एक बचे क्वालिफिक्शन स्थान के लिये फेडरर तथा जोकोविच के बीच मुकाबला होगा।

बेहतरीन गायिका भी हैं मैरीकॉम

नई दिल्ली (वार्ता)। बॉक्सिंग रिंग में अपनी अद्भुत प्रतिभा से देश का नाम रौशन करने वाली छह बार की विश्व चैम्पियन मैरीकॉम ने अपनी गायकी का हुनर दिखाकर साबित कर दिया कि वह सुरों की भी चैंपियन हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान(एम्स)के जवाहर लाल नेहरु सभागार में अंगदान करने वाले लोगों की याद में अंग पुनःस्थापना बैकिंग संस्था (ओरबो) द्वारा कल आयोजित एक कार्यक्रम में मैरीकॉम ने लता मंगेशकर का गाना'अजीब दास्तां है ये ,कहां शुरु कहां खत्म' गाया। उन्होंने पूरे सुर-ताल के साथ गाकर साबित कर दिया कि उनके व्यक्तित्व के कई रंग हैं। वह एक भावुक तथा बहुआयामी प्रतिभा की धनी व्यक्ति हैं। उनका गाना खत्म होने पर सभागार में उपस्थित लोगों की तालियों की ध्वनि रुकने का नाम नहीं ले रही थी। दरअसल, यह कार्यक्रम अंगदान करने वाले लोगों की स्मृति में आयोजित किया गया था और उनके परिजनों को इस नेक काम के लिए स्मृति चिह्न दिया गया था। अपनों की मौत को एक बार फिर याद करके परिजन और अन्य लोग तो गमगीन थे ही इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं कल्याण मंत्री हर्षवर्धन,खेल मंत्री किरन रिजिजु ,गायक मोहित चौहान और मैरीकॉम भी भावुक हो गयीं। अंगदान पर अपने विचार रखने के अवसर पर देश की सबसे सफल महिला मुक्केबाज़ ने कहा,÷ मैंने बहुत मेहनत करके खेल की दुनिया में ऊचाइयों को छुआ है।

गबन मामला: डॉ. मधुलिका के खिलाफ हाईकोर्ट ने एफआईआर दर्ज करने दिया आदेश

- **राज्य शासन को विभागीय जांच और वसूली का निर्देश**
- **जनहित याचिका पर हुई सुनवाई**

बिलासपुर । हाईकोर्ट ने जिला अस्पताल की सिविल सर्जन और बिलासपुर संभाग की ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. मधुलिका सिंह के खिलाफ चार करोड़ 90 लाख रुपये के भ्रष्टाचार के मामले एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। वहीं राज्य शासन को विभागीय जांच व घोटाले के दोषियों से राशि की वसूली करने का आदेश दिया है।

बिलासपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में रायपुर के संतोष कुमार, दिलीप यादव व अन्य ने अधिवक्ता योगेश्वर शर्मा के माध्यम से एक जनहित याचिका दायर की गई थी। इसकी सुनवाई आज चीफजस्टिस पी. रामचंद्र मेनन और जस्टिस

पी.पी. साहू की डबल बेंच ने की , जनहित याचिका में कहा गया है कि सीएमएचओ कार्यालय की ओर मितानिनों की नियुक्ति उनके प्रशिक्षण तथा दवा खरीदी सहित अन्य कार्यों के लिए चार करोड़ 90 लाख 35 हजार 371 रुपये खर्च किये गये थे। महालेखाकार कार्यालय की टीम ने इस खर्च की ऑडिट 7 जनवरी 2005 से 20 जनवरी 2005 के बीच पूरा किया। ऑडिट रिपोर्ट पर आने पर पता चला कि शासन की ओर से आबंटित इस राशि की जमकर बंदरबाट की गई है। राशि की गड़बड़ी एक सितम्बर 2003 से 31 दिसम्बर 2004 के बीच की गई। ऑडिट रिपोर्ट में पाया गया कि इंदिरा स्वास्थ्य मितानिन कार्यक्रम में 45.20 लाख रुपये, अंधत्व निवारण कार्यक्रम में 41.95 लाख रुपये, नसबंदी ऑपरेशन में 14.96 लाख रुपये का अधिक अथवा गलत भुगतान किया गया। इसी तरह स्वीकृत पद से अधिक स्टाफ रखकर 13.62 लाख रुपये का अधिक भुगतान करने की बात सामने आई। ऑडिट रिपोर्ट में कहा गया कि दो करोड़ 50 लाख रुपये का कोई हिसाब ही नहीं है जो रिप्रोडक्टिव चाइल्ड हेल्थ प्रोग्राम के लिए आबंटित किये गये। इस राशि को खर्च किया जाना बताया गया है लेकिन इसका अभिलेख और खर्च के वाउचर ही उपलब्ध नहीं कराये गये।

उस दौरान डॉ. मधुलिका सिंह सीएमएचओ के पद पर थी। इस ऑडिट रिपोर्ट को शासन को सौंपे जाने के बावजूद उन्हें संयुक्त संचालक पद का दोहरा दायित्व सौंप दिया गया और रिपोर्ट पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

आज सुनवाई के बाद डॉ. मधुलिका सिंह तथा अन्य दोषी लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश पुलिस अधीक्षक को हाईकोर्ट ने दिया है। वहीं याचिकाकर्ता को इस प्रकरण से सम्बन्धित दस्तावेज पुलिस को उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। राज्य शासन को भी इस मामले में विभागीय जांच, वसूली तथा अन्य कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। याचिकाकर्ता को यह छूट भी दी गई है कि वह चाहे तो इस मामले में अलग से आपराधिक प्रकरण दायर कर सकता है।

पुणे हावड़ा एक्सप्रेस से गिर कर किन्नर हुई घायल

बिलासपुर । आरपीएफकी कार्रवाई से डर कर चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश करते समय किन्नर फिसल कर ट्रेन के नीचे आ गया । हादसे में दायां पांव कट गया जिसे गम्भीर अवस्था मे उपचार के लिए सिम्स में दाखिल कराया गया । मिली जानकारी के अनुसार आज सीमा किन्नर तारबाहर रेलवे फाटक के पास पुणे हावड़ा एक्सप्रेस धीमी चल रही थी उतरने की कोशिश के दौरान पैर फिसल जाने से ट्रेन के पहियों में पर चला गया जिससे एड़ी के पास से कट गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुची जीआरपी ने उपचार के लिए सिम्स दाखिल कराया जिसकी हालत अभी सामान्य है ।

- **सिम्स में जीआरपी के जवानों ने दुपहिया वाहन से गिरना दर्ज कराया**

इस हादसे के बाद किन्नर अपनी टोली ने सिम्स अस्पताल के सामने जमकर हंगामा मचाया जिन्होंने आरपीएफसुरक्षा बल पर आरोप लगाया है कि हमारे द्वारा मांगी गई बख्शिस का आधा हिस्सा देने की मांग करते हैं नही देने पर कार्रवाई कर कोर्ट में पेश किया जाता है उन्ही के प्रताड़ना से परेशान होकर रेलवे आउटडोर में जान जोखिम में डाल कर उतरना पड़ता है । गौरतलब है कि किन्नर ट्रेनों में यात्रियों से बख्शी मांग कर अपनी जीविका का चलाते है हालांकि संविधान में उन्हें तीसरे लिंग में शामिल किया गया है परंतु समाज आज भी उन्हें अलग नज़रिये से देखता है । जीआरपी द्वारा किन्नर को सिम्स के सर्जरी वार्ड में दाखिल कराया किन्तु सिम्स चौकी बेचने वाले मेमू पत्र में दुपहिया वाहन के पहिए में पैर फंसकर कट जाना दर्ज कराया है ।

जिला सहकारी संघ मर्यादित अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
न्यू नगर पालिका काम्प्लेक्स, इमलीपारा, अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
66वां अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह समारोह 2010

एक सबका — सबका एक

आदरणीय महोदय,

66वां अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के अंतर्गत जिला सहकारी संघ मर्यादित अम्बिकापुर, सूरजपुर, बलरामपुर एवं कोरिया जिले के समस्त सहकारी संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 14 नवम्बर 2019 से 20 नवम्बर 2019 तक आयोजित पृष्ठांकित मुख्य विषय – नये भारत में सहकारिता की भूमिका विभिन्न दिवसों हेतु कार्यक्रम विवरण में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।

66वां अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह समारोह 2019
मुख्य विषय: "नये भारत में सहकारिता की भूमिका"

क्र.	दिनांक	दिन	समय	विषय	स्थान
1	14/11/2019	गुरूवार	11am	ग्रामीण सहकारिता के माध्यम से नवाचार	जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. अबिकापुर सरगुजा
2	15/11/2019	शुक्रवार	2 pm	सहकारिता के लिए विधान को सक्षम करना	आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. उदयपुर
3	16/11/2019	शनिवार	2 pm	सफलता की कहानियों के माध्यम से प्रशिक्षण और शिक्षा को फिर से उन्मुख करना	आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. नर्मदापुर (मैनपाट)
4	17/11/2019	रविवार	2 pm	सहकारिता के बीच सहयोग को मजबूत करना	आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. दरिमा
5	18/11/2019	सोमवार	2 pm	सहकारिता के माध्यम से सरकार की नई पहल	जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. बैकुण्ठपुर जिला- कोरिया
6	19/11/2019	मंगलवार	2 pm	युवाओं, महिलाओं और कमजोर वर्गों के लिए सहकारिता	आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. राजपुर जिला- बलरामपुर
7	20/11/2019	बुधवार	2 pm	सहकारिता के माध्यम से वितीय समावेशन प्रौद्योगिकी को अपनाना और डिजिटलीकरण	चिकलाडीह धान संग्रहण केंद्र में होगा

विनीत
(वी.पी. गुप्ता)
प्रबंधक
जिला सहकारी संघ मर्या. अम्बिकापुर

पी.के. शान्डिल्य
सह प्रबंधक
जिला सहकारी संघ मर्या. अम्बिकापुर

विनीत
(आर.एन. पैकरा)
प्राधिकृत अधिकारी
उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं
जिला सहकारी संघ मर्या. अम्बिकापुर